वर्ष- 13 अंक - 304
लखनऊ, सोमवार 6 जुलाई, 2026
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार



samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com

किशोरी की आत्महत्या के मामले में पांच पर मुकदमा दर्ज 10

अब राजनीति में सफल होने के लिए पढ़ा-लिखा होना जरूरी : महाना 03

# 2027 में उ.प्र. में फिर से खिलेगा कमल : नितिन

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।



**कारसेवकों पर गोलियां चलवाने वाले आस्था की बात करने लायक नहीं : राष्ट्रीय अध्यक्ष**

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने रविवार को राष्ट्र प्रेरणा स्थल पर शक्ति केन्द्र संयोजकों के सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि 2027 में उत्तर प्रदेश में फिर से कमल खिलेगा। आज मैं यहां चारों तरफ जो जोश और उत्साह देख रहा हूं, ये इस बात का परिचायक है कि 2027 में भाजपा का एक-एक कार्यकर्ता यहां कमल खिलाने को तैयार बैठा है। शक्ति केंद्रों के हमारे संयोजकों की ताकत ये साफ-साफ बता रही है। विपक्ष कितनी भी ताकत लगा ले, भाजपा का कार्यकर्ता उसे धूल चटाने का काम करेगा। इस बार साइकिल कबाड़ में जाने वाली है। इस बार साइकिल की मरम्मत भी नहीं हो पाएगी।

अयोध्या के राम मंदिर प्रकरण पर नितिन नवीन ने कहा कि वह लोग जिन्होंने प्रभु राम के अस्तित्व पर सवाल उठाया था। उच्चतम न्यायालय में हलफनामा दायर किया था। श्रीराम सेतु पर सवाल उठाया था। वही लोग हैं जिन्होंने कारसेवकों पर गोली चलवायी थी। आज वही लोग आस्था की बात करते हैं। भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि हमारा खून भी बह जायेगा लेकिन राम की आस्था के साथ कोई खेल ही नहीं सकता। इसके लिए जितनी कुर्बानी देनी होगी देंगे। उन्होंने कहा भाजपा, संघ व विहिप के लोगों ने जितना संघर्ष किया। वह आज कहीं न कहीं राम मंदिर के रूप में सामने दिखता है।

हिन्दू विरोधी ताकतें जिन्होंने हमारी आस्था का अपमान किया हो आज अगर राजनीतिक रोटी सेंकना चाहते हैं तो आज मैं राहुल गांधी, अखिलेश यादव और केजरीवाल से कहना चाहता हूं कि हिंदू धर्म को इतना कमजोर मत समझिएगा कि लोग आपके झांसे में आ जाएंगे। क्योंकि जब आपके लोग हिंदू देवी-देवताओं का अपमान करते हैं, तो आप लोग मौन रहते हैं। सनातन का अपमान यूपी और देश की जनता कभी बर्दाश्त नहीं करेगी। हमने विरासत को संजोया है, इसके लिए हमारे पुरखों ने कुर्बानियां तक दी हैं।

आज आस्था के नाम पर घड़ियाली आंसू बहाने वाले लोग कभी आस्था की बात कर ही नहीं सकते। क्योंकि आज भाजपा के शासनकाल में अयोध्या में राम मंदिर निर्माण से लेकर काशी विश्वानाथ मंदिर तक विरासत की नई तस्वीर बनी है। 2017 से पहले उत्तर प्रदेश की चर्चा करते हुए नितिन नवीन ने कहा कि यूपी में छत्रपों का राज रहता था। हर जिले का अपना गुंडा व माफिया होता था। बिचौलियों का राज चलता था।

भाजपा सरकार ने माफिया व गुण्डाराज समाप्त किया। भाजपा का नेतृत्व जिस प्रकार पिछले नौ वर्षों में नये-नये विकास के आयाम को जोड़ने का काम किया। राज्य की नई तस्वीर देश दुनिया में जा रही है। जिस उत्तर प्रदेश ने केवल भ्रष्टाचार देखा हो, तुष्टिकरण और परिवारवाद की राजनीति देखी हो, आज भाजपा की डबल इंजन की सरकार ने उस भ्रष्टाचार, तुष्टिकरण और माफियाराज को पूरी तरह समाप्त कर दिया है। यूपी को बदहाली तुष्टीकरण व अराजकता से निकालने का काम भाजपा ने किया।

## लैंड जेहाद-लव जेहाद करने वालों को आस्था की नहीं वोटबैंक की चिंता : योगी आदित्यनाथ



सीएम योगी आदित्यनाथ ने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व राज्यसभा सांसद नितिन नवीन की मौजूदगी में रविवार को राष्ट्र प्रेरणा स्थल पर अवध क्षेत्र के शक्ति केंद्र संयोजक सम्मेलन को संबोधित किया। मुख्यमंत्री योगी ने विपक्षी दलों पर भी निशाना साधते हुए कहा कि लैंड जेहाद-लव जेहाद व थूक जेहाद का समर्थन करने वालों को आस्था की नहीं, बल्कि वोटबैंक की चिंता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह वे लोग हैं, जिनकी अपनी विचारधारा नहीं है। भाजपा का विरोध करते-करते भारत का विरोध करना उनके दैनिक दिनचर्या का हिस्सा है। उनकी आस्था तब आहत नहीं होती है, जब वे बाबरी ढांचे का समर्थन करते हैं। भारत की आस्था को आहत करने के लिए यह लोग प्रहार करने से भी नहीं चूकते।





मेरे सम्मानित प्रदेशवासियों,

खेल का मैदान गौरवान्वित कर रहा है। **65वीं राष्ट्रीय अंतरराज्यीय सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में उत्तर प्रदेश की पुरुष टीम 20 पदक जीतकर पहली बार चैंपियन बनी। इससे ठीक पहले जापान में पुरुष अंडर-18 हॉकी एशिया कप का स्वर्ण जीतने वाली भारतीय टीम में यूपी के पांच खिलाड़ियों का योगदान भी प्रदेश के लिए गर्व का विषय रहा।** खेलने वाला ही खिलता है।

उत्तर प्रदेश की धरती की पहचान अब दीप्ति शर्मा (क्रिकेटर), प्रवीण कुमार (पैरालंपिक ऊंची कूद), अन्नू रानी (भाला फेंक) जैसे बेटे-बेटियों से भी है। दृष्टिबाधित धाविका सिमरन शर्मा की प्रतिभा को पहचान कर लखनऊ में ट्रेनिंग दी गई, तो वह देश के लिए दौड़ने लगीं। ग्रैंडमास्टर वंतिका अग्रवाल देश के लिए शतरंज की बिसात बिछाती हैं।


**चैंपियन एक दिन में नहीं बनते और खेल संस्कृति भी रातोंरात नहीं बनती।** प्रदेश में खिलाड़ियों के कौशल उन्नयन, प्रशिक्षण और सुविधाओं में बढ़ोतरी के साथ ही खेल नीतियां भी बदली गईं। **विभिन्न स्पर्धाएं अब यूपी के युवाओं के लिए केवल खेल नहीं, अपितु ओलंपिक जैसे मंचों तक पहुंचने का माध्यम हैं।** प्रदेश सरकार उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों के सम्मान एवं सुरक्षित भविष्य के लिए सरकारी नौकरी प्रदान कर रही है।

**आज प्रत्येक ग्राम पंचायत में खेल मैदान, ब्लॉक में मिनी स्टेडियम तथा प्रत्येक जनपद में आधुनिक स्टेडियम विकसित किए जा रहे हैं।** मेरठ में मेजर ध्यानचंद खेल विश्वविद्यालय तैयार है। प्रत्येक मंडल में स्पोर्ट्स कॉलेज एवं एक्सीलेंस सेंटर स्थापित किए जाएंगे, जहां खिलाड़ियों को विश्वस्तरीय प्रशिक्षण, आधुनिक सुविधाएं एवं विशेषज्ञों का मार्गदर्शन मिलेगा।

मैं **अभिभावकों** से विशेष आग्रह करना चाहूंगा कि बच्चों की खेल प्रतिभा को कभी दबाएं नहीं। **खेल केवल पदक नहीं दिलाता, अपितु नशे जैसी बुराइयों से बच्चों और युवाओं को दूर रखने के लिए सबसे सशक्त ढाल बनता है।** स्वास्थ्य, सहयोग, सहभागिता, सम्मान, संघर्ष, समर्पण, अनुशासन, सकारात्मकता, समरसता एवं सफलता, इन सभी का मेल ही तो खेल है।

**बच्चे एवं युवा खेलों को दिनचर्या का अभिन्न अंग बनाएं। युवाओं के लिए खेल आज करिअर में सपनों को साकार करने का माध्यम भी है।** खेल भावना सबको साथ लेकर चलने की क्षमता तथा अगली बार और बेहतर प्रदर्शन करने का संकल्प विकसित करती है। **यही जीवन में सफलता का आधार बनती है तथा विकसित प्रदेश के निर्माण का मार्ग प्रशस्त करती है।**

आपका
योगी आदित्यनाथ



खेलोगे तो खिलोगे

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश
UPGovtOfficial CMOUttarpradesh CMOfficeUP


**-: सर्राफा बाजार :-**

| | | |
|---|---|---|
| गोल्ड | 24 कैरेट | = 1,46,880/10 ग्राम |
| | 22 कैरेट | = 1,34,650/10 ग्राम |
| | 18 कैरेट | = 1,10,200/10 ग्राम |
| चांदी | | = 2,50,000/किग्रा |



## संक्षिप्त समाचार

### 'नवाचार मंत्र' के लिए पंजीकरण की अंतिम तिथि 15 जुलाई तक बढ़ी

**नई दिल्ली।** कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय (एमएसडीई) ने देशभर के नवप्रवर्तकों की अपार रुचि को देखते हुए अपने प्रमुख राष्ट्रीय नवाचार मंच 'नवाचार मंत्र' के लिए पंजीकरण की अंतिम तिथि 15 जुलाई तक बढ़ा दी है। इससे अधिक इच्छुक उद्यमियों को आशाजनक विचारों को सफल उद्यमों में बदलने का अवसर मिलेगा। मंत्रालय के अनुसार 'नवाचार मंत्र' के आधिकारिक पंजीकरण पोर्टल के माध्यम से अब तक हजारों इच्छुक उद्यमियों और नवप्रवर्तकों के पंजीकरण प्राप्त हो चुके हैं। विस्तारित पंजीकरण अवधि से और भी अधिक पंजीकरण होने और पूरे भारत से कई और नवोन्मेषी विचारों के सामने आने की उम्मीद है। मंत्रालय का कहना है कि इस पहल का उद्देश्य संरचित परामर्श, विशेषज्ञ मार्गदर्शन, उद्योग से संपर्क और बाजार तक पहुंच के माध्यम से उच्च क्षमता वाले उद्यमशीलता विचारों की पहचान करना, उनका पोषण करना और उन्हें गति प्रदान करना है।

### भ्रूण लिंग जांच करने वाले गिरोह का पर्दाफाश, चार गिरफ्तार

**गाजियाबाद।** उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद जिले में चलती कार के अंदर पोर्टेबल मशीन से अवैध भ्रूण लिंग जांच का खुलासा होने के बाद स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली पर भी गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। शहर में खुलेआम कार के अंदर लिंग जांच का नेटवर्क संचालित किया जा रहा था। इस घटना ने स्वास्थ्य विभाग पर बड़ा सवाल खड़ा कर दिया है। मुखबिर की सूचना पर शनिवार देर रात स्वास्थ्य विभाग ने कार्रवाई करते हुए कार संख्या यूपी 14 एफएल 9355 को कोतवाली थाना क्षेत्र में रोककर अवैध भ्रूण लिंग जांच का भंडाफोड़ किया। कार में पोर्टेबल अल्ट्रासाउंड मशीन के जरिए भ्रूण का लिंग बताए जाने का आरोप है। मौके से संदीप, सलमान, शाहिद और तस्लीम को हिरासत में लिया गया है।

### लॉरेंस बिश्नोई गिरोह के दो शूटर मुठभेड़ में ढेर

**नई दिल्ली/ बहादुरगढ़।** लॉरेंस बिश्नोई-हरिराम उर्फ हैरी बॉक्सर-अनिल पंडित गिरोह के दो इनामी शूटर रविवार सुबह यहां पुलिस मुठभेड़ में मारे गए। इनकी पहचान प्रवेश और हिमांशु के रूप में हुई है। दोनों हांसी में जिम संचालक कपिल की हत्या में शामिल थे। दोनों पर हरियाणा पुलिस ने एक-एक लाख रुपये का इनाम घोषित किया था। मुठभेड़ के दौरान स्पेशल सेल का एक सिपाही भी गोली लगने से घायल हो गया। उसका इलाज चल रहा है।

# राम मंदिर दान चोरी : सीसीटीवी फुटेज रिकवर जेब व जुराब में छुपाते दिखे नोटों की गड्डियां

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।



अयोध्या में राम मंदिर दान चोरी मामले की जांच तेजी से जारी है। अयोध्या में दो दिन तक डेरा डाले रहे एसआईटी के हाथ चढ़ावा चोरी के गायब रिकार्ड लगे हैं। विशेष सॉफ्टवेयर की मदद से डिलीट किए गए सीसीटीवी फुटेज रिकवर हो गए हैं जिनमें चढ़ावा चोरों की करतूत कैद हैं। सूत्रों के मुताबिक रिकवर फुटेज में कोई जेब में तो कोई जुराब में नोटों की गड्डियां छिपाता दिखा।

फुटेज में चेहरे साफ नहीं दिखे तो उसके भी इंतजाम किए जा रहे हैं। हाईजूम रिज्युल्यूशन पर आरोपियों के चेहरे पहचानने की कोशिश की जा रही है। पहले ही पता चल चुका है कि चढ़ावे की रकम ठिकाने के लिए सीसीटीवी कैमरे के सामने इस तरह खड़े होते थे कि किसी का चेहरा साफ न आए। पहले मिले सीसीटीवी फुटेज में ब्लाइंड स्पॉट देखे गए हैं।

डिलीट फुटेज रिकवर कराने की योजना तैयार की गई। विशेष सॉफ्टवेयर की मदद से कुछ फुटेज रिकवर किए गए हैं। इसके जरिए साफ हो जाएगा कि चढ़ावा चोरी का असली किरदार कौन था। कहां-कहां सुरक्षा कमियां थी। सुनियोजित साजिश या फिर सिर्फ चोरी ही थी। सवालों के जवाब एसआईटी खंगालने की कोशिश कर रही है। पता चला है कि सीसीटीवी फुटेज की निगरानी करने वाले एक जिम्मेदार सदस्य को तलब कर जवाब सवाल किए। राम मंदिर में चढ़ावा चोरी प्रकरण की जांच के लिए गठित एसआईटी के लपेटे में निर्माण एजेंसियां भी आ गई हैं।

एसआईटी के अफसरों ने जांच पड़ताल के दूसरे दिन राम मंदिर निर्माण एजेंसी एलएण्डटी और पर्यवेक्षण एजेंसियों के अभियंताओं को तलब कर पूछताछ की।

टीईसी की ओर से अभियंता जगदीश आफले और गिरीश सहस्त्र भोजनी के अलावा एलएण्डटी के भी इंजीनियर पेश हुए और उन्होंने अधिकारियों के सवालों के जवाब दिए। जांच अधिकारियों ने इन सभी सवाल-जवाब के साथ निर्माण के अभिलेखों को भी तलब किया। निर्माण अभिलेखों की पड़ताल की है।

## बद्रीनाथ धाम में चढ़ावे व दान के प्रबंधन पर लगे आरोपों की जांच करेगी समिति

देहरादून बद्रीनाथ धाम में श्रद्धालुओं के चढ़ावे और दान के प्रबंधन में अनियमितताओं के आरोपों की जांच के लिए बद्रीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति ने चार सदस्यीय समिति गठित की है। उन्होंने बताया कि समिति ने सोशल मीडिया पर वायरल आरोपों का संज्ञान लिया है। बीकेटीसी के मुख्य कार्याधिकारी सोहन सिंह रांगड़ ने रविवार को बताया कि समिति के अध्यक्ष हेमंत द्विवेदी ने आरोपों की निष्पक्ष जांच के लिए समिति का गठन किया है और उसे सभी उपलब्ध साक्ष्यों का परीक्षण कर एक सप्ताह में अपनी रिपोर्ट देने को कहा गया है।

## आयतुल्ला अली खामेनेई की नमाज-ए-जनाजा अदा, लाखों लोगों ने दी अंतिम विदाई



**एजेंसी, तेहरान।** ईरान के दिवंगत सर्वोच्च नेता आयतुल्ला अली खामेनेई की नमाज-ए-जनाजा रविवार को राजधानी तेहरान स्थित इमाम खुमैनी मुसल्ला मस्जिद में अदा की गयी। इस दौरान लाखों लोग उनके जनाजे में शामिल हुए। जनाजे में शामिल होने के लिए बड़ी संख्या में लोग सुबह से ही मस्जिद परिसर पहुंचने लगे थे। अनेक लोग ईरानी राष्ट्रीय ध्वज लेकर समारोह में शामिल हुए। नमाज-ए-जनाजा का नेतृत्व आयतुल्ला जाफर सुबहानी ने किया। समारोह में ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियान, वरिष्ठ सैन्य एवं राजनीतिक अधिकारी तथा प्रमुख धार्मिक नेता भी मौजूद रहे। आयतुल्ला खामेनेई की 28 फरवरी से शुरू हुए अमेरिका-इजरायल के हमलों में मृत्यु हो गयी थी, जिसके बाद ईरान ने जवाबी कार्रवाई की थी।

## इसरो ने सॉल्व रॉकेट का किया सफल परीक्षण

**गगनयान मिशन की तैयारी में बड़ी उपलब्धि**

चेन्नई, समृद्धि न्यूज।



भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने अपने पहले मानव अंतरिक्ष मिशन गगनयान की दिशा में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए सॉल्व (सब-ऑर्बिटल लॉन्च व्हीकल फॉर एक्सपेरिमेंट्स) के ठोस ईंधन (सॉलिड मोटर) वाले रॉकेट का पहला सफल परीक्षण किया है। इस परीक्षण का उद्देश्य गगनयान के क्रू मॉड्यूल की सुरक्षित वापसी की जांच करना है।

इसरो ने बताया कि यह परीक्षण तीन जुलाई को सुबह 10 बजे श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र के स्टैटिक टेस्ट फैसिलिटी में किया गया। परीक्षण के दौरान मोटर का प्रदर्शन निर्धारित मानकों के अनुरूप रहा। इसरो ने बताया कि सॉल्व एक विशेष परीक्षण रॉकेट है, जिसे गगनयान मिशन से पहले अलग-अलग परिस्थितियों में क्रू मॉड्यूल की सुरक्षा प्रणाली की जांच के लिए विकसित किया गया है। इन परीक्षणों के दौरान क्रू मॉड्यूल को लगभग 10 से 17 किलोमीटर की ऊंचाई तक ले जाया जाएगा। इसके बाद इसे रॉकेट से अलग किया जाएगा और उसकी सुरक्षित लैंडिंग के लिए क्रमवार 10 पैराशूट खोले जाएंगे, जिससे उसकी गति कम होकर वह सुरक्षित रूप से समुद्र में उतरे।

## शिवराज सिंह ने वीबी-जी राम जी योजना के तहत राज्यों को 25,863 करोड़ रुपये की पहली किस्त की जारी



**एजेंसी, नई दिल्ली।** केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने रविवार को विकसित भारत :गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन (ग्रामीण) (वीबी :जी राम जी) योजना के सुचारु संचालन के लिए सभी राज्यों को 25,863 करोड़ रुपये की पहली किस्त जारी की। मंत्री ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के ग्रामीण विकास मंत्रियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए इस योजना के क्रियान्वयन की समीक्षा की। इसका मुख्य उद्देश्य यह है कि श्रमिकों को 15 दिनों के भीतर उनकी मजदूरी का भुगतान सुनिश्चित किया जा सके।

# पद्म विभूषण डॉ. तीजन बाई का निधन

एजेंसी, रायपुर।



**लोककला जगत ने खोया अमूल्य नक्षत्र**

देश की प्रसिद्ध पंडवानी गायिका पद्म विभूषण डॉ. तीजन बाई का रविवार तड़के रायपुर के एम्स अस्पताल में निधन हो गया। वह 72 वर्ष की थीं और लंबे समय से अस्वस्थ चल रही थीं। उन्होंने रविवार सुबह लगभग 3:15 बजे अंतिम सांस ली।

प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने एम्स अस्पताल पहुंचकर उनके पार्थिव शरीर के अंतिम दर्शन कर आज सुबह श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस अवसर पर मंत्रिमंडल के कई सदस्य भी उपस्थित रहे। सभी ने दिवंगत लोककलाकार को श्रद्धांजलि देने के साथ उनके परिजनों से भेंट कर शोक संवेदना व्यक्त की।

गौरतलब है कि डॉ. तीजन बाई ने पंडवानी गायन की परंपरा को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाते हुए छत्तीसगढ़ की लोकसंस्कृति को वैश्विक पहचान दिलाई। महाभारत की कथाओं को अपनी सशक्त वाणी, प्रभावशाली अभिनय और विशिष्ट प्रस्तुति शैली के माध्यम से उन्होंने जीवंत बनाया। उनकी प्रस्तुतियों ने भारत के अलावा एशिया, यूरोप, अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया सहित अनेक देशों के दर्शकों को प्रभावित किया तथा छत्तीसगढ़ की लोककला को अंतरराष्ट्रीय मंच पर प्रतिष्ठा दिलाई।

भारतीय लोककला में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए भारत सरकार ने उन्हें वर्ष 1988 में पद्मश्री, 2003 में पद्म भूषण तथा 2019 में पद्म विभूषण से सम्मानित किया। इसके अतिरिक्त उन्हें संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार, नृत्य शिरोमणि, कला शिरोमणि सहित अनेक राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय सम्मान प्राप्त हुए। विभिन्न विश्वविद्यालयों ने उन्हें मानद डी.लिट. (डॉक्टरेट) की उपाधि से भी अलंकृत किया था।

## शादी के बंधन में बंधे आमिर खान और गौरी स्प्रैट



**एजेंसी, मुंबई।** बॉलीवुड के मिस्टर परफेक्शनिस्ट आमिर खान ने अपनी गर्लफ्रेंड गौरी स्प्रैट के साथ शादी रचा ली है। 5 जुलाई को मुंबई के पाली हिल स्थित अपने आवास पर दोनों ने बेहद निजी माहौल में स्पेशल मैरिज एक्ट के तहत कोर्ट मैरिज की। मूसलाधार बारिश के बीच आयोजित इस समारोह में केवल परिवार के सदस्य और करीबी दोस्त शामिल हुए। शादी के बाद दोनों परिवारों ने इस खास मौके का सादगी के साथ जश्न मनाया।

# इंस्टाग्राम पर बच्चों के यौन शोषण से जुड़े विज्ञापनों पर केंद्र सख्त, मेटा को सात दिन में जवाब देने का नोटिस

एजेंसी, नई दिल्ली।



केंद्र सरकार ने इंस्टाग्राम पर कथित तौर पर बच्चों के यौन शोषण और दुर्व्यवहार से जुड़ी आपत्तिजनक सामग्री एवं पेड विज्ञापनों के मामले में मेटा को कड़े शब्दों में नोटिस जारी किया है। सूत्रों के अनुसार, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने कंपनी को ऐसे सभी विज्ञापन और सामग्री तत्काल हटाने के निर्देश दिए हैं, जो बच्चों के यौन शोषण को बढ़ावा देते हों या ऐसी सामग्री तक पहुंच आसान बनाते हों।

सरकारी सूत्रों के मुताबिक, मंत्रालय ने मेटा से इस मामले में सात दिनों के भीतर विस्तृत जवाब मांगा है। नोटिस में पूछा गया है कि ऐसे विज्ञापनों को प्लेटफॉर्म पर कैसे मंजूरी मिली, आरोप सामने आने के बाद कंपनी ने क्या कार्रवाई की और भविष्य में ऐसी घटनाओं की रोकथाम के लिए कौन-से अतिरिक्त सुरक्षा उपाय लागू किए जाएंगे। यह कार्रवाई केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव के उस निर्देश के बाद की गई है, जिसमें उन्होंने मंत्रालय के अधिकारियों को मेटा के प्रतिनिधियों को तलब करने और पूरे मामले की समीक्षा करने को कहा था। मामला उस रिपोर्ट के बाद चर्चा में आया, जिसमें आरोप लगाया गया कि इंस्टाग्राम का रिकमेंडेशन एल्गोरिदम बच्चों के यौन शोषण से जुड़ी सामग्री वाले कुछ वीडियो और विज्ञापनों को बढ़ावा दे रहा था।

रिपोर्ट में यह भी दावा किया गया कि कुछ पेड विज्ञापनों के जरिए उपयोगकर्ताओं को बाहरी प्लेटफॉर्म की ओर भेजा जा रहा था, जहां कथित रूप से अवैध सामग्री उपलब्ध कराई जा रही थी। सरकारी सूत्रों का कहना है कि यदि आरोप पेड विज्ञापनों से जुड़े पाए जाते हैं, तो विज्ञापन से राजस्व अर्जित करने वाले मंच की जवाबदेही भी तय की जा सकती है। मंत्रालय तकनीकी और नियामकीय पहलुओं की समीक्षा करेगा, जबकि कानून के उल्लंघन की स्थिति में संबंधित एजेंसियां आवश्यक कानूनी कार्रवाई कर सकती हैं।

**स्पष्टता** — सरकार ने नकारात्मक दावों का किया खंडन कहा-

# एथेनॉल मिश्रित पेट्रोल भारत की ऊर्जा रणनीति का प्रमुख स्तंभ

**एजेंसी, नई दिल्ली।** केन्द्र सरकार का कहना है कि एथेनॉल मिश्रित पेट्रोल (ईबीपी) कार्यक्रम भारत की ऊर्जा रणनीति का प्रमुख स्तंभ है। इसकी प्रगति वैज्ञानिक मूल्यांकन, चरणबद्ध कार्यान्वयन और सरकार, उद्योग और अनुसंधान संस्थानों के बीच सहयोग को दर्शाती है। उल्लेखनीय है कि सोशल मीडिया पर लगातार एथेनॉल मिश्रित पेट्रोल को लेकर विभिन्न नकारात्मक दावे सामने आ रहे हैं। सरकार ने प्रश्नोत्तर के माध्यम से एथेनॉल से जुड़े दावों का खंडन और स्थिति स्पष्ट की है।

**दावा-** ई20 ईंधन से माइलेज 30 प्रतिशत तक कम हो जाता है। **स्थिति-** 30 प्रतिशत का आंकड़ा केवल पेट्रोल की तुलना में इथेनॉल के कम कैलोरी मान को दर्शाता है, न कि वास्तविक माइलेज में गिरावट को। माइलेज ईंधन के प्रकार की तुलना में ड्राइविंग की आदतोंए टायर के दबावए सर्विसिंग और एसी लोड पर कहीं अधिक निर्भर करता है।

**दावा-** ई20 इंजनों विशेषकर पुराने इंजनों को नुकसान पहुंचाता है। **स्थिति-** ई20 के लॉन्च के बाद से इससे संबंधित इंजन फेलियर का कोई व्यापक मामला सामने नहीं आया है। ई20 को एसआईएएमए एआरएआई और आईओसीएल द्वारा वाहन निर्माताओं के साथ व्यापक परीक्षण के बाद ही मंजूरी दी गई थी।

**दावा-** इथेनॉल उच्च-प्रदर्शन वाला ईंधन नहीं है और वाहन के प्रदर्शन को कम करता है। **स्थिति-** इथेनॉल एक उच्च-ऑक्टेन ईंधन है, जिसका शोधित ऑक्टेन नंबर लगभग 108.5 है, जबकि पेट्रोल का 84.4 है। ई20 भारतीय पेट्रोल की प्रभावी ऑक्टेन रेटिंग को लगभग 95 तक बढ़ा देता है, जिससे आधुनिक इंजनों में दहन बेहतर होता है। ई20 के लिए कैलिब्रेट किए गए वाहन बेहतर त्वरण, सुचारू प्रदर्शन और कम उत्सर्जन प्रदान कर सकते हैं।

**दावा-** बीमा कंपनियाँ ई20 से संबंधित नुकसान के दावों को अस्वीकार करती हैं। **स्थिति-** बीमाकर्ताओं और निर्माताओं ने स्पष्ट किया है भारत में ई20 का बीमा या वारंटी की वैधता पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता है। एसआईएएम ने स्पष्ट रूप से पुष्टि की है कि विनिर्देशों के अनुरूप ई20 पर चलने वाले वाहनों की वारंटी मान्य होगी।

**दावा-** इथेनॉल मिश्रित ईंधन सस्ता होना चाहिए लेकिन सरकार इसका लाभ उठा रही है। **स्थिति-** इस दावे के लिए उद्धृत नीति आयोग की रिपोर्ट 2020.21 की है, जब इथेनॉल वास्तव में पेट्रोल से सस्ता था। तब से इथेनॉल की खरीद लागत परिष्कृत पेट्रोल की लागत से अधिक हो गई है, फिर भी ऊर्जा सुरक्षा, पर्यावरण और कृषि आय में वृद्धि के कारण इसका उपयोग अनिवार्य बना हुआ है।

**दावा-** सरकार ने सर्वोच्च न्यायालय को बताया कि ई20 केवल एक प्रयोग है। **स्थिति-** यह मामला इथेनॉल खरीद अनुबंधों से संबंधित था। ई20 के गुणों से नहीं। अटॉर्नी जनरल के कार्यालय ने 30.06.2026 को स्पष्ट किया कि प्रयोग का दावा गलत है।

**दावा-** गन्ने का रस सचमुच पेट्रोल में मिलाया जाता है। **स्थिति-** पेट्रोल में कच्चे रस को मिलाते हुए वायरल वीडियो भ्रामक हैं। इथेनॉल किण्वन और औद्योगिक प्रक्रियाओं द्वारा उत्पादित होता है, जिससे इसके गुण पूरी तरह बदल जाते हैं और मिश्रण से पहले इसे ईंधन की गुणवत्ता के सख्त मानकों को पूरा करना आवश्यक है।

**दावा-** 1 लीटर इथेनॉल के उत्पादन में 10,000 लीटर पानी की खपत होती है। **स्थिति-** एक इथेनॉल संयंत्र प्रति लीटर इथेनॉल के लिए केवल 3.5 लीटर संसाधित पानी का उपयोग करता है। आधुनिक डिस्टिलरी शून्य तरल निर्वहन प्रणाली (जीरो लिक्विड डिस्चार्ज) का उपयोग करती हैं। धान की खेती के संपूर्ण कृषि जल पदचिह्न को इथेनॉल उत्पादन से जोड़ना गलत है। केवल अतिरिक्त चावल, जिसे राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा आवश्यकताओं को पूरा करने के बाद डीएफपीडी द्वारा निर्धारित और अनुमति दी जाती है, को ही इथेनॉल उत्पादन के लिए उपयोग में लाया जाता है।

# सरयू नहर में महिला को खींच ले गया मगरमच्छ, मौत

- मगरमच्छ के जबड़े में शव देखा तो पत्थर मारकर लोगों ने छुड़ाया
- शादी समारोह से लौट रही थी महिला



**बहराइच समृद्धि न्यूज।**

जिले में 55 साल की महिला को मगरमच्छ ने निवाला बना लिया। घटना का पता करीब 15 घंटे बाद रविवार सुबह 9 बजे चला, जब गांव वालों ने सरयू नदी में मगरमच्छ के जबड़ों में महिला का शव फंसा देखा।

यह दृश्य देखते ही ग्रामीणों ने मगरमच्छ पर पत्थर फेंकने शुरू कर दिए और शोर मचाया। इससे मगरमच्छ शव छोड़कर नदी में चला गया। इसके बाद गांव के कुछ लोग जान जोखिम में डालकर पानी में उतरे और शव को बाहर निकाला। तब तक मगरमच्छ महिला के दोनों पैर खा चुका था। उसके चेहरे और शरीर के अन्य हिस्सों पर भी दांतों के गहरे निशान थे। महिला शनिवार शाम करीब 6 बजे अपने घर से पैदल एक रिश्तेदार के यहां शादी समारोह में शामिल होने निकली थी। इसके बाद वह घर नहीं लौटी। करीब 15 घंटे बाद, रविवार सुबह 9 बजे उसका शव घर से लगभग 3 किलोमीटर दूर सरयू नदी में मिला। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामले की जांच की जा रही है। घटना जिला मुख्यालय से करीब 110 किलोमीटर दूर मोहकमपुरवा थाना क्षेत्र की है।

मोहकमपुरवा थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत चफरिया की रहने वाली केतकी (55) पत्नी रमेश, शनिवार शाम करीब 6 बजे घर से निकली थीं। उन्हें पड़ोसी गांव हजारीपुरवा में अपनी बहन की बेटी की शादी में शामिल होना था।

हजारीपुरवा उनके गांव से करीब 600 मीटर दूर है। शादी का कार्यक्रम उनके रिश्तेदार विजय प्रकाश के घर था। रात में शादी का कार्यक्रम खत्म होने के बाद केतकी घर के लिए निकल गईं। लेकिन, देर रात तक घर नहीं पहुंचीं। सुबह तक भी उनका कोई पता नहीं चला। घरवालों ने आसपास के इलाके में तलाश शुरू की, लेकिन उनका कोई सुराग नहीं मिला। मोहकमपुरवा थानाध्यक्ष प्रकाश चंद्र शर्मा ने बताया महिला की मौत मगरमच्छ के हमले में हुई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। उन्होंने लोगों से अपील की कि सरयू नदी और मगरमच्छ वाले इलाकों के आसपास बिना जरूरत न जाएं।

### केतकी पुल से होकर नहर पार कर रही थी महिला

परिजनों के मुताबिक, शादी समारोह से लौटते समय केतकी पुल से होकर नहर पार कर रही थी। इसी दौरान मगरमच्छ ने उन पर हमला कर दिया। महिला का अभी अंतिम संस्कार नहीं हुआ है। शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। रिपोर्ट आने के बाद परिजन अंतिम संस्कार करेंगे। गांव वालों का कहना है कि बारिश के मौसम में सरयू नहर और कतर्नियाघाट के आसपास मगरमच्छ अक्सर दिखाई देते हैं। पहले भी ऐसे कई मामले हो चुके हैं। इसी वजह से लोग अब नहर के पास जाने से डर रहे हैं।

### घर से तीन किमी दूर मगरमच्छ के जबड़े में मिला महिला का शव

रविवार सुबह करीब 9 बजे रमपुरवा गांव के पास सरयू नदी के 10 नंबर पुल से करीब 600 मीटर दूर गांव वालों ने एक मगरमच्छ को महिला का शव जबड़े में दबाए देखा। यह जगह केतकी के घर से करीब 3 किलोमीटर दूर है। यह देखकर बड़ी संख्या में आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए। लोगों ने शोर मचाया और मगरमच्छ पर पत्थर फेंके। इससे मगरमच्छ शव छोड़कर पानी में चला गया। इसके बाद ग्राम प्रधान प्रतिनिधि विनोद वर्मा और अन्य ग्रामीण जान जोखिम में डालकर नदी में उतरे। उन्होंने महिला के शव को बाहर निकाला।

### चार बेटों के सिर से उठा मां का साया

केतकी के परिवार में पति रमेश और चार बेटे हैं। उनके सबसे बड़े बेटे तीरथ (35), गया प्रसाद (28), भारत (22) और सबसे छोटे बेटे सोनेलाल (20) हैं। तीन बेटों की शादी हो चुकी है। चारों बेटे मजदूरी करने के लिए बाहर रहते हैं। मां की मौत की खबर मिलते ही सभी घर पहुंच गए। घर में चीख-पुकार मच गई। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। गांव में भी मातम पसरा है।

### पुलिस ने हादसे की जांच की शुरू

गांव वालों के मुताबिक, तब तक मगरमच्छ महिला का एक पैर पूरी तरह खा चुका था। उसके चेहरे और शरीर के कई हिस्सों पर दांतों के गहरे निशान थे। घटना की सूचना पर मोहकमपुरवा थानाध्यक्ष प्रकाश चंद्र शर्मा पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। अब पुलिस यह पता लगा रही है कि महिला सरयू नहर तक कैसे पहुंची और किन परिस्थितियों में वह मगरमच्छ का शिकार बनी।

## रोडवेज बस व ट्रैक्टर-ट्रॉली की टक्कर में ट्रैक्टर चालक की मौत, 11 यात्री जख्मी

- डीएम-एसपी पहुंचे घटनास्थल, राहत बचाव कार्य का लिया जायजा



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

जनपद में रविवार तड़के करीब 5 बजे गोंडा से बहराइच आ रही वाराणसी कैंट डिपो की रोडवेज बस (संख्या UP78HT4651) चिलवरिया के पास आगे चल रही सीमेंट से लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली से टकरा गई। टक्कर इतनी तेज थी कि ट्रैक्टर-ट्रॉली पलट गई और बस में सवार यात्रियों में अफरातफरी मच गई। हादसे में रोडवेज बस में सवार 11 यात्री घायल हो गए।

सभी घायलों को तत्काल जिला अस्पताल भेजा गया, जहां 6 लोगों को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई, जबकि 5 घायलों का इलाज जारी है। इनमें एक महिला की हालत गंभीर बताई जा रही है, जिसका समुचित उपचार कराया जा रहा है। वहीं हादसे में गंभीर रूप से घायल ट्रैक्टर-ट्रॉली चालक को भी अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

घटना की सूचना मिलते ही जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी एवं पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव मौके पर पहुंचे और राहत एवं बचाव कार्य का जायजा लिया।अधिकारियों ने घायलों के बेहतर उपचार के निर्देश दिए। पुलिस के अनुसार मौके पर स्थिति पूरी तरह सामान्य है तथा शांति व्यवस्था कायम है।

## खबरें एक नजर में

### सरयू नदी में अज्ञात युवक का शव मिलने से हड़कंप शिनाख्त के लिए पुलिस ने की अपील

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली कर्नलगंज क्षेत्र के ग्राम कटरा पुल कचनापुर के पास शनिवार सुबह सरयू नदी में एक अज्ञात युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस के अनुसार मृतक की उम्र लगभग 22-25 वर्ष, लंबाई करीब 5.6 फीट, रंग सांवला, कद-काठी मजबूत तथा बाल छोटे हैं। युवक ने स्कॉट ब्रांड का अंडरवियर पहन रखा था। शव की शिनाख्त न होने पर उसे 72 घंटे के लिए गोंडा मोर्चरी में सुरक्षित रखा गया है। पुलिस ने आमजन से अपील की है कि यदि कोई व्यक्ति मृतक की पहचान के संबंध में जानकारी रखता हो तो तत्काल कर्नलगंज पुलिस से संपर्क करे। मामले की जांच जारी है तथा पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद मौत के कारण स्पष्ट हो सकेंगे।

### एक निरीक्षक सहित 14 उपनिरीक्षकों का तबादला

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।** पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने कानून व्यवस्था को सुधारने के लिए एक निरीक्षक सहित 14 उपनिरीक्षक का स्थानांतरण कर दिया है। जिस में निरीक्षक राज कुमार यादव प्रभारी न्यायालय सुरक्षा उपनिरीक्षक शिवम गुप्ता को थाना धाने पुर सौरभ कुमार सिंह चौकी प्रभारी हलधरमऊ असगर अली थाना उमरी बेगम प्रमोद कुमार सिंह थाना इटिया थोक सौरभ वर्मा थाना खोड़ारे कमलेश मिश्रा न्यायालय सम्मन सेल कमलेश सिंह मनका पुर वीरेंद्र यादव थाना छपिया रवि प्रकाश यादव थाना कौड़ियां जय नारायण सिंह वजीर गंज उमा शंकर यादव न्यायालय सुरक्षा शंकर कुंवर छपिया आशीष यादव कर्नल गंज महेंद्र प्रताप छपिया भेजा गया।

### सांसद रवि किशन से मिले सीईओ कुलदीप

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।** बेलसर ब्लॉक क्षेत्र के लौव्वा टेपरा ग्राम पंचायत स्थित अथरिष्ट फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी (एफपीओ) के सीईओ कुलदीप मिश्रा ने लखनऊ में गोरखपुर के सांसद रवि किशन शुक्ला से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान उन्होंने बुके भेंट कर सांसद का स्वागत किया और किसानों को पर्याप्त मात्रा में उर्वरक उपलब्ध कराने की मांग उठाई। सांसद रवि किशन ने किसानों की समस्या पर सकारात्मक आश्वासन देते हुए कहा कि उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।

### मण्डलीय पेंशन अदालत का आयोजन 14 जुलाई को

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** देवीपाटन मण्डल गोण्डा के अंतर्गत आने वाले राजकीय कर्मचारियों के सेवानिवृत्तिक एवं मृतक, शासकीय सेवकों के परिवार के सेवानिवृत्तिक लाभों एवं पारिवारिक पेंशन इत्यादि से सम्बंधित समस्याओं के समाधान हेतु 14 जुलाई 2026 को मध्यान्ह 11:00 बजे से आयुक्त सभागार गोण्डा में मण्डलायुक्त की अध्यक्षता में पेंशन अदालत का आयोजन प्रस्तावित है। यह जानकारी देते हुए वरिष्ठ कोषाधिकारी नरोत्तम शरण ने बताया कि पेंशन अदालत में सेवानिवृत्तिक लाभों से संबंधित समस्याओं के वाद पत्र/प्रत्यावेदन कोषागार बहराइच में उपलब्ध करा दें ताकि वांछित सूचना 07 जुलाई 2026 तक मण्डलीय कोषागार कार्यालय, गोण्डा को उपलब्ध करायी जा सके। श्री शरण ने बताया कि पेंशन अदालत हेतु वाद पत्र का प्रारूप कोषागार के सूचना पटल पर उपलब्ध है।

## एक अगस्त से साथी पोर्टल के बिना नहीं बिकेगा बीज

- नियम तोड़ने वाले बीज विक्रेताओं पर होगी सख्त कार्रवाई

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।**

जिले में बीज कारोबार को पूरी तरह डिजिटल और पारदर्शी बनाने के लिए कृषि विभाग ने बड़ा फैसला लिया है। अब एक अगस्त से बीज का स्टॉक, खरीद-बिक्री, हस्तांतरण और वापसी केवल भारत सरकार के साथी पोर्टल के माध्यम से ही मान्य होगी। इसके लिए जिले के सभी बीज उत्पादकों, डीलरों, वितरकों, निजी फर्मों, सहकारी समितियों और राजकीय बिक्री केंद्रों को 31 जुलाई तक पोर्टल पर पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा।

कृषि विभाग के अनुसार शासन के निर्देश पर यह व्यवस्था लागू की जा रही है, जिससे बीज की ट्रेसिबिलिटी सुनिश्चित की जा सके। अब बीज से जुड़े प्रत्येक लेनदेन का डिजिटल रिकॉर्ड साथी पोर्टल पर दर्ज करना होगा। साथ ही स्टॉक पंजिका भी अद्यतन रखनी होगी। अगर पोर्टल पर दर्ज स्टॉक, रजिस्टर और प्रतिष्ठान में मौजूद भौतिक स्टॉक में अंतर पाया गया तो संबंधित विक्रेता के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। जिला कृषि अधिकारी सीपी सिंह ने बताया कि 31 जुलाई तक सभी बीज विक्रेताओं और फर्मों को साथी पोर्टल पर ऑनबोर्ड होना होगा। अगर कोई विक्रेता पोर्टल पर पंजीकरण नहीं कराता है तो वह एक अगस्त के बाद बीज की बिक्री नहीं कर सकेगा। उन्होंने बताया कि बीज लाइसेंस के नवीनीकरण के लिए भी अब साथी पोर्टल से प्राप्त अभिलेख प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। उन्होंने चेतावनी दी कि बिना साथी पोर्टल के बीज का कारोबार करते पाए जाने पर बीज अधिनियम, बीज नियम,बीज नियंत्रण आदेश और आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत संबंधित विक्रेता और कंपनी के खिलाफ विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## वामा वेलनेस कैम्प का पुलिस परिवार के लोगों ने उठाया लाभ

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।**

पुलिस अधीक्षक गोण्डा विनीत जायसवाल के निर्देशन में पुलिस परिवारों के स्वास्थ्य एवं कल्याण को प्राथमिकता देते हुए आज दिनांक 05.07.2026 को वामा सारथी, उत्तर प्रदेश पुलिस फैमिली वेलफेयर एसोसिएशन, अपोलोमेडिक्स हॉस्पिटल, टाटा 1एमजी व आयुष विभाग उ0प्र0 एव स्थानीय चिकित्सा संस्थानों के संयुक्त तत्वावधान में रिजर्व पुलिस लाइन, गोण्डा परिसर में प्रातः 08:00 बजे से 13:00 बजे तक वामा वेलनेस कैम्प का आयोजन कराया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य पुलिस कर्मियों एवं उनके आश्रित परिवारजनों को विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य परीक्षण, परामर्श एवं आवश्यक जांच सुविधाएं सुलभ एवं रियायती दरों पर उपलब्ध कराना रहा, जिससे वे अपने व्यस्त कार्यदायित्वों के बीच भी स्वास्थ्य के प्रति सजग रह सकें। कैम्प के दौरान आए विशेषज्ञ





डॉक्टरों एवं प्रशिक्षित पैरामेडिकल टीम द्वारा प्रतिभागियों की सामान्य स्वास्थ्य जांच की गई। डायटीशियन द्वारा संतुलित आहार, वजन नियंत्रण, ड्यूटी के दौरान उचित खान-पान एवं जीवनशैली संबंधी महत्वपूर्ण सुझाव दिए गए।

फिजियोथेरेपिस्ट द्वारा हड्डी एवं मांसपेशियों से जुड़ी समस्याओं, कमर/गर्दन दर्द, लंबे समय तक ड्यूटी के कारण होने वाली शारीरिक परेशानियों के निवारण हेतु आवश्यक व्यायाम एवं सावधानियों की जानकारी दी गई। ऑप्टोमेट्रिस्ट द्वारा नेत्र परीक्षण कर जरूरतमंदों को उचित परामर्श प्रदान किया गया, वहीं नर्सिंग स्टाफ द्वारा सभी जांच प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित रूप से संपन्न कराया गया। इसके अतिरिक्त महिला चिकित्सक द्वारा उपस्थित पुलिस परिवारजनों के लिए स्वास्थ्य जागरूकता वार्ता आयोजित की गई, जिसमें महिलाओं के स्वास्थ्य, पोषण, नियमित जांच, एनीमिया की रोकथाम, जीवनशैली जनित बीमारियों से बचाव तथा मानसिक स्वास्थ्य के महत्व पर विशेष बल दिया गया।

शिविर में रक्तचाप एवं ब्लड शुगर की जांच के साथ-साथ विभिन्न पैथोलॉजी जांचें- जैसे शुगर प्रोफाइल, कोलेस्ट्रॉल, क्रिएटिनिन, हीमोग्लोबिन, थायरॉइड प्रोफाइल आदि निर्धारित रियायती दरों पर उपलब्ध कराई गईं, जिससे अधिक से अधिक पुलिस कर्मी एवं उनके परिजन लाभान्वित हो सकें। उक्त वेलनेस कैम्प में बड़ी संख्या में पुलिस अधिकारी, कर्मचारी एवं उनके परिवारजन उपस्थित हुए तथा उत्साहपूर्वक स्वास्थ्य परीक्षण एवं विशेषज्ञ चिकित्सकीय परामर्श प्राप्त किया।

प्रतिभागियों द्वारा इस पहल की सराहना करते हुए इसे अत्यंत उपयोगी बताया गया। इस प्रकार के आयोजनों से पुलिस परिवार को गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सुविधाएं सुलभ होने के साथ-साथ नियमित स्वास्थ्य परीक्षण के प्रति जागरूकता भी बढ़ती है, जो बेहतर कार्यक्षमता एवं स्वस्थ जीवन के लिए आवश्यक है। जनपदीय पुलिस द्वारा भविष्य में भी पुलिस कर्मियों एवं उनके परिवारों के कल्याण हेतु इस प्रकार के स्वास्थ्य, परामर्श एवं जागरूकता कार्यक्रम निरंतर आयोजित कराए जाने के प्रयास किए जाते रहेंगे।

इस अवसर पर प्रतिसार निरीक्षक सहित पुलिस के अन्य अधिकारी-कर्मचारीगण मौजूद रहें।

## केंद्रीय प्रभारी अधिकारी ने राजकीय जिला पुस्तकालय का किया निरीक्षण

- नीति आयोग के सहयोग से डिजिटल हुआ राजकीय जिला पुस्तकालय
- अपग्रेडेशन कर पाठकों के लिए सुविधाओं का हुआ विस्तार

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**



जनपद स्तर पर प्रतियोगी छात्रों के लिए अध्ययन हेतु डिजिटली सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से नीति आयोग भारत सरकार से वर्ष 2023 में प्राप्त हुई धनराशि रु. 103.65 लाख से गेंद घर मैदान स्थित राजकीय जिला पुस्तकालय बहराइच को डिजिटल लाइब्रेरी के रूप में विकसित करने के साथ साथ पाठकों के लिए सुविधाओं का विस्तार किया गया है।

डिजिटल लाइब्रेरी की स्थापना से एक स्थान पर न्यूनतम शुल्क पर प्रतियोगी छात्रों को आफलाइन व आनलाइन अध्ययन सामग्री उपलब्ध करायी जा रही है। जनपद भ्रमण पर आये नीति आयोग भारत सरकार के केंद्रीय प्रभारी अधिकारी/संयुक्त सचिव, भारत सरकार आलोक तिवारी ने जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी के साथ राजकीय लाइब्रेरी बहराइच में कार्यदायी संस्था उत्तर प्रदेश लघु उद्योग निगम निर्माण खण्ड बहराइच द्वारा अपग्रेडेशन कार्य का निरीक्षण किया। डीएम ने प्रभारी अधिकारी को बताया कि राजकीय जिला पुस्तकालय के अपग्रेडेशन कार्य में सबसे बड़ी चुनौती पूर्व में स्थापित लाइब्रेरी में रखी हुयी पुस्तकों, फर्नीचर व अलमारी को हटाकर रिनोवेशन कराना था। परन्तु तमाम चुनौतियों का सामना करते हुए पाठकों की सुविधा के लिए राजकीय जिला पुस्तकालय को वातानुकूलित करने के साथ-साथ पुस्तकालय को डिजिटली अपग्रेड करते हुए वाई-फाई की सुविधा उपलब्ध करायी गयी है। डीएम श्री त्रिपाठी ने बताया कि यहां पर आने वाले पाठकों के अध्ययन के लिए आफलाइन व आनलाइन पुस्तकों को उपलब्ध कराने की व्यवस्था की गयी है।

राजकीय जिला पुस्तकालय डिजिटली अपग्रेड होने से गरीब एवं मेधावी छात्रों को न्यूनतम शुल्क के साथ आधुनिक सुविधाओं सहित आफलाइन व आनलाइन अध्ययन सामग्री उपलब्ध हो रही है। निरीक्षण के समय जिला विद्यालय निरीक्षक सर्वदानन्द, कार्यदायी संस्था के सहायक अभियंता इं.चन्द्र प्रकाश त्रिवेदी, आयुष चिकित्साधिकारी डा पीयूष नायक, अपर सांख्यिकीय अधिकारी तीरथ राम वर्मा सहित अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

## परिवार परामर्श केन्द्र में तीन जोड़े एक साथ रहने को हुए राजी



**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।**

रविवार जनपद गोण्डा के रिजर्व पुलिस लाइन में आयोजित परिवार परामर्श केन्द्र में पुलिस अधीक्षक गोंडा विनीत जायसवाल के निर्देशन में परामर्शदाताओं द्वारा बिछुडे जोड़ो की समस्याओं को सुनकर उनका निराकरण किया गया तथा 03 जोड़ो को समझा बुझाकर सुखी जीवन जीने हेतु राजी कर लिया गया।

**परिवार परामर्श केन्द्र में उपस्थिति सदस्यगणः-** महिला थाना प्रभारी अनीता यादव, गंगाधार शुक्ल, शशि कुमार भारती, यशोदा नन्दन त्रिपाठी, राजमंगल मौर्य, उप नि0 बृजेश चौबे, म0आ0 अनुप्रिय सिंह आदि उपस्थित रही।

## हाथों की स्वच्छता से आ सकती है 44 फीसदी नवजात मृत्यु में कमी

- सिर्फ 40 सेकंड की सावधानी, नवजात के लिए सुरक्षा कवच



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** मानसून की दस्तक के साथ जिले में विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान पूरी रफ्तार पर है। साफ-सफाई और मच्छरों के खात्मे के साथ ही स्वास्थ्य विभाग यहां शून्य लागत वाले एक बेहद प्रभावी लाइफ-सेविंग फॉर्मूले को बढ़ावा दे रहा है। यह फॉर्मूला है—हाथों की स्वच्छता। चिकित्सकों के अनुसार, सिर्फ 40 सेकंड तक साबुन-पानी से हाथ धोना नवजात को जानलेवा संक्रमणों से सबसे बड़ी सुरक्षा दे सकता है।

**पहले 28 दिन सबसे संवेदनशीलः-** एसएनसीयू इंचार्ज व नवजात रोग विशेषज्ञ डॉ. असद अली के अनुसार, कोरोना काल की तरह ही नवजात शिशुओं की सुरक्षा के लिए भी बार-बार हाथ धोना सबसे बड़ा हथियार है। ऐसा इसलिए जरूरी है क्योंकि जन्म के शुरुआती 28 दिन सबसे नाजुक होते हैं और इस दौरान शिशु की रोग प्रतिरोधक क्षमता बेहद कमजोर होती है। मानसून की नमी में बैक्टीरिया तेजी से पनपते हैं, जिससे गंदे हाथों के संपर्क में आने से नवजात को सेप्सिस (खून का संक्रमण), निमोनिया और गंभीर दस्त जैसी जानलेवा बीमारियों का खतरा कई गुना बढ़ जाता है।

**ऐसे फैलता है हाथों से संक्रमणः-** नोडल संचारी रोग डॉ. आर.एन. वर्मा के अनुसार, खेत, बाजार या बाहर से लौटे लोग जब बिना हाथ धोए बच्चे को छूते हैं, तो उनके हाथों के कीटाणु नवजात तक पहुंच जाते हैं। अनजाने में किया गया यही स्नेह संक्रमण का कारण बनता है। क्षेत्र की आशा कार्यकर्ता सरोजनी बताती हैं कि शुरुआत में लोग हाथ धोने का महत्व नहीं समझते थे। लेकिन जब गृह भ्रमण के दौरान हमने शिशु को छूने से पहले खुद अपने हाथ साबुन-पानी से धोया और माताओं को हाथ धुलने के सभी चरण सिखाए, तो उनके व्यवहार में बड़ा बदलाव आया। अब परिवार के सदस्य खुद आगे बढ़कर बच्चे को छूने से पहले अच्छी तरह हाथ धोना सुनिश्चित करने लगे हैं।

### इन मौके पर अवश्य धुलें हाथ

- शिशु को गोद में लेने या छूने से पहले
- माता द्वारा शिशु को स्तनपान कराने से पहले
- बच्चे के कपड़े या नैपी/डायपर बदलने के बाद
- शौचालय का उपयोग करने या बाहर से घर लौटने के बाद

**हैंडवॉश से टल सकता है बड़ा खतराः-** डब्ल्यूएचओ और विभिन्न अध्ययनों के अनुसार, नवजात को छूने से पहले साबुन-पानी से हाथ धोने की आदत शिशु मृत्यु दर में 40 से 44 प्रतिशत तक कमी ला सकती है। इससे बच्चों में डायरिया के मामले 30 से 40 प्रतिशत और निमोनिया व श्वसन संक्रमण 25 से 50 प्रतिशत तक कम हो जाते हैं। नोडल संचारी रोग डॉ. आर.एन. वर्मा के अनुसार, नवजातों के लिए जानलेवा साबित होने वाले सेप्सिस (खून के संक्रमण) के खिलाफ भी यह स्वच्छता सबसे मजबूत सुरक्षा कवच है।

**अभियान के तहत हर घर तक पहुंचाई जा रही जागरूकता- व्यवहार परिवर्तन ही अभियान का लक्ष्यः-** सीएमओ डॉ. संजय कुमार ने बताया कि 31 जुलाई तक चलने वाले संचारी रोग नियंत्रण अभियान का मुख्य उद्देश्य लोगों के व्यवहार में बदलाव लाना है। हमारी आशा और एएनएम कार्यकर्ता घर-घर जाकर परिवारों को जागरूक कर रही हैं कि बच्चे को छूने, स्तनपान कराने, नैपी बदलने या बाहर से आने पर हाथ अवश्य धोएं। यह छोटी सी आदत शिशु मृत्यु दर को कम करने में मील का पत्थर साबित हो सकती है।

## अपर कृषि निदेशक ने पीसीएफ गोदाम का किया औचक निरीक्षण

- दो दिवस में समितियों को अधिक से अधिक उर्वरक भेजने के दिये निर्देश

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**



अपर कृषि निदेशक एलबी यादव द्वारा पीसीएफ गोदाम का औचक निरीक्षण करते हुए पीसीएफ गोदाम से समितियों को डीएपी एनपीके एवं यूरिया उर्वरक प्रेषण में देरी करने के लिए डीएस पीसीएफ एवं ए.आर. को-ऑपरेटिव को कड़ी फटकार लगाई गई। श्री यादव द्वारा सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि अगले दो दिवस में अधिक से अधिक फास्फेटिक उर्वरक पीसीएफ गोदाम से समितियों को भेजना सुनिश्चित करें जिससे कृषको को उर्वरक मिलने में कोई समस्या ना हो। अपर कृषि निदेशक श्री यादव ने उप कृषि निदेशक विनय कुमार वर्मा, जिला कृषि अधिकारी डॉ सूबेदार यादव, सहायक निबंधक एव सहायक सहायक आयुक्त सहकारिता देवेंद्र कुमार सिंह एवं डीएसपीसीएफ कमलेश कुमार, इफको प्रबंधक ओम प्रकाश मौर्य सहित अन्य अधिकारियों के साथ विभागीय योजना एवं कार्यक्रम तथा खाद एवं बीज की उपलब्धता की समीक्षा करते हुए निर्देश दिया कि कृषकों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। उन्होंने अधिकरियों को निर्देश दिया कि नियमित रूप से प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर शासन के दिशा निर्देशों के अनुसार उर्वरक का वितरण सुनिश्चित कराएं। बैठक के उपरान्त श्री यादव द्वारा गजपतिपुर गांव में यूपीएग्रीस योजना अंतर्गत डीएसआर विधि से धान की बुवाई के खेत का भी निरीक्षण किया गया।

## बहराइच से बाबा अमरनाथ बर्फानी पवित्र गुफा दर्शन के लिए शिव भक्तों का जत्था रवाना

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

जिले में रविवार को दर्जनों की संख्या में शिव भक्त रोडवेज से जम्मू कश्मीर बाबा अमरनाथ बर्फानी पवित्र गुफा दर्शन के लिए शिव भक्तों का जत्था रवाना हुआ है। शिव भक्त लखनऊ ट्रेन से जम्मू तवी पहुंचकर भगवती नगर बेस कैंप जाकर आर्मी के जवानों के साथ कड़ी सुरक्षा के बीच बालटाल यात्रा के लिए रवाना होंगे। यात्रा के संचालक, आकाश सोनी, अखिलेश विनोद श्रीवास्तव ने बताया की जम्मू से बालटाल 350 किलोमीटर कड़ी सुरक्षा के बीच आर्मी जवानों के साथ पहुंचकर 8 जुलाई को 32 किलोमीटर पैदल चलकर बाबा बर्फानी के पवित्र गुफा में दर्शन करेंगे।



वहीं 9 जुलाई को प्रातः कानवें में आर्मी के जवानों के साथ कटरा आकर 10 जुलाई को माता वैष्णो देवी दर्शन करने के बाद 12 जुलाई को बहराइच वापसी के लिए प्रस्थान करेंगे। यात्रा में शामिल आकाश सोनी, अखिलेश विनोद श्रीवास्तव, मनीष रस्तोगी, सूरज वाल्मीकि, रवि साहू, श्याम साहू, सौरभ साहू, दिलीप गुप्ता, अभिषेक सिंह, राहुल श्रीवास्तव, आदि लोग शामिल।

## सर्पदंश में वैज्ञानिक सोच अपनाएं, अंधविश्वास से रहें दूर : डॉ. चंद्र प्रकाश सिंह

**उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज।** बरसात का मौसम शुरू होते ही खेतों, बाग-बगीचों, झाड़ियों, जलभराव वाले क्षेत्रों और घरों के आसपास सांपों के निकलने की घटनाएं बढ़ जाती हैं। ऐसे में सर्पदंश के मामले भी अधिक सामने आने लगते हैं। अधीक्षक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उतरौला डॉक्टर चंद्र प्रकाश सिंह का कहना है कि सांप के काटने के बाद झाड़-फूंक, तंत्र-मंत्र, घरेलू उपचार या अंधविश्वास का सहारा लेना मरीज की जान के लिए खतरनाक साबित हो सकता है। सर्पदंश की स्थिति में सबसे महत्वपूर्ण कदम यह है कि मरीज को बिना एक पल गंवाए नजदीकी सरकारी अस्पताल या सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया जाए, जहां समय पर एंटी स्नेक वेनम (स्ङ्क) देकर उसका प्रभावी उपचार किया जा सके।



उतरौला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. चंद्र प्रकाश सिंह ने बताया कि सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों पर एंटी स्नेक वेनम पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है और प्रशिक्षित चिकित्सक सर्पदंश के मरीजों के उपचार के लिए हर समय तैयार रहते हैं। उन्होंने कहा कि कई बार लोग मरीज को पहले झाड़-फूंक कराने या तांत्रिकों के पास ले जाते हैं, जिससे उपचार में देरी हो जाती है। यह देरी कई बार जानलेवा साबित होती है। इसलिए सर्पदंश की किसी भी घटना में सबसे पहले अस्पताल पहुंचना ही प्राथमिकता होनी चाहिए।

उन्होंने बताया कि सर्पदंश होने पर मरीज को शांत रखें और अनावश्यक रूप से चलने-फिरने न दें, क्योंकि अधिक गतिविधि से शरीर में विष तेजी से फैल सकता है। काटे गए अंग को हृदय के स्तर के बराबर या उससे नीचे रखें तथा सूजन आने से पहले हाथ या पैर में पहनी हुई अंगूठी, घड़ी, चूड़ी या अन्य कसने वाली वस्तुएं हटा दें। यदि संभव हो तो काटे गए स्थान को साफ पानी और साबुन से हल्के हाथों से साफ कर साफ कपड़े या ढीली पट्टी से ढक दें और तुरंत अस्पताल ले जाएं।

अधीक्षक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उतरौला डॉक्टर चंद्र प्रकाश सिंह ने लोगों को यह भी सलाह दी है कि सर्पदंश होने पर घाव पर चीरा लगाने, मुंह से जहर चूसने, बर्फ लगाने या रस्सी अथवा कपड़े से कसकर बांधने जैसी गलतियां बिल्कुल न करें। इससे मरीज की स्थिति और गंभीर हो सकती है तथा प्रभावित अंग को भी नुकसान पहुंच सकता है। इसी प्रकार किसी भी प्रकार की जड़ी-बूटी, तेल या घरेलू नुस्खों पर भरोसा करने के बजाय केवल चिकित्सकीय उपचार ही अपनाना चाहिए।

बरसात के मौसम में बचाव के लिए विशेष सावधानी बरतना भी आवश्यक है। खेतों में काम करते समय मजबूत जूते पहनें, रात में बाहर निकलते समय टॉर्च का प्रयोग करें, घर और उसके आसपास झाड़ियां तथा कचरा साफ रखें और जलभराव वाले स्थानों पर सतर्कता बरतें। यदि कहीं सांप दिखाई दे तो उसे पकड़ने का प्रयास न करें, बल्कि संबंधित विभाग या प्रशिक्षित व्यक्ति को इसकी सूचना दें। चिकित्सा अधीक्षक डॉ. चंद्र प्रकाश सिंह ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि सर्पदंश की स्थिति में 'पहले अस्पताल, फिर बाकी सब' का सिद्धांत अपनाएं। समय पर चिकित्सा मिलने से अधिकांश मरीजों की जान बचाई जा सकती है। इसलिए अंधविश्वास छोड़कर वैज्ञानिक सोच अपनाना ही स्वयं और समाज की सुरक्षा का सबसे प्रभावी उपाय है।

## प्राथमिक विद्यालय मौहरवा में स्कूल चलो अभियान व संचारी रोग रोकथाम रैली के माध्यम से दिया शिक्षा व स्वच्छता का संदेश

**सादुल्लानगर /बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।** रेहरा बाजार क्षेत्र में शनिवार को प्राथमिक विद्यालय मौहरवा में स्कूल चलो अभियान एवं संचारी रोग रोकथाम जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली का उद्देश्य गांव के लोगों को बच्चों की शत-प्रतिशत स्कूल में नामांकन, नियमित उपस्थिति, स्वच्छता और संचारी रोगों से बचाव के प्रति जागरूक करना था। रैली को ग्राम प्रधान प्रतिनिधि मोहम्मद महफूज एवं विद्यालय के इंचार्ज प्रधानाध्यापक कामता प्रसाद ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली में सहायक अध्यापिका रीता गौड़, रसोइया, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, अभिभावक तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं शामिल हुए। रैली के दौरान बच्चों ने पूरे गांव का भ्रमण करते हुए हम सबका नारा है, शिक्षा अधिकार हमारा है, बेटी एक पढ़ जाएगी, दो घरों का भाग्य बनाएगी जैसे प्रेरणादायक नारों के माध्यम से ग्रामीणों को शिक्षा के महत्व से अवगत कराया। साथ ही संचारी रोगों से बचाव के लिए स्वच्छता अपनाने, साफ-सफाई रखने और स्वास्थ्य संबंधी सावधानियों का पालन करने का संदेश भी दिया। विद्यालय परिवार ने अभिभावकों से अपील की कि वे प्रत्येक बच्चे का विद्यालय में नामांकन कराएं, नियमित रूप से स्कूल भेजें तथा स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण बनाए रखने में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाएं। ग्रामीणों ने भी अभियान की सराहना करते हुए शिक्षा और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने का संकल्प लिया।

# भाजपा अध्यक्ष से मिले निषाद पार्टी अध्यक्ष डॉ. संजय निषाद



**मछुआ समाज से जुड़े मुद्दों पर की चर्चा**

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

निर्बल इंडियन शोषित हमारा आम दल (निषाद पार्टी) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश सरकार में मत्स्य विभाग के कैबिनेट मंत्री डॉ. संजय कुमार निषाद ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद नितिन नवीन के उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ दौरे के द्वितीय दिवस पर रविवार को ताज होटल में शिष्टाचार भेंट की।

मुलाकात के दौरान निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. संजय कुमार निषाद ने वर्ष 2019 में भारतीय जनता पार्टी के साथ हुए गठबंधन के समय सामाजिक न्याय एवं मछुआ समाज से जुड़े जिन प्रमुख मुद्दों पर सहमति बनी थी, उन्हें नितिन नवीन के समक्ष विस्तार से रखा।

डॉ. निषाद ने कहा कि सेंसस मैनुअल, 1956 में अनुसूचित जाति की सूची में सूचीबद्ध मझवार/तुरैहा की पर्यायवाची पुकारू नाम केवट, मल्लाह, बिंद, कहार, धीवर, रैकवार, बाथम, निषाद, कश्यप, तरमाली की भर, राजभर शिल्पकार की कुम्हार, प्रजापति सहित समान परंपरागत समुदायों को भी अनुसूचित जाति की सूची में है, उत्तराखण्ड में शिल्पकार जाति नहीं जातियों का समूह है। उसी प्रकार मझवार जाति नहीं जाति का समूह है परिभाषित किया जाए, ताकि मछुआ समाज को अनुसूचित जाति का लाभ प्राप्त हो सके।

उन्होंने कहा कि निषाद पार्टी और भारतीय जनता पार्टी का गठबंधन अटूट एवं मजबूत है, क्योंकि निषाद पार्टी मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के आत्मीय सखा महाराज गुहाराज निषाद के आदर्शों एवं पदचिह्नों पर चलने वाली पार्टी है। निषाद पार्टी ने सदैव राजनीति में मर्यादा, अनुशासन और सिद्धांतों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए कार्य किया है तथा हर परिस्थिति में गठबंधन धर्म का पूरी निष्ठा के साथ पालन किया है।

उन्होंने कहा कि निषाद पार्टी के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी भी सदैव मर्यादित आचरण के साथ भारतीय जनता पार्टी के साथ समन्वय स्थापित करते हुए कार्य करते रहे हैं। आज समाज पहले की अपेक्षा अधिक जागरूक है और लोकतांत्रिक राजनीति में मर्यादा एवं शालीनता बनाए रखते हुए भी अपनी बात प्रभावी ढंग से जनता तक पहुँचाई जा सकती है। उन्होंने अपेक्षा व्यक्त की कि आगामी विधानसभा चुनाव में निषाद पार्टी को उसके जनाधार, संगठनात्मक क्षमता एवं गठबंधन के प्रति समर्पण के अनुरूप उचित प्रतिनिधित्व सम्मानजनक सुनिश्चित किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में मछुआ समाज की सामाजिक एवं आर्थिक स्थिति अत्यंत दयनीय है, जो अनेक मामलों में अनुसूचित जाति के समुदायों से भी अधिक गंभीर है। उन्होंने आरोप लगाया कि पूर्ववर्ती समाजवादी पार्टी एवं बहुजन समाज पार्टी की सरकारों ने राजनीतिक दुर्भावना के कारण मछुआ समाज के हक, हकूक एवं अधिकारों को उनसे छीनने का कार्य किया।

डॉ. निषाद ने आगे कहा कि वर्ष 2022 में सरकार गठन से पूर्व तथा उसके पश्चात कई अवसरों पर प्रदेश एवं केंद्र नेतृत्व के साथ निषाद पार्टी के कार्यकर्ताओं के समायोजन के विषय में सकारात्मक चर्चा हुई। इसी का परिणाम है कि आज प्रदेश के विभिन्न आयोगों एवं निकायों में निषाद पार्टी के अनेक कार्यकर्ताओं का समायोजन किया गया है।

उन्होंने आग्रह किया कि अभी भी बड़ी संख्या में ऐसे समर्पित कार्यकर्ता हैं जिन्हें समायोजन का अवसर नहीं मिल सका है। अतः शेष कार्यकर्ताओं का भी विभिन्न आयोगों, निगमों एवं निकायों में समुचित समायोजन सुनिश्चित किया जाए।

# इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए यूपी सरकार ने दी 210 करोड़ सब्सिडी

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार स्वच्छ, सुरक्षित और पर्यावरण अनुकूल परिवहन व्यवस्था को बढ़ावा देने के लिए लगातार प्रभावी कदम उठा रही है। प्रदेश सरकार के विजन के तहत परिवहन विभाग द्वारा संचालित इलेक्ट्रिक वाहन ईवी क्रय सब्सिडी योजना प्रदेश में इलेक्ट्रिक वाहनों के उपयोग को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। योजना के माध्यम से हजारों उपभोक्ताओं को आर्थिक सहायता मिलने के साथ ही प्रदेश में इलेक्ट्रिक वाहनों के प्रति लोगों का विश्वास भी मजबूत हुआ है। योगी सरकार ने 210 करोड़ रुपये से अधिक सब्सिडी के रूप में वितरित किए।

परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने कहा कि खाड़ी देशों में गंभीर हालात और तेल संकट के बीच ईवी वाहनों की तरफ रुख करना ही बेहतर है।



**▸ 43 हजार से अधिक लोगों को मिला लाभ**
**▸ खाड़ी देशों में गंभीर हालात के बीच ईवी की तरफ रुख बेहतर : दयाशंकर**

प्रदेश सरकार की इलेक्ट्रिक व्हीकल क्रय सब्सिडी योजना इस दिशा में शानदार सहयोग दे रही है। इससे पेट्रोल-डीजल जैसे ईंधनों पर निर्भरता कम होगी और बेहतर पर्यावरण से लोगों का स्वास्थ्य अच्छा होगा। प्रदेश सरकार ने इसी विजन के साथ 210 करोड़ रुपये से ज्यादा की सब्सिडी का भुगतान कर नया कीर्तिमान बनाया है। परिवहन विभाग के मुताबिक प्रदेश में अब तक 96,778 से अधिक इलेक्ट्रिक वाहनों का पंजीकरण हो चुका है। इनमें से 43,218 लाभार्थियों को अंतिम रूप से ईवी क्रय सब्सिडी का लाभ प्रदान किया जा चुका है। यह आंकड़ा दर्शाता है कि योजना का लाभ बड़ी संख्या में आम नागरिकों तक पहुंचा है और लोग तेजी से इलेक्ट्रिक वाहनों को अपना रहे हैं। योजना शुरू होने के बाद पहले लगभग तीन वर्षों के दौरान योगी सरकार ने रिकॉर्ड 210 करोड़ रुपये से अधिक सब्सिडी के रूप में वितरित किए हैं। विभागीय आंकड़ों के मुताबिक 61,417 दोपहिया इलेक्ट्रिक वाहन इस योजना से लाभान्वित हुए हैं। कम कीमत, कम संचालन लागत और दैनिक उपयोग के लिए उपयुक्त होने के कारण इलेक्ट्रिक स्कूटर और मोटरसाइकिलों की मांग तेजी से बढ़ी है।

## खबरें एक नजर में

### शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म, आरोपित गिरफ्तार

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के थाना चिनहट में एक युवती से शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने वाले एक आरोपित को पुलिस ने रविवार को गिरफ्तार कर लिया। मामले की विवेचना कर रहे थाना में तैनात उपनिरीक्षक विवेक मिश्रा ने बताया कि एक युवती ने शिकायत दर्ज कराई थी कि, कुछ समय पहले उसकी मुलाकात बाराबंकी के जैदपुर थाना बीबीपुर निवासी ऋषि वर्मा से हुई थी। आरोपित ऋषि ने उससे कहा कि वो उसको बहुत पसंद है और उससे शादी करना चाहता है। इसी बीच उसने कई बार उससे शारीरिक संबंध बनाए। अब वह शादी से इनकार कर रहा है। इतना ही नहीं उसे जानमाल की धमकी भी दी है। युवती ने शनिवार को आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया। मामले का संज्ञान लेकर थाना प्रभारी ने पूरे प्रकरण की जांच उन्हें (उपनिरीक्षक विवेक मिश्रा) को सौंपी थी। उपनिरीक्षक ने बताया कि प्रभावी कार्यवाही करते हुए नामजद आरोपित ऋषि वर्मा को आज गिरफ्तार कर लिया है। उन्होंने बताया कि आरोपित के आपराधिक इतिहास के बारे में जानकारी की जा रही है।

### लखनऊ में सड़क किनारे खड़े ट्रक से टकराई कार, दो युवकों की मौत

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के गोसाईगंज थाना क्षेत्रान्तर्गत गब्बर ढाबे के पास रविवार को एक स्विफ्ट कार सड़क किनारे खड़े ट्रक से टकरा गई। हादसे में कार सवार दो लोगों की मौत हो गई, जबकि दो लोग घायल हैं। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम भेजकर मामले की जांच की जा रही हैं। गोसाईगंज थाना प्रभारी ने बताया कि मृतकों की पहचान अमेठी जिले के ग्राम पड़री निवासी सौरभ यादव, अभिषेक यादव के रूप में हुई हैं। घायलों में इसी गांव के अजय यादव और तेजगढ़ का रहने वाले नितिन यादव को इलाज के लिए सिविल अस्पताल में भर्ती कराया है। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि ये सभी लोग कार से कहीं जा रहे थे। लखनऊ के गोसाईगंज थाना क्षेत्र स्थित गब्बर ढाबे के पास स्विफ्ट कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े ट्रक से टकरा गई। हादसे में कार सवार दो युवकों की मौत हो गई, जबकि दो लोग घायल हैं। घटना की जानकारी पर परिजन भी पहुंच गए। पुलिस ने शवों का पंचायतनामा परिजनों की उपस्थिति में संपन्न कर पोस्टमार्टम कराया गया। दुर्घटनाग्रस्त वाहन को सड़क से हटवाकर यातायात सुचारु करा दिया गया है। परिजनों से प्राप्त तहरीर के आधार पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। मौके पर शांति एवं कानून-व्यवस्था सामान्य है।

### रॉन्ग साइड आने से रोकने पर आगबबूला युवक ने होमगार्ड को बीच सड़क पीटा

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** बाजार खाला थाना क्षेत्र अंतर्गत हैदरगंज चौराहे के पास कार से रॉन्ग साइड आ रहे युवक ने होमगार्ड के साथ मारपीट की। घटना शनिवार रात करीब 8 की बताई जा रही है। इसका वीडियो रविवार दोपहर सामने आया है। मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है और उसकी गाड़ी सीज कर दी। ऐशबाग हैदरगंज चौराहे पर शनिवार रात ट्रैफिक कंट्रोल के लिए पुलिस मौजूद थी। इस दौरान एक कार सवार गलत दिशा से आता हुआ दिखा। उसे वहां मौजूद होमगार्ड ने रोकने का प्रयास किया तो वह आग बबूला हो गया और कार से उतरकर होमगार्ड का कॉलर पकड़ लिया। कॉलर पकड़कर जोरदार धक्का दिया, जिससे होमगार्ड गिर पड़ा। इसके बाद खुद को संभालते हुए होमगार्ड फिर खड़ा हुआ और कार सवार के पास जाने लगा तो उसने फिर से धक्का मारा। इसके बाद कार सवार अपनी कार में जाकर बैठने लगा। मामला यहां भी शांत नहीं हुआ। वह लगातार अभद्र भाषा का इस्तेमाल करता रहा। तभी वहां मौजूद लोगों ने पूरी घटना का वीडियो बना लिया जो अब वायरल है। इसके बाद सोशल मीडिया पर तमाम तरह की प्रतिक्रिया आने लगी। फिलहाल, मामले में इंस्पेक्टर बाजारखाला बृजेश सिंह का कहना है मुकदमा दर्ज करके आरोपी वैभव मौर्य को गिरफ्तार किया गया है। वह गोमती नगर प्राइवेट नौकरी करता है। उसकी कार भी सीज की गई है।

### श्रीराम क्षत्रिय सेना जिला इकाई की बैठक आयोजित




**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** रविवार को श्रीराम क्षत्रिय सेना लखनऊ जिला इकाई की बैठक जिला महामंत्री अमित सिंह चौहान के आवास मालवीय नगर, लखनऊ में हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश उपाध्यक्ष मुसाफिर सिंह ने की। संगठन के संस्थापक/राष्ट्रीय अध्यक्ष जमुना बक्स सिंह निर्भय ने जिला महामंत्री श्रीराम क्षत्रिय सेना लखनऊ अमित सिंह चौहान को लखनऊ की मध्य विधान सभा क्षेत्र से 2027 के चुनाव में संगठन द्वारा पूर्ण रूप से समर्थन करने का आह्वान किया और रमेश सिंह रैकवार को जिला संरक्षक लखनऊ नियुक्त किया। बैठक में जिला संरक्षक डॉ बृजेन्द्र पाल सिंह चंदेल एडवोकेट, जिला अध्यक्ष विजय सिंह धाकरे, जिला उपाध्यक्ष संदीप सिंह व सरोज सिंह, जिला महामंत्री अमित सिंह चौहान, जिला संगठन मंत्री सम्राट सिंह राजावत, संजय सिंह पालीवाल व पवन सिंह कलहंस, जिला मंत्री विमल सिंह सोमवंशी व शिव हरी सिंह आदि उपस्थित रहे।

# अब राजनीति में सफल होने के लिए पढ़ा-लिखा होना जरूरी : महाना

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

उत्तर प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष सतीश महाना ने रविवार को युवाओं का आह्वान किया कि वे अच्छी तरह से पढ़-लिख कर राजनीति में आएं क्योंकि राजनीति में अब वही सफल होगा जिसे सब कुछ आता है। हालांकि पहले वही राजनीति में आता था, जिसे कुछ नहीं आता था लेकिन अब परिस्थितियां बदली हैं और जनप्रतिनिधि को लाखों लोगों को संतुष्ट करना होता है।

उत्तर प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष सतीश महाना रविवार को भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) यंग इंडियन्स द्वारा आयोजित यंग इंडिया पार्लियामेंट 2026 - कानपुर चैप्टर के



**▸ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पूरी दुनिया में भारत की प्रतिष्ठा बढ़ी है जबकि वर्ष 2014 से पहले ऐसा नहीं था**

समापन सत्र के उद्घाटन अवसर पर बोल रहे थे। भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के सहयोग से आयोजित यंग इंडिया पार्लियामेंट 2026 में आए विद्यार्थियों व युवाओं को संबोधित करते हुए विधानसभा अध्यक्ष ने विधानसभा की कार्यवाही शून्य प्रहर, बिल, तारांकित प्रश्नों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। विधानसभा में राज्यपाल के संभाषण, बजट पर चर्चा और मतदान जैसी महत्वपूर्ण जानकारियां भी साझा करते हुए अपने द्वारा किए गए बदलावों के बारे में भी बताया। उन्होंने वर्तमान राजनीति की चर्चा करते हुए कहा कि वर्ष 2014 से पहले कानून व्यवस्था की स्थिति बेहद खराब थी। बहू-बेटियां शाम होते ही आना-जाना बंद कर देती थीं। तब प्रदेश में कानून राज नहीं था। उन्होंने वर्ष 2017 से पहले अपने गुजरात में दोस्त के यहां घूमने का जिक्र करते हुए बताया कि घर में रात 11 बजे खाना खाने के बाद दोस्त ने पूछा कौन सी आइसक्रीम खाएंगे तो हमने कहा जो होगी खा लेंगे तो दोस्त ने अपनी बेटी का नाम लेते हुए कहा कि वह जाकर अभी लायेगी तो हमें आश्चर्य हुआ कि रात 11 बजे बेटी जाएगी जबकि हमारे यहां उत्तर प्रदेश में तो इतनी रात में यह संभव ही नहीं हैं, लेकिन वर्ष 2017 के बाद उत्तर प्रदेश में ऐसा सिस्टम बदला है कि अब यहां भी बहू- बेटियां भी रात में कहीं भी आ-जा सकती हैं। अफसर और पुलिस वही है लेकिन नेतृत्व योगी आदित्यनाथ का है। इसलिए यह सब संभव है। ठीक उसी प्रकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पूरी दुनिया में भारत की प्रतिष्ठा बढ़ी है जबकि वर्ष 2014 से पहले ऐसा नहीं था।

# आम महोत्सव-2026 का समापन

**▸ 180 से अधिक विजेताओं को बांटे गए पुरस्कार**

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में चल रहे 'उत्तर प्रदेश आम महोत्सव-2026' का रविवार को समापन हो गया। समापन दिवस पर मुख्य अतिथि प्रदेश के उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार एवं कृषि निर्यात राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार दिनेश प्रताप सिंह ने 180 से अधिक विजेताओं को सम्मानित एवं पुरस्कृत किया। उद्यान मंत्री ने आम की विभिन्न प्रजातियों की 7 श्रेणियों में एवं 56 वर्गों की प्रतियोगिता में 51 विजेताओं को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय श्रेणी के कुल 147 पुरस्कार प्रदान किए। आम आधारित संरक्षित उत्पादों की प्रतियोगिता के 11 वर्गों के 19 विजेताओं को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय श्रेणी के 33 पुरस्कार तथा आम पकवान की प्रतियोगिता के 3 विजेताओं को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय श्रेणी के कुल 3 पुरस्कार दिए गए। आम के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्श का पुरस्कार मोहम्मद इकबाल अहमद, प्रो. मेसर्स अवध नर्सरी, मलिहाबाद, लखनऊ को चौंसा प्रजाति के प्रदर्शन के लिए दिया गया। सर्वाधिक पुरस्कार विजेताओं में 20 पुरस्कार मोहम्मद इकबाल अहमद को, 17 पुरस्कार मोहम्मद अब्दुल सलीम, जैद नर्सरी, मलिहाबाद को तथा 14 पुरस्कार सुरेश चंद्र शुक्ला, गोमती नगर, लखनऊ को प्राप्त हुए।

# विजिट माई स्टेट अभियान को मिल रहा युवाओं का साथ



लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

'विजिट माई स्टेट' अभियान के तहत रविवार को लखनऊ से करीब 35 बाइकर्स का एक समूह कानपुर-लखनऊ राजमार्ग पर स्थित चंद्रशेखर आजाद पक्षी विहार पहुंचा। यहां पर उन्होंने उत्तर प्रदेश की प्राकृतिक सुंदरता को करीब से देखा और यूपी राज्य पर्यटन विकास निगम (यूपीएसटीडीसी) के राही टूरिस्ट बंगले में आतिथ्य का अनुभव किया।

यात्रा के दौरान यूपीएसटीडीसी के कर्मचारियों ने राही टूरिस्ट बंगले में पारंपरिक तरीके से बाइकर्स का स्वागत किया। यहां उन्हें चाय-कॉफी के साथ पौष्टिक नाश्ता कराया गया। इसके बाद विभागीय अधिकारियों ने उन्हें पक्षी विहार का भ्रमण कराया, जहां उन्होंने शांत जलाशयों और वहां आने वाले स्थानीय व प्रवासी पक्षियों को देखा तथा उनके पर्यावरणीय महत्व के बारे में जानकारी ली। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा, यह बेहद उत्साहजनक है कि 'विजिट माई स्टेट' अभियान से लगातार बड़ी संख्या में युवा जुड़ रहे हैं। युवाओं का यह बढ़ता उत्साह अभियान की सफलता का प्रमाण है। ऐसे प्रयास न केवल उन्हें उत्तर प्रदेश के ईको-टूरिज्म स्थलों और प्राकृतिक धरोहरों से जोड़ रहे हैं, बल्कि प्रदेश के विविध पर्यटन अनुभवों को करीब से जानने, समझने और प्रकृति के साथ यादगार पल बिताने का अवसर भी प्रदान कर रहे हैं। यूपीएसटीडीसी के चेयरमैन अमृत अभिजात ने कहा कि विजिट माई स्टेट अभियान लोगों को अर्थपूर्ण यात्राओं के जरिए प्रदेश के पर्यटन स्थलों को फिर से जानने और देखने के लिए प्रेरित कर रहा है। ईको-टूरिज्म और बेहतर आतिथ्य को बढ़ावा देकर हम अधिक से अधिक लोगों को उत्तर प्रदेश घूमने के लिए प्रोत्साहित कर रहे हैं और टिकाऊ पर्यटन को मजबूत बना रहे हैं। समूह के सदस्य अमित सिंह ने कहा कि चंद्रशेखर आजाद पक्षी विहार प्रकृति प्रेमियों के लिए शानदार जगह है और यात्रियों के बीच तेजी से लोकप्रिय हो रहा है। पर्यटन विभाग की ओर से मिला आतिथ्य इस यात्रा को और यादगार बना गया। मैं सभी लोगों से इस खूबसूरत पक्षी विहार को देखने की अपील करता हूं।

# सी.एम.एस. की मेजबानी में सी.आई.एस.वी. यूथ मीटिंग का 'ओपन डे समारोह' आयोजित

**▸ सात देशों के बाल प्रतिभागियों ने एकता व शान्ति से ओतप्रोत विश्व समाज की अनूठी झलक की प्रस्तुत**

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

सिटी मोन्टेसरी स्कूल की मेजबानी में आयोजित किये जा रहे 15 दिवसीय सी.आई.एस.वी. यूथ मीटिंग का 'ओपेन डे समारोह' बड़े धूमधाम से सी.एम.एस. कानपुर रोड ऑडिटोरियम में मनाया गया। इस अवसर पर ब्राजील, इण्डोनेशिया, इटली, नार्वे, स्वीडन, वियतनाम एवं भारत के 12 से 13 वर्ष आयु के बाल प्रतिनिधियों ने गीत-संगीत, नृत्य व विभिन्न रोचक खेलों व शिक्षात्मक-साँस्कृतिक कार्यक्रमों का अनूठा समाँ बाँधकर एकता, शान्ति व सौहार्द से भरपूर एक खुशहाल विश्व समाज का अनूठा अहसास कराया। इससे पहले, ओपेन डे समारोह का शुभारम्भ दीप प्रज्वलन से हुआ एवं सी.आई.एस.वी. यूथ



मीटिंग की कैम्प डायरेक्टर सुश्री पल्लवी पाण्डेय ने विभिन्न देशों से पधारे बाल प्रतिनिधियों व गणमान्य अतिथियों का हार्दिक स्वागत किया।

इस अवसर पर अपने संबोधन में सी.एम.एस. प्रबन्धक प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने कहा कि विभिन्न देशों के बाल प्रतिभागियों की यह यूथ मीटिंग वास्तव में मल्टी-लिंगुवल, मल्टी-कल्चरल एवं मल्टी-नेशनल आयोजन है, जहाँ विभिन्न देशों के बच्चे बेहद रचनात्मक वातावरण में न सिर्फ अपने विचारों को अभिव्यक्त कर रहे हैं अपितु भारत की सँस्कृति व सभ्यता से भी परिचित हो रहे हैं। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि यह अन्तर्राष्ट्रीय यूथ मीटिंग छात्रों की साँस्कृतिक, अर्न्तसाँस्कृतिक एवं अन्तर्राष्ट्रीय समझ विकसित करने में अत्यन्त महत्वपूर्ण है। सी.एम.एस. के क्वालिटी अश्योरेन्स एवं इनोवेशन विभाग की हेड एवं सी.एम.एस. इण्डिया के लखनऊ चैप्टर की सेक्रेटरी सुश्री रीना सोटी ने कहा कि यह अन्तर्राष्ट्रीय यूथ मीटिंग विभिन्न देशों के छात्रो में एकता, सहिष्णुता, प्रेम, शान्ति व सौहार्द की भावना विकसित करने एवं उन्हें विश्व नागरिक के रूप में ढालने में महती भूमिका निभाती है। उन्होंने आगे कहा कि भारत ने सारे विश्व को प्रेम, शान्ति एवं अहिंसा का संदेश दिया है और इस अन्तर्राष्ट्रीय यूथ मीटिंग के माध्यम से यही संदेश प्रसारित हो रहा है।

'ओपेन डे समारोह' का शुभारम्भ विश्व एकता प्रार्थना से हुआ तथापि विभिन्न देशों के बाल प्रतिनिधियों ने 'सी.आई.एस.वी. गीत' गाकर समस्त मानव जाति के कल्याण के लिए प्रार्थना की।

इस अवसर पर ब्राजील, इण्डोनेशिया, इटली, नार्वे, स्वीडन, वियतनाम एवं भारत से पधारे बाल प्रतिभागियों ने एक से बढ़कर एक शानदार शिक्षात्मक-साँस्कृतिक कार्यक्रमों एवं अपने-अपने देशों के लोकनृत्यों की शानदार प्रस्तुति से उपस्थित दर्शकों का दिल जीत लिया।

### यूपी में संगठन को मजबूत करेगी लोजपा : चिराग

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** केंद्रीय मंत्री और लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के अध्यक्ष चिराग पासवान ने रविवार को कहा कि उनकी पार्टी ने उत्तर प्रदेश में विधानसभा चुनाव से पहले संगठन को मजबूत करने की कोशिशों के तहत इस साल लखनऊ में पार्टी संस्थापक रामविलास पासवान की जयंती मनाने का फैसला किया है। पूर्व केंद्रीय मंत्री रामविलास पासवान का जन्म पांच जुलाई 1946 को बिहार के खगड़िया में हुआ था। पत्रकारों से बात करते हुए चिराग पासवान ने कहा कि पार्टी दिवंगत रामविलास पासवान के आदर्शों को आगे बढ़ाते हुए देश भर में अपने संगठनात्मक आधार को बढ़ाने के लिए काम कर रही है। उन्होंने कहा, पार्टी ने इस साल लखनऊ में हमारे संस्थापक, मेरे नेता और मेरे पिता, दिवंगत रामविलास पासवान की जयंती मनाने का फैसला किया है। इस कार्यक्रम के जरिए हमारा मकसद संगठन में नई ऊर्जा भरना और उत्तर प्रदेश में पार्टी को मजबूत करना है। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के घटक दल के नेता चिराग ने कहा कि लोजपा (रामविलास) ने पहले ही बिहार में मजबूत उपस्थिति बना ली है और झारखंड व नगालैंड में उसके विधायक हैं, साथ ही वह कई पूर्वोत्तर राज्यों में भी अपना दायरा बढ़ा रही है। चिराग पासवान ने कहा, इसी सोच के साथ, हमने उत्तर प्रदेश में संगठन को मजबूत करने का लक्ष्य रखा है। आने वाले दिनों में प्रदेश इकाई के नेतृत्व में राज्य के अलग-अलग जिलों में कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

# बिजली व्यवस्था सुधारने में विफल सरकार अब उपभोक्ताओं पर ही डाल रही अपनी नाकामी का बोझ : वंशराज दुबे

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

आम आदमी पार्टी (आआपा) उत्तर प्रदेश के मुख्य प्रदेश प्रवक्ता वंशराज दुबे ने रविवार को जारी बयान में उत्तर प्रदेश सरकार और लेसा पर बिजली उपभोक्ताओं के साथ संगठित आर्थिक बोझ बढ़ाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि लखनऊ में लगभग 12 लाख तथा पूरे प्रदेश में करीब 47 लाख उपभोक्ताओं के बिजली कनेक्शनों का भार बिना आवेदन, बिना सहमति और बिना किसी पूर्व सूचना के बढ़ा दिया गया है। इस निर्णय से लाखों गरीब परिवार अतिरिक्त बिजली शुल्क देने को मजबूर होंगे और बड़ी संख्या में लाइफ लाइन श्रेणी के उपभोक्ता सरकारी रियायतों से भी वंचित हो जाएंगे।

वंशराज दुबे ने कहा कि सरकार ने बिजली व्यवस्था सुधारने के बजाए सीधे जनता की जेब पर हमला किया है। पूरे प्रदेश में करीब 47 लाख उपभोक्ताओं और केवल लखनऊ में लगभग 12 लाख बिजली उपभोक्ताओं का स्वीकृत लोड एकतरफा बढ़ा दिया गया। उन्होंने कहा कि यह बिजली व्यवस्था का सुधार नहीं बल्कि जनता से अधिक राजस्व



**▸ बिना आवेदन और बिना सहमति बिजली लोड बढ़ाना पूरी तरह जनविरोधी फैसला**

वसूलने की सुनियोजित योजना है। सरकार को पहले यह बताना चाहिए कि आखिर किस आधार पर लाखों उपभोक्ताओं का लोड एक साथ बढ़ाया गया।

उन्होंने कहा कि इस फैसले का सबसे बड़ा नुकसान गरीब परिवारों को होगा। जिन उपभोक्ताओं के पास एक किलोवाट का कनेक्शन था और जो लाइफ लाइन श्रेणी के अंतर्गत सरकारी रियायतों के पात्र थे, उनका कनेक्शन बढ़ाकर दो किलोवाट कर दिया गया। इससे वे स्वतः उस श्रेणी से बाहर हो जाएंगे और उन्हें मिलने वाली सब्सिडी तथा अन्य लाभ समाप्त हो सकते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार गरीबों को योजनाओं का लाभ देने के बजाए योजनाओं से बाहर करने का नया रास्ता खोज रही है।

उन्होंने कहा कि विद्युत विभाग के अपने नियम स्पष्ट कहते हैं कि यदि किसी उपभोक्ता के यहां लगातार निर्धारित अवधि तक स्वीकृत क्षमता से अधिक लोड दर्ज होता है, तभी आवश्यक प्रक्रिया पूरी करके लोड बढ़ाया जा सकता है। लेकिन यहां लाखों उपभोक्ताओं का लोड बिना किसी तकनीकी परीक्षण, बिना नोटिस और बिना उपभोक्ता की सहमति के बढ़ा दिया गया। उन्होंने कहा कि यह न केवल नियमों की अनदेखी है बल्कि उपभोक्ताओं के अधिकारों का भी खुला उल्लंघन है। उन्होंने मांग की कि सरकार इस निर्णय को तत्काल प्रभाव से वापस ले, अन्यथा आम आदमी पार्टी इस अन्याय के खिलाफ प्रदेशभर में जनता के साथ खड़ी रहेगी और बिजली उपभोक्ताओं के अधिकारों की लड़ाई पूरी मजबूती से लड़ेगी।

**तैयारी** — गन्ना समितियों से जुड़ेंगी जनकल्याणकारी योजनाएं

# हर गन्ना किसान तक पहुंचेगा सामाजिक सुरक्षा का कवच

**▸ सहकारी गन्ना विकास समितियों में सामाजिक सुरक्षा जागरूकता एवं नामांकन महाअभियान आज से**



लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार गन्ना किसानों और उनके परिवारों को सामाजिक सुरक्षा का मजबूत कवच देने की दिशा में बड़ा अभियान शुरू करने जा रही है।

6 से 11 जुलाई तक प्रदेश की सभी सहकारी गन्ना विकास समितियों में विशेष सामाजिक सुरक्षा जागरूकता एवं नामांकन महाअभियान चलाया जाएगा। लाखों गन्ना किसान परिवारों को प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना अटल पेंशन योजना सहित भारत सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से जोड़ा जाएगा। अभियान का उद्देश्य किसानों की आर्थिक सुरक्षा, वित्तीय समावेशन और सामाजिक स्थिरता को मजबूत करना है। योगी सरकार का मानना है कि सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का व्यापक विस्तार किसानों को दुर्घटना, आकस्मिक मृत्यु और वृद्धावस्था जैसी परिस्थितियों में आर्थिक संबल प्रदान करेगा। सहकारी गन्ना विकास समितियां अभियान की प्रमुख कड़ी होंगी। वर्षों से किसानों के साथ जुड़े विश्वास को सामाजिक सुरक्षा अभियान से जोड़ा जाएगा। प्रत्येक सहकारी गन्ना विकास समिति परिसर में बैंकों, इफ्को, चीनी मिलों और सहयोगी संस्थाओं के संयुक्त सहयोग से विशेष सहायता एवं नामांकन काउंटर स्थापित किए जाएंगे। महिला स्वयं सहायता समूहों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। ग्रामीण महिला किसानों को बीमा, पेंशन और सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से जोड़ने के साथ उन्हें वित्तीय निर्णयों में अधिक सक्षम बनाने का प्रयास किया जाएगा। गन्ना पर्यवेक्षक, समिति सचिव और अधिकारी गांवों में जनसंपर्क कर किसानों को सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के साथ गन्ना विकास विभाग, इफ्को तथा चीनी मिलों द्वारा संचालित किसान हितैषी योजनाओं की भी जानकारी देंगे।

## खबरें एक नजर में

### श्रीधाम वृन्दावन दर्शन यात्रा हेतु विद्यार्थियों का दल रवाना




**पुवायां, शाहजहांपुर।** सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, पुवायाँ द्वारा आयोजित श्रीधाम वृन्दावन दर्शन यात्रा के लिए विद्यार्थियों का दल शनिवार सायं 5:00 बजे श्रद्धा एवं उत्साह के साथ रवाना हुआ। यात्रा का शुभारम्भ विद्यालय के प्रधानाचार्य द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया। इस अवसर पर उन्होंने विद्यार्थियों को अनुशासन, मर्यादा एवं भारतीय संस्कृति के अनुरूप आचरण बनाए रखने का संदेश देते हुए यात्रा की शुभकामनाएँ प्रदान कीं। विद्यालय के आचार्यों ने भी विद्यार्थियों के सुरक्षित, मंगलमय एवं सफल यात्रा की कामना की। यात्रा के दौरान विद्यार्थियों को श्रीधाम वृन्दावन के प्रमुख धार्मिक एवं सांस्कृतिक स्थलों के दर्शन का अवसर प्राप्त होगा। विद्यालय परिवार ने प्रभु श्री राधा–कृष्ण से सभी विद्यार्थियों की सुरक्षित एवं सफल यात्रा तथा सकुशल वापसी की प्रार्थना की।

### महिला ने लगाया छेड़छाड़ व मारपीट का आरोप



**रोजा, शाहजहांपुर।** रोजा थाना क्षेत्र में अटसलिया स्थित एक नमकीन फैक्ट्री में काम करने वाली महिला ने बाइक सवार तीन लोगों पर छेडछाड़ का विरोध करने पर मारपीट कर मोबाइल छीनने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी हैं। पुलिस ने तहरीर के आधार पर एक नामजद सहित तीन लोगों के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी। थाना क्षेत्र के मोहल्ला अहमदपुर टिक्कल निवासी अंजुम पुत्री रौनक अली ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि शनिवार की देर शाम वह अटसलिया स्थित नमकीन फैक्ट्री में काम करने जा रही थी, तभी थाना सिंधौली के गांव काजीपुर फिरोज पुत्र सुक्खू ने अपने दो साथियों के साथ रोक लिया और छेड़छाड़ करने लगा। विरोध करने पर इन लोगों उसकी पिटाई कर दी और मोबाइल छीनकर फरार हो गये। थानाध्यक्ष उमेश कुमार मिश्र ने बताया कि मारपीट की तहरीर मिली है, तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही हैं। लूटपाट की घटना से इंकार किया हैं।

### खुदागंज के ग्रामीण क्षेत्रों में अघोषित बिजली कटौती से लोग परेशान, सूचना व्यवस्था पर भी उठे सवाल

**खुदागंज, शाहजहांपुर।** खुदागंज क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में लगातार हो रही बिजली कटौती से आमजन को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उमस भरी गर्मी के बीच घंटों तक बिजली गुल रहने से बच्चों, बुजुर्गों और मरीजों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। ग्रामीणों का कहना है कि बिना पूर्व सूचना के लंबे समय तक बिजली आपूर्ति बाधित रहने से दैनिक कार्य भी प्रभावित हो रहे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि बिजली विभाग के पावर हाउस का सीयूजी नंबर अक्सर लंबे समय तक व्यस्त (अन्य कॉल पर) रहता है, जिससे उपभोक्ताओं को बिजली आपूर्ति बहाल होने या फॉल्ट से संबंधित कोई जानकारी नहीं मिल पाती। इसके अलावा विभाग द्वारा संचालित क्षेत्रीय व्हाट्सएप ग्रुप पर भी बिजली कटौती या संभावित मरम्मत कार्य की कोई सूचना साझा नहीं की जाती, जिससे उपभोक्ताओं में असमंजस बना रहता है। इस संबंध में एसडीओ धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि क्षेत्र में बढ़े हुए बिजली लोड (ओवरलोड) के कारण कई बार विद्युत व्यवस्था पर अतिरिक्त दबाव पड़ जाता है। ऐसी स्थिति में लाइन और उपकरणों की सुरक्षा तथा बड़े फॉल्ट से बचाव के लिए आवश्यकतानुसार कुछ समय के लिए बिजली कटौती करनी पड़ती है। उन्होंने कहा कि विभाग उपभोक्ताओं को बेहतर विद्युत आपूर्ति उपलब्ध कराने के लिए लगातार प्रयासरत है। हालांकि, क्षेत्रवासियों का कहना है कि यदि कटौती अपरिहार्य है, तो उसकी पूर्व सूचना व्हाट्सएप ग्रुप अथवा अन्य माध्यमों से साझा की जानी चाहिए, ताकि लोग अपनी आवश्यकतानुसार तैयारी कर सकें। ग्रामीणों ने बिजली विभाग से सीयूजी नंबर पर शिकायतों के प्रभावी निस्तारण तथा सूचना व्यवस्था को और बेहतर बनाने की मांग की है।

### अंटा चौराहा से बांस मंडी तक बनेगी ग्रीन रोड, 35 करोड़ की परियोजना को मंजूरी

**शाहजहांपुर।** शहर के यातायात को सुगम बनाने और सौंदर्यीकरण को बढ़ावा देने के लिए अंटा चौराहा से केरूगंज बांस मंडी तक ग्रीन रोड के निर्माण को शासन से मंजूरी मिल गई है। मुख्यमंत्री ग्रिड योजना के तहत करीब 35 करोड़ रुपये की लागत से लगभग 2.5 किलोमीटर लंबी सड़क बनाई जाएगी। इसके निर्माण से हनुमत धाम आने–जाने वाले श्रद्धालुओं के साथ शहरवासियों को भी जाम और जर्जर सड़क से राहत मिलेगी। परियोजना के तहत सड़क का निर्माण आधुनिक मानकों के अनुरूप किया जाएगा। दोनों ओर एक से दो मीटर चौड़े फुटपाथ बनाए जाएंगे। इसके अलावा भूमिगत यूटिलिटी डक्ट के माध्यम से सीवर लाइन, पेयजल पाइपलाइन, बिजली और इंटरनेट केबल बिछाई जाएंगी, जिससे भविष्य में बार–बार सड़क खोदने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। सड़क किनारे पौधरोपण और आकर्षक एलईडी लाइटें भी लगाई जाएंगी। हालांकि परियोजना के सामने सबसे बड़ी चुनौती अंटा चौराहा से बांस मंडी तक फैला अतिक्रमण है। कई स्थानों पर सड़क संकरी होने के साथ मार्ग में बने मकान और मैरिज लॉन निर्माण कार्य में बाधा बन रहे हैं। ऐसे में नगर निगम को निर्माण शुरू करने से पहले विशेष अभियान चलाकर अतिक्रमण हटाना होगा। नगर निगम ने ग्रीन रोड निर्माण के लिए टेंडर प्रक्रिया शुरू कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई पूरी होते ही निर्माण कार्य शुरू करा दिया जाएगा। परियोजना पूरी होने के बाद इस मार्ग पर यातायात व्यवस्था बेहतर होगी, हनुमत धाम तक पहुंचना आसान होगा और शहर के सौंदर्यीकरण के साथ पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा मिलेगा।

### पैतृक जमीन के फर्जी बैनामे के मामले में वांछित आरोपी गिरफ्तार



**शाहजहाँपुर।** थाना सदर बाजार पुलिस ने पैतृक जमीन का फर्जी बैनामा कराने के मामले में वांछित एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी को रविवार दोपहर छोटा कुतबां के पीछे स्थित खंडहर के पास से दबोचा। पुलिस के अनुसार, न्यायालय के आदेश पर दर्ज मुकदमा संख्या 193/2026 में आरोप है कि आरोपी मो. शकील एवं अन्य लोगों ने कूटरचित दस्तावेज तैयार कर वादी की पैतृक जमीन का फर्जी तरीके से बैनामा करा दिया था। इस मामले में थाना सदर बाजार में धोखाधड़ी, जालसाजी और फर्जी दस्तावेज तैयार करने सहित संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज है। रविवार को मुखबिर की सूचना पर थाना सदर बाजार पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए मो. शकील (59 वर्ष), निवासी बरादरी ईदगाह रोड, थाना सदर बाजार को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद आवश्यक विधिक कार्रवाई पूरी कर आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक शाहजहाँपुर के निर्देश पर चलाए जा रहे वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक नगर, क्षेत्राधिकारी नगर के पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार यादव के नेतृत्व में की गई। गिरफ्तार करने वाली टीम में निरीक्षक विनोद कुमार यादव, आरक्षी अमित एवं महिला आरक्षी शीतल शामिल रहे।

# नहर में डूबे किशोर का शव मिला, परिवार में मचा कोहराम

**सिंधौली, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



थाना सिधौली क्षेत्र में शुक्रवार से लापता चल रहे किशोर का शव रविवार सुबह शारदा नहर में झाड़ियों में फंसा मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया।

जानकारी के अनुसार नगला बलेटू गांव निवासी जाबिर हसन का 17 वर्षीय पुत्र अमिर हसन शुक्रवार को खेत पर धान की रोपाई करने गया था। इसके बाद वह घर वापस नहीं लौटा। काफी तलाश के बाद भी उसका कोई सुराग नहीं मिला तो परिजनों ने उसके नहर में डूबने की आशंका जताई। शनिवार को गोताखोरों और एसडीआरएफ की टीम ने शारदा नहर में कई घंटे तक खोजबीन की, लेकिन सफलता नहीं मिली। रविवार सुबह करीब 11 बजे कोरोकुइया गांव के पास ग्रामीणों ने नहर किनारे झाड़ियों में एक शव फंसा देखा। इसकी सूचना परिजनों और पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंचे परिजनों ने शव की पहचान अमिर हसन के रूप में की। पुलिस ने शव को बाहर निकलवाकर आवश्यक कार्रवाई पूरी की और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। अमिर तीन भाइयों में मंझला था। बड़े भाई का नाम गुलजार हसन और छोटे भाई का नाम साहिल है। उसकी दो बहनें राजवी और उजमा हैं। बेटे की मौत से मां हुस्नआरा का रो-रोकर बुरा हाल है, जबकि पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई।

कोतवाल रविंद्र सिंह ने बताया कि शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## शारदा नहर से बरामद हुआ किशोरी का शव



**सिंधौली, शाहजहांपुर।** बलेटू के लापता किशोर आमिर की तलाश में शनिवार को एसडीआरएफ की टीम लगी हुई है। देर शाम टीम के सदस्यों ने टॉर्च की रौशनी में बलेटू गाँव के सामने शारदा नहर में पश्चिम दिशा से बहकर आ रहा शव देखा। मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने लापता किशोर का शव समझ रोना शुरू कर दिया। टीम द्वारा शव को निकालकर बाहर लाया गया जो किसी किशोरी का था। जिसकी अनुमानित आयु तेरह साल है। शव लगभग तीन दिन पुराना लग रहा है। शरीर पर कोई कपड़े नहीं थे। मौके पर पहुँचे प्रभारी निरीक्षक रविन्द्र सिंह ने शव की शिनाख्त कराने की कोशिश की लेकिन शिनाख्त नही हो सकी। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि शव को पीएम के लिए भेजा गया है। पुलिस आसपास के गाँव में जानकारी कर रही है।

## पूर्व प्रधान का निधन



**सिंधौली, शाहजहांपुर।** सिंधौली के पूर्व प्रधान रहे उमर खान 55 का अचानक आज हार्ट अटैक से निधन हो गया। स्वच्छ छवि एवं मिलनसार स्वभाव के सिंधौली के प्रधान रहे उमर खान के निधन का समाचार जैसे ही मिला वैसे ही क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। पूर्व प्रधान अपने पीछे पत्नी एवं भरा पूरा परिवार छोड़ कर चले गए। पत्नी कमर जहां, बेटे नबी शान खान, फिरोज खान, अफरोज खान बेटी करिश्मा परवीन का रो रोकर बुरा हाल है।

## वरिष्ठ समाजसेवी रमेश भइया ने कुलपति से की शिष्टाचार भेंट



**शाहजहांपुर।** विनोबा सेवा आश्रम, बनतारा के संस्थापक एवं वरिष्ठ समाजसेवी रमेश भइया ने स्वामी शुकदेवानंद विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर पुष्पेंद्र बहादुर सिंह से शिष्टाचार भेंट की। इस मौके पर उन्होंने कुलपति महोदय को बधाई देते हुए उन्हें विनोबा आश्रम आने का आमंत्रण दिया एवं साथ ही आचार्य विनोबा भावे पर स्वलिखित दो पुस्तकें भी भेंट कीं। उन्होंने बनतारा में संचालित विनोबा विद्यापीठ डिग्री कॉलेज के शैक्षिक विकास में आने वाली समस्याओं से कुलपति को अवगत कराते हुए उनसे सहायता की मांग की। कुलपति महोदय ने उनकी समस्याओं को सुनते हुए उन्हें प्रत्येक स्तर पर शैक्षिक व प्रशासनिक सहयोग देने का आश्वासन दिया।

## सफाई कर्मचारी ने फांसी लगाकर दी जान

- नगर निगम में ठेकेदार के अंडर में वार्ड संख्या 18 में सफाई कर्मचारी के पद पर था तैनात

**रोजा, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



थाना रोजा में वार्ड संख्या एक के मोहल्ला चर्च कालोनी एक सफाई कर्मचारी संजय कुमार 35 पुत्र स्व. प्रेमप्रकाश ने शनिवार की देर शाम अपने घर के ऊपरी कमरे में पंखे के कुंडे में दुप्पटा बांध कर फांसी लगा ली हैं। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई।

परिजनों के अनुसार मृतक संजय शराब का आदी था और नगर निगम में ठेकेदार के अंडर में वार्ड संख्या 18 में सफाई कर्मचारी के पद पर काम करता था। शनिवार की शाम सफाई करके वापस लौटा तो किसी बात को लेकर मां मधु व पत्नी सपना से किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। इसके बाद संजय मकान के ऊपरी कमरे में चला गया और पंखे के कुंडे में दुप्पटा बांध कर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जब काफी देर तक संजय नीचे नहीं आया तो पत्नी ने ऊपर जाकर देखा तो वह फांसी के फंदे से झूल रहा था। पति को फांसी पर लटकते देख पत्नी चीख पड़ी, शोर शराबा सुनकर आस पड़ोस के लोग आ गये। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। मृतक का एक चार साल का बेटा हैं।

## अलग-अलग स्थानों पर सांड से टकरा कर बाइक सवार चार युवक घायल

- तीन घायल सीएचसी से जिला मेडिकल कॉलेज रेफर

**तिलहर – शाहजहांपुर।** अलग-अल स्थानों पर आवारा सांड से दो बाइकें टकरा गईं। इसमें बाइक सवार चार युवक घायल हो गए। जिनमें से तीन घायलों को गंभीरावस्था में जिला मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। पहला हादसा जैतीपुर रोड पर भुडेली गांव के पास हुआ। तिलहर से मिर्गापुर जा रहे बाइक सवार कल्लू 35 निवासी मोहल्ला उम्मरपुर और संत कुमार 30 निवासी ग्राम मिर्गापुर की बाइक के सामने अचानक एक सांड आ गया। सांड से टक्कर लगते ही दोनों बाइक समेत सड़क पर गिर पड़े और घायल हो गए। दूसरा हादसा कच्छीयानी खेड़ा के निकट हुआ। बलदेव सिंह अपनी पत्नी राघवेंद्र कौर के साथ शाहजहांपुर से रिश्तेदारी से लौटकर अपने गांव महियावर जा रहे थे। रास्ते में उनकी बाइक के सामने अचानक एक सांड आ गया। जिससे बाइक अनियंत्रित होकर टकरा गई। हादसे में दंपति गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची एंबुलेंस ने चारों घायलों को सीएचसी तिलहर पहुंचाया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद संत कुमार को मामूली चोट होने के कारण घर भेज दिया, जबकि कल्लू, बलदेव सिंह और राघवेंद्र कौर की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें बेहतर उपचार के लिए जिलाअस्पताल रेफर कर दिया जहां उनका इलाज जारी हैं।

## सपा प्रमुख के जन्मदिन पर चलाए जा रहे वृक्षारोपण अभियान के तहत नीरज मिश्रा लगाएंगे 1001 पौधे

**कांट, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

समाजवादी पार्टी के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य नीरज मिश्रा पूर्व सदस्य जिला पंचायत के नवादा इन्देपुर स्थित आवास पर पार्टी की बैठक जिलाध्यक्ष तनवीर खां की अध्यक्षता में हुई। जिसमें जिलाध्यक्ष ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के जन्मदिन पर वृक्षारोपण कार्यक्रम एक से सात जुलाई तक चलेगा।जिसके बाद नीरज मिश्र ने 1001 पौधों के रोपण का संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा अपने जन्मदिन पर पौधेरोपण की शुरुआत की गई है। जिससे उन्होंने प्रेरित होकर यह संकल्प लिया इससे बहुत हद तक सड़क चौड़ीकरण में कटे हजारों वृक्षों की भरपाई होगी। जिसके बाद जिलाध्यक्ष तनवीर खां के साथ नहर पटरी के किनारे 11 वृक्ष लगाकर अभियान की शुरुआत की। इस दौरान वरिष्ठ सपा नेता सैय्यद रिजवान रामकुमार भोजवाल, सत्यवीर सिंह मुखिया, अरविंद पाल, धनंजय सिंह, रामदेव मिश्र, आशुतोष तिवारी, राहुल पाल आदि मौजूद रहे।



### सड़क हादसे में घायल किशोर की इलाज के दौरान मौत

**तिलहर – शाहजहांपुर।** हाईवे पर ट्राला की टक्कर से मिनी ट्रैक्टर ट्राली सवार पर सवार घायल किशोर की तीसरे दिन इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। गौर तलब है कि गुरुवार दोपहर हाइवे स्थित भक्सी तिराहे पर ईट भरकर जा रहे मिनी ट्रेक्टर ट्रॉली में पीछे से आ रहे ट्राला ने जोरदार टक्कर मार दी थी। दुर्घटना में मिनी ट्रैक्टर पलट जाने से ट्रैक्टर चालक रिंकू पुत्र नन्हेलाल 28 निवासी ग्राम बिहारीपुर तथा ट्रॉली पर सवार रोहित पुत्र हेमराज निवासी ग्राम मित्रपुर बरुआ 16 गंभीर रूप से घायल हो जाने पर उन्हें जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गयाथा। इलाज के दौरान किशोर रोहित की मौत हो गई। जिससे मृतक के घर कोहराम मच गया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है।

## सरस्वती विद्या मंदिर प्रबंध समिति के वेद प्रकाश अध्यक्ष व रवि गुप्ता प्रबंधक बने

- पुलिस की मौजूदगी में गहमा गहमी के बीच हुआ चुनाव,
- विभाग संचालक रवि मिश्रा ने स्थिति संभाली

**तिलहर-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**





सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज की प्रबंध समिति के हुए त्रिवार्षिक चुनाव में वेद प्रकाश को अध्यक्ष व नवीन कुमार उर्फ रवि गुप्ता को सर्व सम्मति से प्रबंधक चुना गया। इस मौके समिति में प्रधानाचार्य पदेन समेत कुल 14 सदस्य नियुक्त किए गए। इस दौरान नवीन 40 सदस्यों में अधिकांश गैरजनपद के होने की चर्चा गरम रही। रविवार को प्रबंध समिति के चुनाव में हाल ही में नए बनाए गए 40 सदस्यों को लेकर समिति व साधारण सभा सदस्यों में खासा उबाल नजर आया। प्रबंध समिति के निवर्तमान अध्यक्ष रविंद्र सिंह पर सभी 40 नए सदस्यों को बनाए जाने के मद्देनजर दर्शायी गई बैठक व अनुमोदन को पुराने सदस्यों ने फर्जी करार देते हुए दो दिन पूर्व ब्रजप्रांत के क्षेत्रीय प्रबंधक से फर्जी कारण की शिकायत करते हुए (आज) रविवार को होने वाले चुनाव को निरस्त कर नवीन सदस्यों मामले की उच्च स्तरीय जांच कराए जाने की मांग की थी। लेकिन रजिस्ट्रार के यहां से मान्य सूची के चलते रविवार को ही चुनाव कराने का निर्णय लिया गया।

नवीन सदस्यों में अधिकांश गैरजनपद के होने के चलते उपजे आक्रोश को देखते हुए विद्यामंदिर चुनाव स्थल पर पुलिस बल तैनात कराया गया। सुबह दस बजे चुनाव अधिकारी बतौर ब्रजप्रांत प्रदेश निरीक्षक यशवीर सिंह व डॉ बीरी सिंह यहां पहुंचे। चुनावी प्रक्रिया शुरू होने से पूर्व ही पुराने सदस्यों का आक्रोश फूट पड़ा। गहमा गहमी बढ़ने पर शाहजी पुर के विभाग संचालक रवि मिश्रा विद्यालय पहुंचे और गहमा गहमी को शांत कराया। पुराने 22 और न्यू 40 सदस्यों में परस्पर सामंजस्य बैठकर दोपहर एक बजे चुनाव शुरू कराया गया। परस्पर सहमति बनने पर सर्व सम्मति से बरेली के वेद प्रकाश को अध्यक्ष, रविंद्र सिंह व अंकित अग्रवाल को उपाध्यक्ष, संस्थापक सदस्य नवीन कुमार उर्फ रवि गुप्ता को प्रबंधक, कृष्णपाल सिंह सह प्रबंधक, निलय शुक्ला कोषाध्यक्ष बनाए गए। जबकि सर्वेश कुमार अग्रवाल, शिवकुमार राठौर, श्याम अग्रवाल, ओम प्रकाश गंगवार, उमेंद्र नाथ मिश्रा, ईश्वर चंद अरोड़ा, अनुराग सिंह को सदस्य चुने गए। जबकि प्रधानाचार्य जितेंद्र चौहान पदेन सदस्य रहे। चुनाव प्रक्रिया में विभाग संचालक व शासकीय अधिवक्ता रवि मिश्रा, सह विभाग कार्यवाह रघुवीर सहाय शामिल रहे। इस मौके पर विभाग प्रचारक रवि प्रकाश, संजय गुप्ता, रामौतार गुप्ता, प्रभात सहाय, चिम्मनलाल गंगवार, सुनील गुप्ता, सुशील बाबू गुप्ता, कुलदीप गुप्ता, सुमित सिंह, अमित गंगवार, हर्षिल सिंह समेत तमाम लोग मौजूद रहे। इस दौरान एसआई प्रमोद कुमार, एसआई देवेंद्र कुमार व पुलिस टीम के साथ प्रबंध समिति की घोषणा होने तक मुस्तैद रहे।

# नाले का पानी दुकानों में भरा, हजारों का नुकसान

- पुवायां में विकास कार्य की पोल खोल रहा है बंडा रोड़ का नाला

**पुवायां, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

बण्डा रोड़ स्थित दुकानों में नाले का पानी दुकानों में घुस गया। जिस कारण दुकानदारों की दुकानों में पानी भर गया। जिससे उनको हजारों का नुकसान हुआ है। रविवार को सुबह हल्की बूंदाबांदी के चलते नगर के बण्डा रोड़ स्थित पर बने नाले पर चोक होने के कारण बरसात का पानी नाले में भरकर दुकानों में घुस गया। नॉक4 चोक होने के कारण नाले का पानी दुकानों में घुस गया। जब दुकानदारों को जानकारी हुई तो वह आनन फानन दुकान पर आकर उन्होंने दुकानों का पानी निकाला। इस नाले चौक पर दुकानदार नगरपालिका की पोल खोल रहे है। दुकानदारों का कहना है कि इस नाले की पानी की बजह से करीब हजारों का नुकसान हुआ है।




### हजारों का हुआ नुकसान

आशीष कोल्डड्रिंक का कहना है दुकान में पानी भरने से इंवेटर, पंखा, फ्रेज आदि समान का काफी नुकसान हुआ है। लेकिन नगरपालिका के सफाई कर्मियों ने कभी भी नाले की सफाई नही की है। जिस कारण हमारा हजारों रुपए का नुकसान हुआ है। लेकिन अभी तक कोई भी नगरपालिका का अधिकारी सुध लेने नही आया है।

### मेडिकल के दवाइयां भीगने के कारण कई मरीज वापस लौटे

मेडिकल स्वामी अनिल यादव का कहना है कि जब जानकारी मिली तो नाले का पानी दुकान में पूरी तरह भर चुका था। जब दुकान में आये तो देखा कि नीचे लगी दवाइयां पूरी तरह बर्बाद हो चुकी है। जिसके बाद पानी को बाल्टी से सड़क पर फेंका अन्य दवाइयों को सुरक्षित किया।

### बाल-बाल बचे लाइसेन्स शस्त्र

रविवार की सुबह जब जानकारी हुई कि दुकान में पानी घुस गया है तो आनन फानन बरसात में भीगते हुए दुकान में आकर देखा तो पानी दुकान में पूरी तरह भर चुका था। उसके बाद दुकान पर आकर कई घण्टे दुकान का पानी निकला। ओर नगरपालिका के अधिकारियों को सूचना दी लेकिन अभी तक नगरपालिका के अधिकारी यहां देखने नही आये है।

## नगर पालिका के नाला और नालों की सफाई न होने से बरसात का पानी दुकान और घरों में भरा

- पालिका परिषद की व्यवस्था की खुली पोल, जिम्मेदार मौन

**पुवायां, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



रविवार को सुबह अचानक काफी तेज बरसात हुई। बरसात होने से पानी के निकास की व्यवस्था न होने के कारण लोगों के घरों और दुकानों में पानी भर गया। जिस कारण लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। दुकानदारों को हजारों का नुकसान हुआ है। राजा मार्केट में बरसात का पानी भर होने से लोगों को निकलने में काफी कठिनाई हुई। और कसभरा मठिया में बरसात का पानी सड़क पर भरा होने से आने-जाने में लोगों को इधर-उधर से घूम कर अपने घरों तक जाना पड़ा। इससे जाहिर होता है कि पालिका परिषद ने नालों और नालियों की ठीक तरीके से सफाई नहीं कराई है। और बरसात होने से पानी का निकास व्यवस्थित नहीं है। इस संबंध में नगर पालिका परिषद की अधिशासी अधिकारी से बात करने की कोशिश की गई लेकिन उनका फोन रिसीव नहीं हुआ।

## जानलेवा मैनहोल

मानसून की बारिश जहां किसानों के लिये राहत लेकर आती हैं, वहीं तंत्र की काहिली और भ्रष्टाचार की पोल भी खोल देती है। मानसून की शुरुआती बारिश ने एक बार फिर सार्वजनिक संरचनाओं की जानलेवा खामियों को ही उजागर किया। मुंबई में बारिश के पानी में नजर न आने वाले एक खुले मैनहोल में गिरने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। वहीं हाल ही में खुले बहुचर्चित दिल्ली–देहरादून एक्सप्रेसवे ने पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर की बदहाली उजागर कर दी। ये घटनाएं हमें बताती हैं कि बारिश के मौसम में स्थानीय निकायों की लापरवाही व खराब इंजीनियरिंग के चलते कैसे लोगों का जीवन जोखिम में पड़ जाता है। नि:संदेह, मुंबई में हुए हादसे को रोका जा सकता था। कथित साफ–सफाई के बाद लापरवाही से खुला छोड़ा गया मैनहोल तब जानलेवा बन गया, जब बारिश के पानी से ढका खुला मैनहोल नजर नहीं आया। नि:संदेह, दुर्घटना के बाद अधिकारियों को निलंबित करना और ठेकेदार को काली सूची में डालना, फौरी तौर पर सही कदम है, लेकिन सवाल यह है कि हादसे होने के बाद ही ऐसे कदम क्यों उठाये जाते हैं? पहले से ही नागरिकों की सुरक्षा के लिये चाक–चौबंद व्यवस्था क्यों नहीं होती? कायदे से किसी सड़क पर मैनहोल खोलने से पहले बैरिकेड्स लगाने, चेतावनी देने वाले संकेत और अस्थायी कवर से ढकना बुनियादी सुरक्षा उपाय हैं। जिन्हें अनिवार्य रूप से सुनिश्चित किया जाना चाहिए। बीते साल भी दिल्ली में भारी बारिश के दौरान स्कूटर फिसलने से एक महिला और उसका तीन साल का बेटा पानी से भरे नाले में बह गये थे। ये असुरक्षित ड्रेनेज संरचना की घातकता को ही दर्शाता है। विडंबना है कि हमारा तंत्र सालभर सोया रहता है और जब बरसात शुरू होने को होती है, तब मरम्मत- नालों की सफाई के काम की औपचारिकता पूरी करता है। नि:संदेह, संबंधित विभागों के अधिकारियों की सर्वकालिक जवाबदेही तय की जानी चाहिए। फिर किसी भी तरह की लापरवाही होने पर सख्त दंडात्मक कार्रवाई भी सुनिश्चित की जानी चाहिए। वहीं दूसरी ओर दिल्ली–देहरादून एक्सप्रेसवे के धंसने की घटना भी एक चिंताजनक स्थिति को दर्शाती है। यह निर्विवाद सत्य है कि कोई सड़क बारिश आने के कारण रातों–रात नहीं धंसती है। इसमें सड़क निर्माण के दौरान सतर्कता की अनदेखी भी शामिल है। दरअसल, सड़क निर्माण के दौरान जल निकासी की कारगर व्यवस्था न होने, मिट्टी की स्थिरता सुनिश्चित न करने और निर्माण में गुणवत्ता की कमी से ही बरसाती पानी सड़क की सतह के नीचे मिट्टी को धीरे–धीरे काटने लगता है। कालांतर यह मिट्टी का कटाव ही सड़क धंसने की वजह बन जाता है। साल 2024 में बिहार में पुलों के ढहने की श्रृंखला ने भी निर्माण कार्य में घटिया सामग्री के उपयोग की हकीकत बतायी थी। इसी तरह की चिंताएं अकसर सामने आती हैं जब आधुनिक कहे जाने वाले महानगरों बेंगलुरू और मुंबई में हर मानसून में सड़कों में बने गड्ढे दुर्घटनाओं का कारण बनते हैं। इतना ही नहीं इससे यातायात में भी अराजकता व व्यवधान पैदा होता है। बहरहाल, इन सभी घटनाओं के मूल में एक बात तो समान है कि स्थानीय निकाय व प्रशासन जोखिमों का समय रहते अनुमान नहीं लगा पाते हैं। यह तथ्य सभी अधिकारी जानते हैं कि एक निश्चित समय पर मानसून आता है। बाकायदा समय–समय पर सूचना माध्यमों में मौसम विभाग द्वारा मानसून की भविष्यवाणी की जाती है। लेकिन अधिकारी तब जागते हैं जब स्थितियां जटिल हो जाती हैं। वे इन हालातों को अप्रत्याशित आपात स्थिति के रूप में दर्शाने का प्रयास करते हैं। दरअसल,कई स्तरों पर होने वाली कमीशनखोरी व राजनीतिक हस्तक्षेप के चलते अकसर ठेकेदारों की जवाबदेही तय नहीं की जाती है। विडंबना यह भी है कि निरीक्षण भी अक्सर खानापूर्ति जैसा ही होता है। वहीं दूसरी ओर सार्वजनिक संरचना का रखरखाव भी निवारक के बजाय प्रतिक्रियात्मक ही रहता है। वास्तव में कारगर समाधान के लिये जरूरी है कि मानसून से पहले सुरक्षा उपायों को संस्थागत ढंग से सुनिश्चित किया जाए, इंजीनियरिंग मानकों को सख्ती से लागू किया जाए, गुणवत्ता की स्वतंत्र जांच हो और ठेकेदार को कानूनी रूप से जवाबदेह बनाया जाए। दुर्घटना होने के बाद प्रतिक्रिया देने के बजाय यह सुनिश्चित हो कि ऐसी घटनाएं हो ही न पाएं।

# किसान की मुस्कान या महंगाई की आहट



एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी

वैश्विक स्तर पर भारत में प्याज केवल एक सब्जी नहीं, बल्कि अर्थव्यवस्था, राजनीति, कृषि और आम नागरिक की रसोई से जुड़ा अत्यंत संवेदनशील विषय है। देश में कई बार प्याज की कीमतों ने सरकारों की नीतियों को प्रभावित किया है और चुनावी राजनीति तक में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है। इसलिए जब 4 जुलाई 2026 से केंद्र सरकार ने बफर स्टॉक के लिए प्याज की सरकारी खरीद कीमत में लगभग 13.3 प्रतिशत की वृद्धि करते हुए 1,875 रुपए प्रति क्विंटल से बढ़ाकर 2,125 रुपए प्रति क्विंटल करने का निर्णय लिया जो आज 4 जुलाई 2026 से लागू हो चुका है,तो इसे केवल मूल्य वृद्धि के रूप में नहीं बल्कि किसानों,उपभोक्ताओं और कृषि बाजार के बीच संतुलन स्थापित करने वाले एक महत्वपूर्ण आर्थिक निर्णय के रूप में देखा गया। मैं यह मानता हूं कि यह निर्णय स्पष्ट संकेत देता है कि सरकार उत्पादन बढ़ाने, किसानों को न्यूनतम लाभकारी मूल्य दिलाने तथाभविष्य में मूल्य स्थिरता सुनिश्चित करने की दिशा में सक्रिय कदम उठा रही है। भारत विश्व के सबसे बड़े प्याज उत्पादक देशों में शामिल है। महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, कर्नाटक, गुजरात और राजस्थान जैसे राज्य देश के अधिकांश प्याज उत्पादन में योगदान देते हैं। इनमें भी महाराष्ट्र का नासिक क्षेत्र एशिया के सबसे बड़े प्याज उत्पादन क्षेत्रों में गिना जाता है। विडंबना यह है कि भरपूर उत्पादन होने के बावजूद किसान कई बार लागत से भी कम कीमत पर प्याज बेचने को मजबूर हो जाते हैं। दूसरी ओर, जब उत्पादन कम होता है या आपूर्ति बाधित होती है, तो यही प्याज आम उपभोक्ता की पहुंच से बाहर हो जाता है इसलिए ही कई बार जुमला आता है कि प्याज ने आंसू निकल कर रुला दिया, यही असंतुलन वर्षों से भारतीय कृषि बाजार की सबसे बड़ी चुनौती रहा है।

साथियों, सरकार द्वारा खरीद मूल्य को 250 रुपए प्रति क्विंटल बढ़ाने का सबसे बड़ा लाभ उन किसानों को मिलेगा जो अपनी उपज सरकारी बफर स्टॉक योजना के अंतर्गत बेचते हैं। यदि कोई किसान 500 क्विंटल प्याज बेचता है, तो उसे पहले की तुलना में लगभग 1.25 लाख रूपए अतिरिक्त आय प्राप्त होगी। छोटे और मध्यम किसानों के लिए यह अतिरिक्त आय खेती की लागत निकालने,अगली फसल की तैयारी करने तथा परिवार की आर्थिक सुरक्षा मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। इससे किसानों का सरकारी खरीद प्रणाली पर विश्वास भी बढ़ेगा। हालांकि केवल खरीद मूल्य बढ़ा देना किसानों की सभी समस्याओं का समाधान नहीं है। भारतीय किसान की सबसे बड़ी चुनौती उत्पादन लागत में लगातार वृद्धि है।बीज, उर्वरक, कीटनाशक,



सिंचाई, बिजली, डीजल, मजदूरी और परिवहन का खर्च लगातार बढ़ रहा है। यदि उत्पादन लागत भी उसी अनुपात में बढ़ती रहे और विपणन व्यवस्था कमजोर बनी रहे, तो केवल 13 प्रतिशत मूल्य वृद्धि सीमित राहत ही दे पाएगी इसलिए आवश्यक है किसरकार लागत कम करने वालीतकनीकों आधुनिक कृषि यंत्रों तथा वैज्ञानिक खेती को भी समान प्राथमिकता दे।

साथियों, इस निर्णय का दूसरा महत्वपूर्ण पहलू सरकारी बफर स्टॉक है। जब सरकार अच्छी कीमत पर किसानों से प्याज खरीदती है, तब वह उसे सुरक्षित भंडारण में रखती है। भविष्य में यदि किसी कारण से बाजार मेंप्याज की कमी हो जाती है या कीमतें अचानक बढ़ जाती हैं, तो यही बफर स्टॉक बाजार में उतारकर कीमतों को नियंत्रित किया जा सकता है। इस प्रकार सरकार किसानों को उचित मूल्य भी देती है और उपभोक्ताओं को अत्यधिक महंगाई से भी बचाती है। यही किसी भी सफल कृषि मूल्य नीति की सबसे बड़ी विशेषता होती है। साथियों, उपभोक्ताओं के दृष्टिकोण से देखें तो इस निर्णय का अर्थ यह नहीं है कि 4 जुलाई से ही बाजार में प्याज 13 प्रतिशत महंगा हो जाएगा। सरकारी खरीद मूल्य और खुदरा बाजार मूल्य अलग-अलग कारकों पर निर्भर करते हैं।यदि उत्पादन पर्याप्त रहेगा और सरकार समय पर बफर स्टॉक जारी करती रहेगी,तो खुदरा कीमतों में अनावश्यक वृद्धि की संभावना कम होगी। अर्थात अल्पकाल में किसानों को राहत और दीर्घकाल में उपभोक्ताओं को स्थिर कीमत, दोनों उद्देश्यों को एक साथ साधने का प्रयास इस निर्णय में दिखाई देता है। हम देखते हैं कि, भारत में प्याज की सबसे बड़ी समस्या उत्पादन नहीं बल्कि भंडारण और आपूर्ति श्रृंखला है। अनुमान है कि हर वर्ष बड़ी मात्रा में प्याज उचित वैज्ञानिक भंडारण के अभाव में खराब हो जाती है।यदि आधुनिक कोल्डस्टोरेज वेंटिलेटेड गोदाम और वैज्ञानिक भंडारण प्रणाली का व्यापक विकास हो जाए तो किसानों को मजबूरी में सस्ते दाम पर बिक्री नहीं करनी पड़ेगी और उपभोक्ताओं को भी पूरे वर्ष संतुलित कीमत पर प्याज उपलब्ध हो सकेगा। इसलिए मूल्य वृद्धि के साथ-साथ भंडारण अवसंरचना में निवेश अनिवार्य है।

साथियों, कृषि अर्थशास्त्रियों का मानना है कि किसानों की आय दोगुनी करने या स्थायी रूप से बढ़ाने का सबसे प्रभावी तरीका केवल समर्थन मूल्य नहीं बल्कि मूल्य संवर्धन (वैल्यू एडिशन) और सप्लाई चेन का आधुनिकीकरण है। प्याज से निर्जलित प्याज, प्याज पाउडर, प्याज पेस्ट और निर्यात योग्य प्रसंस्कृत उत्पाद तैयार कर किसानों को कहीं अधिक लाभ दिलाया जा सकता है। भारत यदि कृषि प्रसंस्करण पर अधिक निवेश करे तो किसानों की आय में सटीक रूप से उल्लेखनीय वृद्धि संभव है। साथियों, अंतरराष्ट्रीय बाजार भी इस निर्णय से जुड़ा हुआ है। भारत विश्व के प्रमुख प्याज निर्यातकों में शामिल है। कई देशों की खाद्य सुरक्षा भारतीय प्याज पर निर्भर रहती है। लेकिन घरेलू कीमतें बढ़ने पर भारत कई बार निर्यात पर प्रतिबंध या शुल्क लगा देता है, जिससे वैश्विक बाजार प्रभावित होता है। यदि देश में पर्याप्त बफर स्टॉक और संतुलित उत्पादन रहेगा तो भविष्य में निर्यात नीति अधिक स्थिर बनाई जा सकेगी। इससे विदेशी मुद्रा अर्जन बढ़ेगा और भारतीय किसानों को अंतरराष्ट्रीय बाजार का सटीकता से बेहतर लाभ मिलेगा। साथियों जलवायु परिवर्तन भी प्याज उत्पादन के लिए गंभीर चुनौती बन चुका है। अनियमित वर्षा, ओलावृष्टि, अत्यधिक तापमान तथा सूखे जैसी घटनाएं उत्पादन को प्रभावित करती हैं। ऐसे समय में यदि किसानों को न्यूनतम लाभकारी मूल्य की गारंटी मिले तो उनका जोखिम कम होता है। इसलिए यह निर्णय केवल आर्थिक नहीं बल्कि जलवायु जोखिम प्रबंधन की दिशा में भी एक सकारात्मक कदम माना जा सकता है। इस नीति का सामाजिक प्रभाव भी महत्वपूर्ण है। जब किसान को उचित मूल्य मिलता है तो ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत होती है। उसकी क्रय शक्ति बढ़ती है, स्थानीय बाजारों में व्यापार बढ़ता है, रोजगार के अवसर बढ़ते हैं और ग्रामीण विकास को गति मिलती है। दूसरी ओर यदि किसान लगातार घाटे में रहेगा तो कृषि छोड़ने की प्रवृत्ति बढ़ेगी, जिसका असर देश की खाद्य सुरक्षा पर पड़ेगा। इसलिए किसानों को लाभकारी मूल्य देना केवल कृषि का प्रश्न नहीं बल्कि राष्ट्रीय आर्थिक स्थिरता का विषय भी है। साथियों, हालांकि विशेषज्ञ यह भी कहते हैं कि सरकार को मूल्य वृद्धि के साथ पारदर्शी खरीद व्यवस्था सुनिश्चित करनी होगी। यदि खरीद केंद्र पर्याप्त नहीं होंगे या भुगतान समय पर नहीं होगा तो किसान इस योजना का पूरा लाभ नहीं उठा पाएंगे। डिजिटल भुगतान, ऑनलाइन पंजीकरण, पारदर्शी गुणवत्ता परीक्षण तथा समयबद्ध खरीद व्यवस्था इस नीति की सफलता के लिए आवश्यक हैं। भविष्य की कृषि नीति में केवल समर्थन मूल्य पर निर्भर रहने के बजाय किसानों को बाजार से जोड़ने की रणनीति भी महत्वपूर्ण होगी।किसान उत्पादक संगठन (एफपीओ ), ई-नाम (ई-नाम), कृषि निर्यात केंद्र, प्रसंस्करण उद्योग और अनुबंध खेती जैसी व्यवस्थाओं का संतुलित विस्तार किसानों को बेहतर मूल्य दिला सकता है। यदि इन सभी सुधारों को सरकारी खरीद नीति के साथ जोड़ा जाए तो कृषि क्षेत्र में सटीकता से व्यापक परिवर्तन संभव है। साथियों, भारत को आज ऐसी कृषि नीति की आवश्यकता है जो किसान, उपभोक्ता और बाजार तीनों के हितों का संतुलन बनाए। किसान को उचित मूल्य मिले, उपभोक्ता को उचित दर पर खाद्य सामग्री उपलब्ध हो और सरकार को बार-बार आपातकालीन हस्तक्षेप न करना पड़े। प्याज की सरकारी खरीद मूल्य में 13 प्रतिशत वृद्धि इसी संतुलन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम प्रतीत होती है, लेकिन इसकी वास्तविक सफलता इस बात पर निर्भर करेगी कि इसे कितनी पारदर्शिता, दक्षता और दूरदर्शिता के साथ लागू किया जाता है।

अतः अगर उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि कहा जा सकता है कि 2,125 रुपए प्रति क्विंटल की नई सरकारी खरीद कीमत केवल एक प्रशासनिक निर्णय नहीं, बल्कि भारतीय कृषि व्यवस्था में संतुलन स्थापित करने का प्रयास है। यदि इसके साथ वैज्ञानिक भंडारण, आधुनिक कृषि तकनीक, बेहतर विपणन, स्थिर निर्यात नीति, प्रसंस्करण उद्योग और किसानों के लिए आसान बाजार व्यवस्था को भी समान गति से विकसित किया जाए, तो यह निर्णय भारत की कृषि अर्थव्यवस्था को नई दिशा दे सकता है। तभी किसान समृद्ध होंगे, उपभोक्ता सुरक्षित रहेंगे और भारत की खाद्य मूल्य स्थिरता विश्व के लिए एक सफल मॉडल बन सकेगी। यही विकसित भारत की कृषि नीति का वास्तविक आधार भी होना चाहिए।

विचार

# गोहत्या की पक्षधरता : इतिहास, संस्कृति व अतीत को अपमानित करने का कृत्य



हृदयनारायण दीक्षित

तमिलनाडु सरकार भारतीय संस्कृति पर लगातार हमलावर है। हाई कोर्ट के उस फैसले के विरुद्ध राज्य सरकार सुप्रीम कोर्ट गई है, जिसमें कोर्ट ने गोहत्या पर पाबंदी लगाई थी। राज्य सरकार की तरफ से कहा गया है कि गाय वध किए जाने योग्य है। दूसरी तरफ, गाय भारतीय संस्कृति में मां की तरह आदरणीय हैं। वैदिक काल से लेकर आधुनिक काल तक गाय की प्रतिष्ठा है लेकिन विचारधारा के प्रति दुराग्रही तत्व गोहत्या की बातें करते हैं।

मंत्रों के अर्थार्थ में अपनी-अपनी दृष्टियाँ होती हैं। वैदिक समाज गाय को अघन्या/अवध्य मानता था। ऋग्वेद (1.164.27) में वह अघन्या है (वध न किए जाने योग्य), सौभाग्यदायिनी है। गाय सम्पूर्ण वैदिक साहित्य की श्रद्धा केन्द्र है। अथर्ववेद में वह विराट ब्रह्म है। वह एक सूक्त (9.12) की देवता है, ''गाय का ऊपरी जबड़ा द्युलोक है, निचला पृथ्वी, जीभ विद्युत है, दाँत मरुद्गण हैं, उदर भाग अंतरिक्ष है, दोनों कंधे मित्र और वरुण हैं आदि।''

इसके पहले ऋग्वेद (8.101.215) में कहते हैं, ''यह रुद्रों की माता, वसुओं की दुहिता, आदित्यों की बहन तथा अमृत की नाभि है। यह अवध्य है।'' थोड़े शब्द बदल कर यही मंत्र अथर्ववेद में भी दुहराया गया है। यजुर्वेद भी गाय की महिमा से भरापूरा है। अथर्ववेद (12.4) में गाय को कष्ट पहुँचाने वालों का दण्ड वर्णित है, ''जो गाय के कान को पीड़ा देते हैं वे मानो देवताओं पर प्रहार करते हैं। जो गौ पर परिचय चिह्न बनाते हैं, उनका धन नष्ट होता है। जो साज-सज्जा के लिए गौ बाल काटते हैं इस अपराध कर्म से उनकी संतानें मृत्यु को प्राप्त होती हैं। जिस गोपति के सामने कौआ गाय के बाल नोचता है, उसकी संतानें मर जाती हैं आदि।'' फिर गोहत्या के बारे में (अथर्व 12.9) कहा, ''गौघाती इस लोक और परलोक दोनों में दण्डनीय है।''

ऋग्वेद (8.4.11) के एक मंत्र 'उक्षात्राय, वशात्राय, सोमपृष्ठाय वेधसे' के आधार पर मैकडनल और कीथ ने 'वैदिक इंडेक्स' में आर्यों को गोमांस भक्षी बताया है। यहाँ ऋषि अग्नि की प्रार्थना करते हैं। उन्होंने उक्षा का अर्थ बैल तथा वशा का अर्थ गाय लगाया। उनके मुताबिक अग्नि देव मांस भक्षी हैं। इन विद्वानों ने उक्षा और वसा के साथ प्रयुक्त 'अन्नाय' (अन्न) शब्दों पर गौर नहीं किया। सातवलेकर ने इसी मंत्र के अनुवाद में कहा, ''अन्न को रस से सिंचित करने वाले, अन्न को रमणीय बनाने वाले सोमपीठ अग्नि की हम उपासना करते हैं।''

भारत में अन्न मांस नहीं था। 10वें मंडल के 27वें सूक्त के मंत्र 17 को भी गोमांस भक्षण के पक्ष में इस्तेमाल किया जाता है। वे मंत्र 17 के 'पीवान मेष' का अर्थ भेड़ का पकाया जाना लगाते हैं। लेकिन लुडविग ने 'पीवान मेष' का अर्थ जल से फूला मेघ किया है। सत्यकेतु विद्यालंकार ने बताया, ''ये मंत्र पहेलियों के रूप में हैं। यहाँ मेष का अर्थ भेड़ न होकर मेघ राशि अभिप्रेत है ... 'पीवानंमेष' का अर्थ मेष राशि के तारा पुंज को चमकाना है।'' (प्राचीन भारतीय इतिहास का वैदिक युग, पृ. 213)

देवता मनुष्य की श्रद्धा है। मनुष्य अपना प्रिय खाद्य ही देवताओं को अर्पित करता है। गोदुग्ध वैदिक समाज का प्रिय पेय है। एक ऋषि अग्नि को दूध देना चाहते हैं लेकिन उनके पास 'अघन्या गाय' है नहीं। (ऋ. 8.102.19) ऋषि इन्द्र से कहता है, अघन्या अपना



दूध तुम्हें देती है। (9.1.9) इन्द्र 'अघन्या रक्षक' (8.69.2) हैं तब वह और उनके अनुयायी आर्य अघन्या भक्षक कैसे होंगे? अघन्या अश्विनी देवों को भी दूध देती है। (1.164.27) गाएँ ऋग्वैदिक समाज में ही ऋषित्व की श्रेणी में पहुँच गईं। वे सोम की स्तुति करती हैं। अथव.ॅमें तो खैर वे देवता हैं ही। घी, अग्नि का अन्न है। वैदिक समाज जौ खाता था। अग्नि को भी जौ खिलाता था। वे गाय के दूध में सोम मिलाकर इन्द्र को भेंट करते थे। एक अन्न था धाना/धान्या। वे इन्द्र को धाना खिलाते थे। (ऋ 4.24.7)

ऋषि इन्द्र से कहते हैं, प्रतिदिन पधारो, धाना खाओ। (ऋ 3.53.7) खेती के देवता पूषन थे। वे 'करम्भ' प्रेमी हैं। मार्क्सवादी विचारक डॉ. रामविलास शर्मा ने बताया, करम्भ भुना हुआ अनाज था। करम्भ इन्द्र पूषन सबका प्रिय है। लेकिन घी के साथ मिलाकर तैयार 'अपूप' अन्य देवों के साथ मरुतगण भी खाते हैं। (ऋ 3.52.7) मैकडनल और कीथ ने एक और वैदिक व्यंजन 'पुरोडास' को 'यज्ञ की रोटी' बताया है। ऋषि इन्द्र से कहते हैं, प्रार्थना सुनो, पुरोडाइस खाओ। (ऋ 4.32.16) जो इन्द्र को पुरोडास खिलाता है, उसे इन्द्र पापों से बचाते हैं (ऋ 8.31.2) वैदिक समाज का जौ, धाना, करम्भ, अपूप, पुराडास, दूध और घी प्रेम चारों वेदों में व्याप्त है। गोमांस खिलाने का कहीं जिक्र ही नहीं। गाएं श्रद्धा हैं। अन्न खाद्य है। एक देवता बृहस्पति हैं। उन्होंने गायों को आकाश तक चरने भेजा (ऋ 2.24.14) मैकडनल ने लिखा, वह बादलों में जाकर गायों को पुकारते हैं। (ऋ 10.68.12)

ऋग्वेद से लेकर महाभारत और वर्तमानकाल तक गाय भारतीय संस्कृति और परम्परा में पूज्य है। तुलसीदास ने रामजन्म के कारण में से एक कारण गोसंवर्द्धन बताया, विप्र धेनु सुर संतहित लीन्ह मनुज अवतार। गीता में कृष्ण ने अर्जुन को अपने तमाम रूपों में से एक गाय रूप भी बताया। कृष्ण गोपाल थे। कौटिल्य ने भी गोसंरक्षण को जरूरी बताया। प्राचीन भारत गोपूजक था। गाय प्रतिष्ठा थी, गाय समृद्धि थी, गाय ऐश्वर्य थी। चैथी सदी के चीनी यात्री फाहियान व 7वीं सदी ह्वेनसांग के निष्कर्ष हैं कि भारत में मांसाहारी नहीं हैं।

गोहत्या के विरुद्ध भारत में अनेक आंदोलन हुए। गांधीजी ने गोहत्या बंदी को स्वराज का एक अंग बताया। गाय भारतीय अर्थव्यवस्था की माँ है, समाज व्यवस्था और सांस्कृतिक व्यवस्था का श्रद्धा केन्द्र। बावजूद इसके गोहत्या की पक्षधरता है। ऐसे तत्व गोमांस का पक्ष लेकर न जाने कैसा भारत बनाने का ख्वाब देख रहे हैं। अपने इतिहास, संस्कृति और अतीत को अपमानित करने का ऐसा कृत्य निन्दनीय है। विश्व इतिहास में किसी राष्ट्र में ऐसे आत्मघाती विचार नहीं मिलते। यह भारत का अपमान है। सनातन संस्कृति और परम्परा पर बेहूदा प्रहार है।

*(लेखक, उत्तर प्रदेश विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष हैं।)*

साहित्य

## मौसम ने बदला रंग



स्मृति श्रीवास्तव


प्यासी धरती पुलक उठी
जब वर्षा का संकेत मिला।
मरुभूमि के सूखे तन पर
हरित विहँसता रूप खिला।

चपला चमकी नभ के उर में
झम झम वर्षा होने लगी।
मौसम ने बदला अपना रंग
चहुँ ओर नव उमंग छाने लगी।

धूल धूसरित पल्लव तरु के
वर्षा में भीगकर नव्य हुए।
चातक,मोर,पपीहे के संग
सारे उपवन भव्य हुए।

झर झर गिरते निर्झर मानो
गाने लगे राग मल्हार।
अंकुर फूट पड़े माटी से
वृष्टि ने किया भू का श्रृंगार।

प्रकृति का यह नव रंग सिखाता
नूतनता को सहर्ष अपनाना।
समय बुरा हो या हो अच्छा
कर्म के पथ पर बढ़ते जाना !!!



## राशिफल

**मेष:-** समस्याओं के समाधान हेतु मन नयी-नयी युक्तियों पर केंद्रित होगा। महत्वपूर्ण कार्य के प्रति आलस्य न करें। छोटी-छोटी बातों पर क्रोधित न हो।

**वृषभ:-** स्वयं पर भरोसा रख योजनाओं को सुचारू रुप से क्रियान्वित करें। सगे-संबंधों में सरल व व्यावहारिक बनने की कोशिश करें। अर्थाभाववश चिंता संभव।

**मिथुन:-** किसी महत्वपूर्ण कार्य में अवरोध से मन हतोत्साहित होगा। संबंधों के प्रति कुछ नयी शिकायतें संभव। किसी विद्वान के विचारों से मन में उत्साह का संचार होगा।

**कर्क:-** कोई नई जिज्ञासा मन को आकर्षित करेगी। भौतिक सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी। शिक्षा-प्रतियोगिता की दिशा में किया गया परिश्रम तीव्र होगा। रोजगार में प्रगति संभव।

**सिंह:-** किसी महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होगा। मित्रवत संबंधों का लाभ प्राप्त होगा। आवेश में लिये गये निर्णय से पश्चाताप संभव। रोजगार में अति व्यस्तता रहेगी किंतु कार्य को समय से पूर्ण करें।

**कन्या:-** कुछ अच्छे आसारों से मन प्रफुल्लित रहेगा। पेशे संबंधी कोई यात्रा में अवरोध संभव। शिक्षार्थियों के लिए विशेष लाभ के आसार बनेंगे।

**तुला:-** मन सकारात्मक विचारों से प्रभावित होगा। नाजुक संबंधों में संतुलित वाणी का प्रयोग करें। कोई हितैषी बिगड़े हुए संबंधों को सुधरवायेगा।

**वृश्चिक:-** सभी प्रकार के दायित्वों की पूर्ति हेतु संतुलित योजना पर चलें। किसी महत्वपूर्ण निर्णय में सगे-संबंधियों का सहयोग प्राप्त होगा। विरोधियों की प्रबलता से कार्यक्षेत्र में कुछ कठिनाइयां संभव।

**धनु:-** नये समीकरण लाभकारी कार्य क्षमता के परिचायक होंगे। प्रणय संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी। आय-व्यय में संतुलन बनाने का प्रयत्न करें।

**मकर:-** कोई नई जिज्ञासा मन को आकर्षित करेगी। भौतिक सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी। शिक्षा-प्रतियोगिता की दिशा में किया गया परिश्रम सार्थक होगा। रोजगार में प्रगति संभव।

**कुंभ:-** पुरानी समस्याओं पर विजय प्राप्त कर उत्साहित होंगे। नियोजित कार्यकुशलता से प्रगति के लिए आशान्वित होंगे। सुखद कार्य की व्यस्तता रहेगी।

**मीन:-** क्षमता से परे किसी कार्य की जिम्मेदारी लेना हानिकार हो सकती है। विद्यार्थी शिक्षा में लापरवाही न करें। रोजगार में लाभ के नये अवसर प्राप्त होंगे।

# इरेक्टाइल डिसफंक्शन की बढ़ती व्यापकता और बचाव के प्रभावी उपाय



उमेश कुमार सिंह

इरेक्टाइल डिसफंक्शन, जिसे स्तंभन दोष या नपुंसकता भी कहा जाता है, पुरुषों में होने वाली एक सामान्य लेकिन गंभीर स्वास्थ्य समस्या है। इस स्थिति में व्यक्ति यौन संबंध स्थापित करने के लिए पर्याप्त स्तंभन प्राप्त करने या उसे बनाए रखने में कठिनाई महसूस करता है। यह केवल शारीरिक समस्या नहीं है, बल्कि इसके पीछे मानसिक, सामाजिक और भावनात्मक कारण भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वर्तमान समय में बदलती जीवनशैली, बढ़ता मानसिक तनाव, अनियमित दिनचर्या और विभिन्न दीर्घकालिक बीमारियों के कारण इसकी व्यापकता लगातार बढ़ रही है। विभिन्न अध्ययनों के अनुसार चालीस से सत्तर वर्ष की आयु के लगभग आधे पुरुष किसी न किसी स्तर पर इस समस्या का अनुभव करते हैं तथा उम्र बढ़ने के साथ इसका जोखिम और अधिक बढ़ जाता है।

समाज में इस विषय से जुड़ी अनेक भ्रांतियां और झिझक मौजूद हैं। अधिकांश पुरुष इसे अपनी कमजोरी मानकर छिपाने का प्रयास करते हैं और चिकित्सकीय सलाह लेने से बचते हैं। परिणामस्वरूप समस्या धीरे धीरे गंभीर होती जाती है तथा उपचार भी अधिक जटिल और महंगा हो सकता है। इसलिए इसके बारे में सही जानकारी होना और समय रहते विशेषज्ञ से परामर्श लेना अत्यंत आवश्यक है।

इरेक्टाइल डिसफंक्शन के लक्षण प्राय: धीरे धीरे विकसित होते हैं। सबसे प्रमुख लक्षण यौन उत्तेजना के बावजूद पर्याप्त स्तंभन प्राप्त न कर पाना है। कई बार स्तंभन प्रारंभ तो हो जाता है, लेकिन यौन क्रिया पूरी होने से पहले ही समाप्त हो जाता है। कुछ पुरुषों में यौन इच्छा भी धीरे धीरे कम होने लगती है। इसके साथ ही अपने यौन प्रदर्शन को लेकर चिंता, आत्मविश्वास में कमी और बार बार असफल होने का डर मानसिक तनाव को और बढ़ा देता है। यदि ये लक्षण लगातार बने रहें तो उन्हें सामान्य मानकर अनदेखा नहीं करना चाहिए। इस समस्या के अनेक कारण हो सकते हैं। मानसिक कारणों में सबसे प्रमुख कारण यौन प्रदर्शन को लेकर अत्यधिक चिंता है। यदि किसी व्यक्ति को बार बार असफल होने का डर सताने लगे तो मस्तिष्क से लिंग तक पहुंचने वाले सामान्य तंत्रिका संकेत प्रभावित हो जाते हैं, जिससे स्तंभन में कठिनाई होती है। कार्यस्थल का दबाव, आर्थिक समस्याएं, पारिवारिक तनाव और व्यक्तिगत जीवन की चुनौतियां भी शरीर में तनाव हार्मोन का स्तर बढ़ाती हैं, जो यौन क्षमता पर प्रतिकूल प्रभाव डालता है। अवसाद और चिंता जैसी मानसिक स्थितियां भी यौन इच्छा तथा प्रदर्शन दोनों को प्रभावित करती हैं। वैवाहिक या प्रेम संबंधों में संवाद की कमी, भावनात्मक दूरी और आपसी मतभेद भी इस समस्या को बढ़ा सकते हैं। कई बार अतीत के अप्रिय यौन अनुभव या असफलताओं की स्मृतियां व्यक्ति के मन में भय उत्पन्न करती हैं, जो लंबे समय तक स्तंभन दोष का कारण बनी रह सकती हैं। कुछ दवाओं का नियमित सेवन भी इरेक्टाइल डिसफंक्शन से जुड़ा पाया गया है। उच्च रक्तचाप, अवसाद, हृदय रोग, कैंसर उपचार तथा मूत्र संबंधी रोगों में प्रयुक्त कुछ दवाएं रक्त प्रवाह अथवा तंत्रिका तंत्र को प्रभावित कर सकती हैं। इसी प्रकार मल्टीपल स्केलेरोसिस, स्ट्रोक, रीढ़ की हड्डी की चोट, मस्तिष्क के ट्यूमर, अल्जाइमर और पार्किंसंस जैसे तंत्रिका संबंधी रोग भी स्तंभन क्षमता को प्रभावित करते हैं। हार्मोन संबंधी विकार, विशेष रूप से लंबे समय से अनियंत्रित मधुमेह, इस समस्या का एक महत्वपूर्ण कारण है। मधुमेह के कारण नसों की क्षति, रक्त प्रवाह में कमी और हार्मोनल असंतुलन विकसित हो सकता है, जिससे स्तंभन क्षमता प्रभावित होती है। इसके अतिरिक्त श्रोणि क्षेत्र की सर्जरी, पेरोनी रोग तथा बढ़ती आयु भी जोखिम को बढ़ाते हैं। धूम्रपान, अत्यधिक शराब का सेवन और अन्य नशीले पदार्थों का उपयोग रक्त वाहिकाओं तथा तंत्रिका तंत्र को नुकसान पहुंचाकर इस समस्या की संभावना को और बढ़ा देता है।

यदि स्तंभन संबंधी समस्या लगातार तीन महीने या उससे अधिक समय तक बनी रहे, यौन इच्छा में लगातार कमी महसूस हो, इस कारण दांपत्य जीवन प्रभावित होने लगे, मानसिक तनाव या अवसाद बढ़ने लगे अथवा आत्मसम्मान में गिरावट महसूस होने लगे, तो बिना संकोच किसी योग्य चिकित्सक या विशेषज्ञ से परामर्श लेना चाहिए। प्रारंभिक अवस्था में पहचान और उपचार से बेहतर परिणाम प्राप्त होते हैं।

इरेक्टाइल डिसफंक्शन के उपचार और बचाव में मनोवैज्ञानिक परामर्श की महत्वपूर्ण भूमिका है। संज्ञानात्मक व्यवहार चिकित्सा व्यक्ति के नकारात्मक विचारों और अनावश्यक भय को पहचानकर उन्हें सकारात्मक सोच में बदलने में सहायता करती है। इससे आत्मविश्वास बढ़ता है और यौन प्रदर्शन में सुधार आता है। विशेषज्ञ द्वारा दी जाने वाली सेक्स थेरेपी भी यौन गतिविधियों से जुड़े मानसिक दबाव को कम करने और स्वस्थ यौन व्यवहार विकसित करने में सहायक होती है। युगल परामर्श भी कई मामलों में अत्यंत लाभकारी सिद्ध होता है। जब दोनों साथी अपनी भावनाओं, अपेक्षाओं और समस्याओं पर खुलकर चर्चा करते हैं, तो आपसी विश्वास और भावनात्मक निकटता बढ़ती है। इससे मानसिक तनाव कम होता है और संबंधों में सकारात्मक परिवर्तन आता है।

ध्यान, योग, प्राणायाम और माइंडफुलनेस जैसी तकनीकें मानसिक शांति प्रदान करती हैं तथा तनाव को नियंत्रित करने में मदद करती हैं। नियमित रूप से गहरी और धीमी श्वास लेने का अभ्यास शरीर और मन दोनों को शांत करता है, जिससे यौन प्रदर्शन पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है।

स्वस्थ जीवनशैली अपनाना भी इस समस्या की रोकथाम का महत्वपूर्ण आधार है। नियमित व्यायाम रक्त संचार को बेहतर बनाता है, हृदय को स्वस्थ रखता है और मानसिक तनाव को कम करता है। संतुलित आहार, पर्याप्त नींद और स्वस्थ वजन बनाए रखना भी आवश्यक है। यदि कोई व्यक्ति धूम्रपान, शराब या अन्य नशीले पदार्थों का सेवन करता है, तो उन्हें छोड़ना उपचार का महत्वपूर्ण हिस्सा माना जाता है। यह समझना आवश्यक है कि इरेक्टाइल डिसफंक्शन कोई शर्म की बात नहीं, बल्कि एक उपचार योग्य चिकित्सीय स्थिति है। समय पर सही परामर्श, आवश्यक जांच, जीवनशैली में सुधार, मनोवैज्ञानिक सहयोग और चिकित्सक द्वारा निर्धारित उपचार के माध्यम से अधिकांश पुरुष सामान्य और संतोषजनक यौन जीवन प्राप्त कर सकते हैं। इस प्रक्रिया में जीवनसाथी का सहयोग, समझ और भावनात्मक समर्थन भी अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इसलिए इस समस्या को छिपाने या अनदेखा करने के बजाय खुलकर विशेषज्ञ से सलाह लेना ही सबसे प्रभावी और जिम्मेदार कदम है।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक:** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 5/295, विपुल खण्ड-5, गोमती नगर, लखनऊ-226010, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672,**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

## खबरें एक नजर में

### जहरीला पदार्थ खाने से विवाहिता की मौत, पति पर प्रताड़ना का आरोप

**असोथर, फतेहपुर।** असोथर थाना क्षेत्र में विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत के मामले में पुलिस ने भाई की तहरीर पर पति के खिलाफमुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। तिवारी का पुरवा मजरे सातोधरमपुर निवासी शत्रोहन पासवान ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वर्ष 2017 में उसकी बहन सविता की शादी पासिन का डेरा मजरे सरकंडी निवासी महेश पुत्र रामबरन पासवान के साथ हुई थी। आरोप है कि शादी के बाद से पति उसकी बहन को लगातार प्रताड़ित करता था। मायके आने पर वह प्रताड़ना की बात बताती थी, जिस पर परिजन उसे समझाकर ससुराल भेज देते थे, लेकिन पति के व्यवहार में कोई सुधार नहीं हुआ। आरोप है कि पति की प्रताड़ना से तंग आकर 22 जून 2026 को सविता ने जहरीला पदार्थ खा लिया। सूचना पर परिजन उसे जिला अस्पताल ले गए, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने कानपुर रेफ्र कर दिया। कानपुर ले जाते समय रास्ते में उसकी मौत हो गई। अगले दिन पंचायतनामा और पोस्टमार्टम की कार्रवाई कराई गई। थानाध्यक्ष राम शंकर सरोज ने बताया कि मृतका के भाई की तहरीर के आधार पर संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है तथा जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जाएगी।

### रेशम बाग के पास घायल नीलगाय की मौत

**विजयीपुर, फतेहपुर।** विजयीपुर क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सिलमी में रेशम बाग के पास रविवार को एक नीलगाय घायल अवस्था में मिली। ग्रामीणो द्वारा सूचना मिलते ही वन विभाग को जानकारी दी गई सूचना पर पहुंची वन विभाग की टीम ने मृत नीलगाय का अंतिम संस्कार कराया। ग्रामीणों ने बताया कि नीलगाय रेशम बाग के पास गंभीर रूप से घायल पड़ी थी। वन विभाग को सूचना देकर उपचार का प्रयास किया गया, लेकिन कुछ ही समय बाद नीलगाय की मृत्यु हो गई। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। आवश्यक औपचारिकताएं पूरी करने के बाद नीलगाय के शव को ग्रामीणों की मदद से विधिवत दफ़नाया गया। वन विभाग के अधिकारियों ने घटनास्थल का निरीक्षण भी किया। वन विभाग क्षेत्रीय दरोगा अनूप शुक्ला ने बताया कि कुत्ते बहुत ज्यादा नोच दिये थे इसलिए हम लोग नीलगाय को बचा नही पाये और वहीं पास में सकुशल अंतिम संस्कार कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि वन्यजीव हमारी प्राकृतिक धरोहर हैं। यदि कहीं कोई वन्य जीव घायल या संकट में दिखाई दे, तो उसकी सूचना तुरंत वन विभाग या संबंधित प्रशासन को दें, ताकि समय रहते उसकी सहायता की जा सके। इस मौके पर युवा समाजसेवी निखिल त्रिपाठी, नवीन, प्रशांत, अनुज यादव, ननकू गौतम, झल्लू आदि ग्रामीणों ने वन विभाग टीम के साथ अंतिम संस्कार कराया।

### पुलिस लाइन में बच्चों ने पौधरोपण कार्यक्रम किया आयोजित

**पुलिस अधीक्षक के निर्देशन पर आवासित परिवारों के बच्चों ने पौधरोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का सन्देश**



**महोबा।** अपर पुलिस महानिदेशक एवं पुलिस महानिदेशक के जीएसओ मुख्यालय, पुलिस महानिदेशक उप्र लखनऊ के आदेश पत्र के अनुपालन में तथा पुलिस अधीक्षक शशांक सिंह के निर्देशन में वामा सारथी (उप्र पुलिस फैमिली वेलफेयर एसोसिएशन) कार्यक्रम के अंतर्गत पुलिस लाइन महोबा में आवासित पुलिस परिवारों के बच्चों द्वारा पर्यावरण संरक्षण हेतु वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान पुलिस परिवारों के बच्चों ने अत्यंत उत्साह एवं ऊर्जा के साथ प्रतिभाग किया तथा परिसर में विभिन्न स्थानों पर फलदार एवं छायादार पौधों का रोपण किया। बच्चों द्वारा आम, अमरूद, नीम, पीपल आदि पौधे लगाए गए, जिससे भविष्य में हरित वातावरण का निर्माण हो सके। कार्यक्रम में उपस्थित पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भी बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए उनके साथ वृक्षारोपण किया। इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों द्वारा बच्चों एवं परिजनों को संबोधित करते हुए पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। बताया गया कि वर्तमान समय में पर्यावरण असंतुलन, जलवायु परिवर्तन एवं प्रदूषण जैसी गंभीर समस्याओं के समाधान हेतु वृक्षारोपण अत्यंत आवश्यक है। वृक्ष न केवल हमें शुद्ध वायु प्रदान करते हैं, बल्कि जल संरक्षण, तापमान संतुलन एवं जैव विविधता को बनाए रखने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम के अंतर्गत सभी उपस्थित लोगों को अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने एवं लगाए गए पौधों के संरक्षण एवं देखभाल का संकल्प दिलाया गया। साथ ही यह भी प्रेरित किया गया कि प्रत्येक व्यक्ति अपने जीवन में कम से कम एक पौधा अवश्य लगाए और उसकी नियमित देखभाल सुनिश्चित करे। इस कार्यक्रम के माध्यम से पुलिस परिवारों के बच्चों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ समाज को भी सकारात्मक संदेश दिया गया कि फ्रवृक्षारोपण ही जीवन का आधार हैफ्र तथा पर्यावरण संरक्षण हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।

### तीन निरीक्षक, तीन उप निरीक्षकों के कार्यक्षेत्र बदले

**उरई (जालौन)।** पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह ने जनपद में कानून-व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने तथा अपराध नियंत्रण के उद्देश्य से जनपद के तीन निरीक्षकों और तीन उप निरीक्षकों के तबादले किए हैं। स्थानांतरित निरीक्षक विनोद कुमार मिश्र को पुलिस लाइन से प्रभारी निरीक्षक थाना माधौगढ़ बनाया गया। निरीक्षक शशिकांत चौहान को प्रभारी निरीक्षक थाना नदीगांव से स्थानांतरित कर प्रभारी निरीक्षक एएचटी की जिम्मेदारी सौंपी गई। निरीक्षक राजकुमार वर्मा को प्रभारी निरीक्षक एएचटी से अतिरिक्त निरीक्षक थाना कुठौंद नियुक्त किया गया। जबकि उप निरीक्षक अभिलाष मिश्र को थानाध्यक्ष माधौगढ़ से थानाध्यक्ष आटा बनाया गया। उप निरीक्षक राजकुमार को वरिष्ठ उप निरीक्षक थाना नदीगांव से थानाध्यक्ष नदीगांव नियुक्त किया गया। उप निरीक्षक अजय कुमार सिंह, जो थानाध्यक्ष आटा थे, उनका गैर जनपद स्थानांतरण किया गया। एसपी जालौन का यह प्रशासनिक फेरबदल तत्काल प्रभाव से लागू माना जा रहा है।

### सलैया खालसा में कई दिनों से ठप पड़ी नमामि गंगे की जलापूर्ति, लोग परेशान



**पनवाड़ी/महोबा।** विकासखंड पनवाड़ी की ग्राम पंचायत सलैया खालसा में नमामि गंगे एवं हर घर जल योजना के तहत पेयजल आपूर्ति कई दिनों से बाधित होने का मामला सामने आया है। भीषण गर्मी के बीच पानी न मिलने से ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से समस्या का शीघ्र समाधान कराने की मांग की है। ग्रामीणों का आरोप है कि नमामि गंगे योजना के तहत बनाई गई पानी की टंकी में कचरा जमा है, जिससे आपूर्ति होने वाला पानी गंदा आता है। उनका कहना है कि टंकी की नियमित सफाई नहीं होने से लोगों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। वहीं कई दिनों से पाइपलाइन में पानी नहीं आने के कारण ग्रामीण हैंडपंप और अन्य वैकल्पिक स्रोतों पर निर्भर हैं। ग्रामीणों का कहना है कि हर घर जल योजना का उद्देश्य प्रत्येक घर तक स्वच्छ पेयजल पहुंचाना है, लेकिन सलैया खालसा में योजना का लाभ नहीं मिल रहा है। ग्राम प्रधान सलैया प्रतिनिधि नरेंद्र राजपूत ने आरोप लगाया कि संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों की लापरवाही के कारण गांव के लोग पेयजल संकट से जूझ रहे हैं। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द जलापूर्ति बहाल नहीं की गई तो वे उच्च अधिकारियों से शिकायत कर आंदोलन करने को मजबूर होंगे। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी महोबा से मामले की जांच कराकर टंकी की सफाई, पाइपलाइन की मरम्मत तथा नियमित जलापूर्ति सुनिश्चित कराने की मांग की है, ताकि हर घर तक स्वच्छ पेयजल पहुंच सके। इस संबंध में नमामि गंगे योजना के जेई देवेंद्र कुमार ने बताया कि जलापूर्ति लाइन क्षतिग्रस्त हो गई है, जिसके कारण पानी की आपूर्ति बाधित है। मरम्मत का कार्य कराया जा रहा है और अगले कुछ दिनों में लाइन ठीक होने के बाद नियमित जलापूर्ति बहाल कर दी जाएगी।

### माधौगढ़ कोतवाली के प्रभारी बदले, अभिलाष आटा भेजे गए, विनोद संभालेंगे कमान



**माधौगढ़ (जालौन)।** पुलिस विभाग में प्रशासनिक व्यवस्था को अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से किए गए तबादलों के तहत माधौगढ़ कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक अभिलाष मिश्रा का स्थानांतरण आटा थाने में कर दिया गया है। वहीं उनकी जगह निरीक्षक विनोद कुमार मिश्रा को माधौगढ़ कोतवाली का नया प्रभारी निरीक्षक नियुक्त किया गया है। रविवार दोपहर करीब 12 बजे तबादले की सूचना मिलते ही पुलिस महकमे में चर्चाओं का दौर शुरू हो गया। नव नियुक्त प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार मिश्रा शीघ्र ही माधौगढ़ पहुंचकर अपना कार्यभार ग्रहण करेंगे, जबकि अभिलाष मिश्रा आटा थाने में अपनी नई जिम्मेदारी संभालेंगे। विनोद कुमार मिश्रा पूर्व में जालौन, झांसी और ललितपुर जनपद के विभिन्न थानों एवं कोतवालियों में प्रभारी निरीक्षक के रूप में अपनी सेवाएं दे चुके हैं। उन्हें अनुभवी, जनसरोकारों से जुड़े और प्रभावी पुलिस अधिकारी के रूप में जाना जाता है। प्रभारी निरीक्षक के परिवर्तन के साथ ही क्षेत्र की कानून-व्यवस्था, अपराध नियंत्रण और पुलिसिंग की कार्यशैली को लेकर लोगों की निगाहें नए कोतवाली प्रभारी पर रहेंगी। स्थानीय लोगों को उम्मीद है कि विनोद कुमार मिश्रा प्रभावी पुलिस व्यवस्था बनाए रखने के साथ-साथ आमजन की समस्याओं का त्वरित और निष्पक्ष समाधान सुनिश्चित करेंगे।

# स्कूल चलो अभियान के तहत निकली प्रभात फेरी

**फतेहपुर, समृद्धि न्यूज़।**



सदर तहसील के मिचकी में सोशल एजुकेशन डेवलपमेंट सोसाइटी प्रभात फेरी एवं स्कूल चलो अभियान का शुभारंभ किया गया। इस दौरान बच्चों, अभिभावकों एवं ग्रामीणों को शिक्षा के महत्व के प्रति जागरूक किया गया तथा विद्यालय नहीं जाने वाले बच्चों को स्कूल में नामांकन एवं नियमित रूप से विद्यालय जाने के लिए प्रेरित किया गया। अभियान के अंतर्गत निकाली गई प्रभात फेरी में बच्चों ने शिक्षा से संबंधित जागरूकता संदेशों के साथ पूरे गांव में भ्रमण किया। कार्यक्रम के संयोजक एवं संस्थापक राकेश सविता ने कहा कि शिक्षा ही समाज के विकास का सबसे सशक्त माध्यम है और प्रत्येक बच्चे को शिक्षा से जोड़ना हम सभी की जिम्मेदारी है। इस अवसर पर आचार्य बाबू सिंह ने भी बच्चों एवं अभिभावकों को संबोधित करते हुए शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि शिक्षित समाज ही विकसित राष्ट्र का निर्माण करता है तथा सभी अभिभावकों को अपने बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजना चाहिए। कार्यक्रम में महेंद्र सिंह, सहयोगी सदस्य सचिन सिंह, किसान नेता राकेश यादव सहित क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिक एवं सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर गांव के प्रत्येक बच्चे को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित ग्रामीणों ने हर बच्चा स्कूल जाए के संकल्प के साथ अभियान को सफल बनाने का आश्वासन दिया। इस पहल की ग्रामीणों द्वारा सराहना की गई तथा इसे शिक्षा के क्षेत्र में एक सकारात्मक कदम बताया गया।

## घर में घुसकर तोड़फोड़ व जान से मारने की धमकी, चार पर मुकदमा दर्ज

**असोथर, फतेहपुर।** असोथर थाना क्षेत्र के बजहा कुटी मजरे सातो धरमपुर गांव निवासी शहजाद की तहरीर पर पुलिस ने चार नामजद समेत अन्य लोगों के खिलाफ घर में घुसकर तोड़फोड़, गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया है। मामले की जांच शुरू कर दी गई है। शिकायतकर्ता के अनुसार 23 जून की रात करीब आठ बजे गांव के राजेश, इरफान, नफीस और अरमान उसके घर के सामने बिरयानी व पुलाव बना रहे थे। विरोध करने पर आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित का आरोप है कि इसके बाद आरोपी घर में घुसने और दरवाजा तोड़ने का प्रयास करने लगे। जान बचाने के लिए वह छत के रास्ते निकलकर गांव छोड़कर चला गया। पीड़ित का कहना है कि एक जुलाई की शाम करीब साढ़े चार बजे घर लौटने पर आरोपी दोबारा हथियारों और लाठी-डंडों के साथ उसके घर में घुस आए। भय के कारण वह और उसके परिजन एक कमरे में बंद हो गए। सूचना मिलने पर डायल-112 पुलिस मौके पर पहुंची और सभी को सुरक्षित बाहर निकाला। पीड़ित का आरोप है कि थाने जाते समय भी आरोपी रास्ते में उसे रोकने के लिए खड़े थे, जिससे वह किसी तरह बचकर रसूलाबाद रेलवे स्टेशन पहुंचा और रात वहीं बिताई। पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक को दिए प्रार्थना पत्र में अपने और परिवार की सुरक्षा के साथ आरोपियों के खिलाफकड़ी कार्रवाई की मांग की है। थाना प्रभारी रमाशंकर सरोज ने बताया कि तहरीर के आधार पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच उपनिरीक्षक शत्रुघ्न वर्मा को सौंपी गई है। जांच में जो तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## झगड़ा कर रहे भाइयों पर शांतिभंग की कार्रवाई

**जालौन (उरई)।** आपस में झगड़ा कर रहे भाइयों के बीच पत्थरबाजी हुई। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों के खिलाफ शांतिभंग की कार्रवाई की। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला जोशियाना निवासी अनुराग और शिवम सगे भाई हैं। दोनों भाइयों के बीच अक्सर विवाद होता रहता है। रविवार की सुबह किसी बात को लेकर दोनों भाइयों के बीच विवाद होने लगा। विवाद बढ़ता हुआ गाली, गलौज व मारपीट तक पहुंच गया। मोहल्ले के लोगों ने समझाने का प्रयास किया। न मानने पर उन्होंने यूपी 112 को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस को देखकर दोनों एक दूसरे पर पत्थर फेंकने लगे। जिसके बाद पुलिस दोनों को कोतवाली ले आई जहां उनके खिलाफ शांतिभंग की कार्रवाई की गई।

## सभी पार्टी कार्यकर्ता एकजुट होकर कार्य करें: ओम प्रकाश गिहार



**फतेहपुर।** आज एक आवश्यक बैठक कांग्रेस पार्टी की मासिक बैठक धाता में ब्लाक अध्यक्ष खलीक अहमद की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक का संचालन रवि केशरवानी ने किया बैठक में मुख्य अतिथि ओम प्रकाश गिहार पूर्व प्रत्याशी विधान सभा खागा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी कार्यकर्ता सभी एकजुट होकर कार्य करे। मुख्य अतिथि श्री गिहार ने कहा कि भगवान श्री राम के नाम जो चंदा आया उसको भी आरएसएस एवं भाजपा के लोगों ने चुरा लिया। भाजपा व आरएसएस से लोगों को सावधान रहने की आवश्यकता है। और इण्डिया गठबन्धन को मजबूत करें। बैठक में प्रमुख लोग उपस्थित रहे अजय सिंह पटेल, जागेश्वर निषाद, दुर्गा प्रसादशुक्ला, डॉ. वीडी सिंह, दिनेश कुमार पासवान, गुड्डू सिंह पटेल, अमन सिंह पटेल, अभिषेक सिंह, कमला देवी पासवान, आदि लोग मौजूद रहे।

## सड़क हादसे के बाद जाम, 19 नामजद समेत अन्य पर मुकदमा दर्ज

**असोथर, फतेहपुर, समृद्धि न्यूज़।**

असोथर थाना क्षेत्र के सुजानपुर गांव में बुधवार सुबह अनियंत्रित ओमनी वैन की टक्कर से साइकिल सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने असोथर-विजयीपुर स्टेट हाईवे पर बांस-बल्ली और झाड़ियां डालकर करीब तीन घंटे तक जाम लगा दिया। ग्रामीण गांव के पास स्थायी स्पीड ब्रेकर बनवाने की मांग पर अड़े रहे। पुलिस और प्रशासन के आश्वासन के बाद जाम समाप्त हुआ, वहीं पुलिस ने इस मामले में 19 नामजद समेत अन्य लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार, सुबह करीब आठ बजे ओमनी वैन (यूपी-78 जीसी-1756), जो असोथर से विजयीपुर की ओर जा रही थी, ने साइकिल से घर लौट रहे सुजानपुर निवासी सौरभ उर्फ शानू सिंह चौहान (18) पुत्र स्वर्गीय कामता प्रसाद उर्फ लंबरी तथा दीनानाथ (25) पुत्र राजबहादुर सिंह को टक्कर मार दी। हादसे के बाद चालक कृपाशंकर निवासी मालिन डेरा मजरा रायपुर भसरौल थाना किशनपुर भागने लगा, लेकिन ग्रामीणों ने पीछा कर उसे पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया। दोनों घायलों को 108 एंबुलेंस से अमर शहीद जोधा अटैया सिंह मेडिकल कॉलेज भेजा गया। सौरभ के सिर, हाथ और रीढ़ की हड्डी तथा दीनानाथ के सिर और पैर में गंभीर चोटें आई हैं। हादसे के बाद ग्रामीणों ने सड़क पर बांस-बल्ली और झाड़ियां डालकर सुबह करीब नौ बजे से दोपहर 12 बजे तक मार्ग जाम रखा। इससे यातायात पूरी तरह प्रभावित रहा और राहगीरों के साथ एंबुलेंस सेवा भी बाधित हुई। सूचना पर क्षेत्राधिकारी थरियांव रवि प्रकाश सिंह, प्रभारी निरीक्षक रमाशंकर सरोज सहित कई थानों की पुलिस मौके पर पहुंची। बाद में नायब तहसीलदार लक्ष्मी बाजपेई ने जल्द स्पीड ब्रेकर बनवाने का आश्वासन दिया तथा पीडब्ल्यूडी को निर्देश दिए। नगर पंचायत अध्यक्ष नीरज सिंह सेंगर ने तत्काल दो अस्थायी स्पीड ब्रेकर भी बनवाए, जिसके बाद जाम समाप्त हुआ। प्रभारी निरीक्षक रमाशंकर सरोज ने बताया कि सड़क जाम कर सरकारी कार्य में बाधा डालने के आरोप में छोटू, राममिलन, अनुज चौहान, नान बऊआ, दिलीप, दीपू, उदल, नीरज, हरिशंकर, सत्यदेव, छोटा सिंह, झुरू, रामलाल, ज्ञानमती, कमलेश कुमारी, रूबी, दिलदार चौहान की पत्नी, अमृतलाल चौहान की पत्नी, ननकाई चौहान की पत्नी समेत अन्य के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 126(2), 189(2) और 285 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। उन्होंने बताया कि मामले की विवेचना की जा रही है और साक्ष्यों के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# मिशन शक्ति फेज-5.0 के तहत महोबा पुलिस का जनपदव्यापी बहू-बेटी सम्मेलन

- सम्मेलन में महिलाओं को सुरक्षा, सम्मान व स्वावलंबन का दिया संदेश

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**



पुलिस अधीक्षक शशांक सिंह के कुशल निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक वंदना सिंह के मार्गदर्शन में मिशन शक्ति फेज-5.0 (द्वितीय चरण) के अंतर्गत जनपद महोबा के समस्त थाना क्षेत्रों में वृहद स्तर पर बहू-बेटी सम्मेलन का आयोजन किया गया। महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन, लखनऊ, उत्तर प्रदेश द्वारा निर्गत एसओपी के अनुपालन में जनपद के सभी थाना क्षेत्रों में स्थापित मिशन शक्ति केंद्र टीमों द्वारा अपने-अपने क्षेत्र में कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें बड़ी संख्या में महिलाओं, बहुओं, बालिकाओं, छात्राओं, आंगनबाड़ी कार्यकर्त्रियों, आशा बहुओं, स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं, जनप्रतिनिधियों एवं सम्मानित नागरिकों की उत्साहपूर्ण सहभागिता रही।

कार्यक्रमों के दौरान महिलाओं एवं बालिकाओं से संवाद स्थापित करते हुए उन्हें समाज में महिलाओं की गरिमा, सुरक्षा एवं आत्मनिर्भरता के महत्व से अवगत कराया गया। साथ ही मिशन शक्ति अभियान के उद्देश्यों नारी सुरक्षा, नारी सम्मान एवं नारी स्वावलंबन के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की गई। सम्मेलन के दौरान महिलाओं को उनके संवैधानिक एवं विधिक अधिकारों, घरेलू हिंसा से संरक्षण अधिनियम, दहेज प्रतिषेध अधिनियम, बाल विवाह निषेध अधिनियम, कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न से संरक्षण अधिनियम एवं महिला उत्पीड़न से संबंधित विभिन्न कानूनी प्रावधानों के प्रति जागरूक किया गया, युवतियों एवं छात्राओं को शिक्षा के महत्व, आत्मरक्षा, आत्मविश्वास, व्यक्तित्व विकास, सुरक्षित भविष्य निर्माण एवं डिजिटल प्लेटफॉर्म के सुरक्षित उपयोग के संबंध में विशेष रूप से जागरूक किया गया। उन्हें साइबर अपराध, ब्लैकमेलिंग एवं ऑनलाइन ठगी से बचाव के उपाय बताते हुए किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने हेतु प्रेरित किया गया। इसके अतिरिक्त शासन द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं—मिशन शक्ति, महिला हेल्प डेस्क, कन्या सुमंगला योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान, वन स्टॉप सेंटर, उज्ज्वला योजना, वृद्धावस्था पेंशन योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना एवं प्रधानमंत्री आवास योजना—के संबंध में भी विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। साथ ही 112, 1090, 181, 1098, 1930, 1076, 102 एवं 108 हेल्पलाइन नंबरों का व्यापक प्रचार-प्रसार किया गया। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुनते हुए उन्हें आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया गया तथा यह विश्वास दिलाया गया कि महिला सुरक्षा एवं सम्मान के लिए महोबा पुलिस सदैव प्रतिबद्ध है और हर परिस्थिति में उनके साथ खड़ी है। कार्यक्रम के समापन पर सभी महिलाओं एवं बालिकाओं को सामाजिक कुरीतियों के विरुद्ध जागरूक रहने, बेटियों की शिक्षा को बढ़ावा देने, आत्मनिर्भर बनने एवं किसी भी आपात स्थिति में बिना किसी झिझक के पुलिस एवं हेल्पलाइन सेवाओं से संपर्क करने हेतु प्रेरित किया गया।

## महोबकंठ पुलिस ने अवैध शस्त्र व कारतूस के साथ अभियुक्त को दबोचा




**महोबा, समृद्धि न्यूज।**

पुलिस अधीक्षक शशांक सिंह के नेतृत्व में, अपर पुलिस अधीक्षक वंदना सिंह के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ अनुरुद्ध कुमार के पर्यवेक्षण में जनपद में अवैध शस्त्र व कारतूस की बिक्री/परिवहन पर अंकुश लगाने हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना महोबकंठ पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई। थाना महोबकंठ प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार द्वारा गठित पुलिस टीम, उनि रोहित कुमार, उनि अजय प्रताप सिंह, रि.कां. कौशिक सिंह एवं रि.कां. नितिन कनौजिया द्वारा भूरा टूडर मोड़ के पास चेकिंग के दौरान 1 नफर अभियुक्त विकास राजपूत पुत्र बबलू राजपूत, उम्र करीब 18 वर्ष निवासी ग्राम भुजपुरा थाना महोबकंठ जनपद महोबा को नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। बरामदगी के आधार पर अभियुक्त के विरुद्ध थाना महोबकंठ पर मुअसं 94/2026 धारा 3/25 आयुध अधिनियम पंजीकृत कर अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया तथा अन्य विधिक कार्यवाही अमल में लाई गई।

## पुलिस ने आठ गुमशुदा मोबाइल बरामद कर कर स्वामियों को सौंपा



**जालौन (उरई)।** ऑपरेशन मुस्कान के तहत कोतवाली पुलिस ने लगभग एक लाख 55 हजार रुपये कीमत के आठ गुमशुदा मोबाइल बरामद कर उनके स्वामियों को लौटाए। खोए हुए मोबाइल वापस पाकर उनके स्वामियों के चेहरों पर खुशी लौटी। कोतवाली पुलिस ने ऑपरेशन मुस्कान के तहत खोए हुए मोबाइल को बरामद किया है। कोतवाली प्रभारी हरिशंकर चंद, एसएसआई संजय कुमार यति व कम्प्यूटर ऑपरेटर आनंद कुमार सचान के नेतृत्व में पुलिस टीम ने ऑनलाइन सीईआईआर पोर्टल मदद से आठ गुमशुदा मोबाइल फोन बरामद किए। बरामद मोबाइलों की कुल कीमत लगभग एक लाख 55 हजार रुपये आंकी गई है। बरामद मोबाइल फोन उनके स्वामी जोशियाना निवासी अर्पित त्रिपाठी, सहावनाका निवासी ऐहतसाम खान, कोंच कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बस्ती निवासी जुनीश, सारंगपुर निवासी शीबू कुसमारा निवासी आशू, दिल्ली के सरिता बिहार निवासी देवेंद्र सिंह, मध्यप्रदेश के दतिया निवासी प्रशांत साहू जयपुर के शेखावत नगर झलाना निवासी अनिल कुमार को सौंपे गए। खोए हुए मोबाइल फोन वापस पाकर उनके चेहरों पर खुशी लौट आई और उन्होंने पुलिस का आभार व्यक्त किया।

## रामलला मंदिर प्रांगण में यज्ञ व भंडारा आयोजित

**कुलपहाड़/महोबा, समृद्धि न्यूज।**



नगर के रामलला मंदिर प्रांगण में यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है जिसमें उरई से आए यज्ञाचारियों द्वारा पूजा अर्चना के साथ रविवार को यज्ञ के उपरांत पूर्णाहुति दी गई एवं भंडारा आयोजित किया गया तथा वर्षों से खाली शिव मंदिर में शिवलिंग की स्थापना की गई।

नगर के रामलला मंदिर में धार्मिक आयोजनों की धूम मची रहती है प्रांगण में स्थित शिव मंदिर में कई वर्ष पूर्व शिवलिंग को खंडित कर दिया गया था जिससे मंदिर में पूजा अर्चना बंद हो गई थी उसको देखते हुए नगर के समाजसेवी अशोक सक्सेना एडवोकेट द्वारा रविवार को धार्मिक आयोजन के साथ शिवलिंग की प्रतिमा की स्थापना की गई! मंदिर प्रांगण में चल रहे यज्ञ में उपस्थित लोगों द्वारा आहुति दी गई, उरई से आए यज्ञाचार्यो ने हवन कर विधि विधान से यज्ञ संपन्न कराया। यज्ञ के आयोजन के बाद शाम के समय भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में नगर वासियों ने पहुंचकर यज्ञ के भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया इस अवसर पर डॉक्टर कमलेश सक्सेना, राकेश अरजरिया, राजू सोनी, संजय अग्रवाल आदि नगर के बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# आईजीआरएस में फर्जी निस्तारण और लापरवाही पर लेखपाल निलंबित

- जिलाधिकारी की वर्चुअल समीक्षा में खुली अनियमितताएं
- एसडीएम की जांच में आरोप सही मिलने पर हुई कार्रवाई

**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज़।**




जन शिकायतों के समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण को लेकर सख्त रुख अपनाए हुए जिलाधिकारी ने आईजीआरएस संदर्भों की वर्चुअल समीक्षा के दौरान तहसील जालौन के लेखपाल नीटू यादव द्वारा शिकायतों का सही निस्तारण न करने की कार्यप्रणाली पर नाराजगी जताते हुये लेखपाल को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया।

समीक्षा में यह भी पाया गया कि आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त सीमांकन व ओलावृष्टि संबंधी शिकायतों का नियमानुसार तथ्यात्मक निस्तारण किए बिना सरसरी तरीके से उनका निस्तारण सिंह दिया गया है। क्रॉस जांच में शिकायतकर्ता से संवाद में मामला सही पाया गया। उक्त मामले को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी जालौन राकेश सोनी को संबंधित लेखपाल के विरुद्ध जांच कर कार्यवाही के निर्देश दिए। उप जिलाधिकारी द्वारा की गई जांच में आरोप प्रथम दृष्टया सही पाए जाने के बाद तहसीलदार जालौन की संस्तुति पर लेखपाल नीटू यादव को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर उनके विरुद्ध विभागीय अनुशासनात्मक कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई है। जांच में यह भी सामने आया कि संबंधित लेखपाल द्वारा शासकीय दायित्वों के निर्वहन में लगातार लापरवाही बरती गई। ओलावृष्टि राहत प्रकरण में भी आवश्यक अभिलेखों एवं प्रभावित किसानों के बैंक खातों का सही विवरण समय पर उपलब्ध नहीं कराया गया, जिससे राहत सहायता वितरण की प्रक्रिया प्रभावित हुई। प्रशासन द्वारा कई बार निर्देश दिए जाने के बाबजूद अपेक्षित सहयोग नहीं किया गया। जिलाधिकारी ने कह कि आईजीआरएस शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की फर्जी रिपोर्टिंग, तथ्यों को छिपाने या शासकीय कार्यो में लापरवाही किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जन शिकायतों का पारदर्शी, गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण शासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है और इसमें लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। निलंबन अवधि में नीटू यादव का मुख्यालय तहसीलदार कार्यालय, जालौन निर्धारित किया गया है। बिना सक्षम अधिकारी की पूर्व अनुमति के वह मुख्यालय नहीं छोड़ सकेंगे। विभागीय जांच के लिए नायब तहसीलदार, जालौन को जांच अधिकारी नामित किया गया है।

## सूचना

सर्वसाधारण को सुचित किया जाता है कि सूचनाकर्ता श्रवण कुमार पुत्र वासुदेव सिंह निवासी ग्राम पूरे सुबेदार मजरे रौनी, थाना कोतवाली व तहसील हैदरगढ़ जिला-बाराबंकी, अपने पुत्र वीरेन्द्र सिंह व पुत्र वधू मोहिनी सिंह का आचरण व कार्य व्यवहार ठीक न होने के कारण मैं अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ। पुत्र व पुत्रवधू अपने किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। आज से मेरा उपरोक्त पुत्र व पुत्रवधू दोनों से कोई वास्ता व सरोकार नहीं हैं।

**सूचनाकर्ता- श्रवण कुमार पुत्र वासुदेव सिंह, निवासी ग्राम पूरे सूबेदार मजरे रौनी, थाना कोतवाली हैदरगढ़, जिला बाराबंकी**

# बाराबंकी में भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत

**समृद्धि न्यूज़, रामसनेहीघाट बाराबंकी।**



भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र सिंह का रविवार को लखनऊ से अयोध्या जाते समय सफेदाबाद और बघौरा में भाजपा कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाएं पहनाकर उनका अभिनंदन किया और संगठन के समर्थन में नारे लगाए। प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र सिंह ने कार्यकर्ताओं का आभार जताते हुए कहा कि भाजपा किसान मोर्चा किसानों के हितों की रक्षा और उनके सर्वांगीण विकास के लिए पूरी प्रतिबद्धता से कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ हर किसान तक पहुंचाना संगठन की प्राथमिकता है। इसके लिए कार्यकर्ताओं को गांव-गांव जाकर किसानों से संवाद करना होगा। भाजपा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष प्रमोद तिवारी ने कहा कि किसान मोर्चा प्रदेशभर में किसानों को संगठन से जोड़ने का कार्य कर रहा है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत बनाने और सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में प्रदेश महामंत्री रामबाबू द्विवेदी, किसान मोर्चा के क्षेत्रीय अध्यक्ष, जिला अध्यक्ष आशुतोष अवस्थी, प्रेम प्रकाश द्विवेदी, अनिल यादव, आशीष द्विवेदी, युवराज सिंह, हरिमोहन शुक्ला, अशोक राजन यादव, भूपेंद्र शुक्ला, रविकांत, देवेश शुक्ला, शिवम शुक्ला, संजय वर्मा, दशरथ सिंह चौहान, शाहिद समेत बड़ी संख्या में भाजपा और किसान मोर्चा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

स्वागत कार्यक्रम के अंत में कार्यकर्ताओं ने संगठन को बूथ स्तर तक और अधिक मजबूत बनाने तथा किसानों के बीच सरकार की योजनाओं के प्रचार-प्रसार का संकल्प लिया।

## सड़क हादसे में बाइक सवार घायल, जिला अस्पताल रेफर

**हैदरगढ़, बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** कोतवाली हैदरगढ़ क्षेत्र के अंतर्गत मालिनपुर स्थित पाल ढाबे के पास सड़क हादसे में एक बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची एंबुलेंस ने घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हैदरगढ़ पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार लखनऊ जनपद के सलेमपुर गंगागंज निवासी आमिर पुत्र अजीज हैदरगढ़ क्षेत्र में अपनी रिश्तेदारी में आया हुआ था। शनिवार को वह बाइक से मालिनपुर स्थित पाल ढाबे की ओर जा रहा था। इसी दौरान उसकी बाइक अनियंत्रित होकर किसी अज्ञात वाहन से टकरा गई। हादसे में आमिर गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। स्थानीय लोगों ने तत्काल एंबुलेंस को सूचना दी, जिसके बाद घायल युवक को सीएचसी हैदरगढ़ ले जाया गया। वहां मौजूद चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए उसे बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया।



## बाराबंकी जिला अस्पताल के वरिष्ठ सर्जन डॉ. रोहित प्रसाद निलंबित, गंभीर आरोपों पर शासन की कार्रवाई

**समृद्धि न्यूज़, बाराबंकी।** उत्तर प्रदेश शासन ने बाराबंकी जिला चिकित्सालय में तैनात वरिष्ठ परामर्शदाता (सर्जन) डॉ. रोहित प्रसाद को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। चिकित्सा अनुभाग-2 द्वारा 1 जुलाई 2026 को जारी आदेश में उनके खिलाफ गंभीर कदाचार के आरोपों के आधार पर विभागीय अनुशासनिक कार्यवाही प्रस्तावित होने की बात कही गई है। शासन के आदेश के अनुसार डॉ. रोहित प्रसाद पर समय से ओपीडी में न बैठने, ऑपरेशन थिएटर में समय पर उपस्थित न होने, अस्पताल के कर्मचारियों एवं मरीजों के साथ अनुचित व्यवहार करने तथा उच्चाधिकारियों के आदेशों की अवहेलना करने जैसे गंभीर आरोप लगाए गए हैं।

# पीडीए वृक्षारोपण अभियान के तहत विधायक संग सपाइयों ने किया पौधारोपण

**महराजगंज रायबरेली समृद्धि न्यूज़।**



अखिलेश यादव के जन्मदिन के दिन से समाजवादी पार्टी द्वारा पीडीए वृक्षारोपण अभियान कार्यक्रम चलाया जा रहा है।जिसके तहत सपा विधायक श्याम सुंदर भारती द्वारा जाकिर हुसैन नगर महराजगंज की बाग मे वृक्षारोपण किया गया।

विधायक श्याम सुंदर भारती ने कहा कि लगातार बढ़ती गर्मी बदलते मौसम और पर्यावरणीय चुनौतियों से निपटने के लिए अधिक से अधिक पौध रोपण और जनभागीदारी जरूरी है वही कार्यक्रम में मौजूद सपा नेता फिरोज अहमद ने कहा कि पर्यावरण को प्रदूषित होने से बचाने के लिए वन संरक्षण बेहद जरूरी है। इस मौके पर फिरोज अहमद एडवोकेट जोनल प्रभारी सपा शब्बीर अहमद मंसूरी आसिफ कुरैशी मुस्ताक राइनी सभासद पिंटू खान संदीप वैश्य रामसमुझ रावत सोनू भारती मुकीम मंसूरी एडवोकेट रामचरण मौर्य फारुख घोसी आरिफ कुरैशी तौफीक अहमद कलाम कुरैशी अमरेंद्र राजपूत अब्दुल तौफीक सहित अन्य सपाई मौजूद रहे।

# अध्यक्ष योगेश द्विवेदी के नेतृत्व में चलाया गया व्यापक सदस्यता अभियान

**हैदरगढ़, बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** नगर पंचायत हैदरगढ़ में आज उद्योग व्यापार संगठन की ओर से एक व्यापक सदस्यता अभियान चलाया गया इस अभियान का नेतृत्व संगठन के अध्यक्ष योगेश द्विवेदी ने किया। अभियान का मुख्य उद्देश्य संगठन का विस्तार करना और अधिक से अधिक व्यापारियों को इससे जोड़ना रहा अभियान के दौरान संगठन के पदाधिकारी ने नगर के विभिन्न व्यापारियों से मुलाकात कर जनसंपर्क किया और व्यापारियों को संगठन से जुड़ने का आग्रह कर उनके सम्मान व सुरक्षा का पूरा आश्वासन दिया गया। इस अवसर पर संगठन के उपाध्यक्ष शादाब अहमद मीडिया प्रभारी विष्णु शुक्ला संयुक्त मंत्री गया कश्यप बहादुर सिंह आदि मौजूद रहे।



# 12 जुलाई को बाराबंकी में रहेंगे अभिमुक्तेश्वरानंद

**मसौली बाराबंकी।** आगामी 12 जुलाई (रविवार) को परमाराध्य परमधर्माधीश ज्योतिषपीठाधीश्वर स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती का जनपद बाराबंकी आगमन प्रस्तावित है। इस दौरान वह अपनी 81 दिवसीय गो-रक्षा यात्रा के अंतर्गत जिले की विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में पहुंचकर लोगों से संवाद करेंगे तथा गौमाता को राष्ट्रमाता का दर्जा दिए जाने और देशभर में गो हत्या पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने की मांग को लेकर जनसमर्थन जुटाएंगे। ग्राम पतेहपुरवा स्थित श्री पंचमुखी हनुमतधाम दण्डी संन्यासी आश्रम एवं जगतगुरुकुलम के महंत स्वामी सम्भवानन्द जी महाराज ने बताया कि शंकराचार्य की इस यात्रा का उद्देश्य गौमाता पर हो रहे अत्याचार को रोकना गो हत्या पर पूर्ण प्रतिबंध की मांग को बल देना है।

## अवैध संबंधों के विवाद में महिला की हत्या 48 घंटे में तीन आरोपी गिरफ्तार



**समृद्धि न्यूज़, सीतापुर।**

कोतवाली देहात क्षेत्र में महिला पिंकी गुप्ता हत्याकांड का पुलिस ने 48 घंटे के भीतर खुलासा करते हुए एक महिला समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त खून से सना लोहे का बेलचा भी बरामद किया। पुलिस के अनुसार, पूछताछ में सामने आया कि अवैध संबंधों और आपसी विवाद के चलते आरोपियों ने 3 जुलाई की सुबह घर में घुसकर सो रही महिला की बेलचे से हत्या कर दी थी। गिरफ्तार आरोपियों के विरुद्ध विधिक कार्रवाई कर उन्हें न्यायालय भेजा जा रहा है।

## खबरें एक नजर में

### मारपीट में प्रयुक्त डंडे के साथ आरोपी गिरफ्तार

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना जगदीशपुर पुलिस ने मारपीट के मामले में वांछित एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसकी निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त डंडा भी बरामद किया है। पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण तथा क्षेत्राधिकारी मुसाफिरखाना अतुल कुमार सिंह के नेतृत्व में चलाए जा रहे अभियान के दौरान जगदीशपुर पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए आरोपी धर्मवीर उर्फ वीरे निवासी नारा अढ़नपुर को गिरफ्तार कर लिया है। पूछताछ के दौरान आरोपी की निशानदेही पर मारपीट की घटना में प्रयुक्त एक डंडा भी बरामद किया गया। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी धीरेन्द्र कुमार यादव, उपनिरीक्षक वीरेन्द्र कुमार मिश्रा तथा कांस्टेबल राहुल यादव की टीम शामिल रही। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्रवाई पूरी कर आगे की प्रक्रिया शुरू कर दी है।



### ट्रैक्टर ट्राली से दबकर दो युवक गंभीर घायल लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर

**बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।** रविवार की सुबह लगभग 11:00 के करीब सुदौली चौराहे के निकट तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रैक्टर की ट्राली मोटरसाइकिल सवार दो युवकों के ऊपर पलट गई। इस हादसे में दोनों को गंभीर चोटें आ गई। गंभीर हालत में उन्हें एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावा लाया गया। हालत नाजुक होने के कारण दोनों को लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया है। विदित हो कि कोतवाली क्षेत्र के दामोदर खेड़ा मजरे चुरूवा गांव के रहने वाले विवेक 19 वर्ष पुत्र रामकिशोर यादव तथा उसका दोस्त सौरभ यादव 21 वर्ष पुत्र विनोद कुमार यादव उन्नाव जनपद के सोहरामऊ स्थित फ्लिपकार्ट कंपनी में काम करते हैं। सुबह दोनों मोटरसाइकिल से नौकरी के लिए जा रहे थे। वह जैसे ही सुदौली चौराहे के करीब पहुंचे। इसी दौरान तेज रफ्तार ट्रैक्टर ट्राली बगल से गुजरी और इन दोनों के ऊपर पलट गई। हादसे के बाद दोनों ट्रैक्टर ट्राली में दब गए। दोनों की चीख पुकार सुनकर आसपास मौजूद लोग दौड़े और ट्रैक्टर ट्राली से बाहर निकाला। इस दुर्घटना में बगल में खड़ी एक बोलेरो भी क्षतिग्रस्त हो गई। ट्रैक्टर चालक मौका पाकर घटनास्थल से फरार हो गया। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची एंबुलेंस से उन्हें बछरावां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक प्रभात मिश्रा ने उन्हें लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया है। थानाध्यक्ष श्याम कुमार पाल ने बताया कि सूचना मिली है। घायलों को अस्पताल भेजा गया है। तहरीर मिलने पर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जाएगी।



# डीसीएम की टक्कर से बाइक सवार गंभीर घायल, लखनऊ रेफर

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** मोहनगंज कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत हुए एक सड़क हादसे में बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। यह दुर्घटना लोधवरिया के पास उस समय हुई, जब तेज रफ्तार से आ रही एक डीसीएम ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि युवक सड़क पर गिर पड़ा और उसे गंभीर चोटें आई। हादसे के तुरंत बाद स्थानीय लोगों की भीड़ मौके पर जुट गई। लोगों ने तत्काल एंबुलेंस को सूचना देकर घायल युवक को इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज तिलोई पहुंचाया। वहां पर डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर हालत को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए लखनऊ के हायर सेंटर रेफर कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही मोहनगंज पुलिस मौके पर पहुंची और दुर्घटना की जांच शुरू कर दी। प्रभारी निरीक्षक मोहनगंज राकेश सिंह ने बताया कि घायल को एंबुलेंस की मदद से अस्पताल भेजा गया था, जहां से उसे लखनऊ रेफर किया गया है। उन्होंने कहा कि अभी तक इस मामले में कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। तहरीर मिलने के बाद नियमानुसार आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। वहीं पुलिस दुर्घटना में शामिल डीसीएम और उसके चालक के संबंध में भी आवश्यक जानकारी में जुटी है।



# राजकीय सम्मान के साथ किया गया दादा तेजभान सिंह का अंतिम संस्कार

- पुलिस ने गार्ड ऑफ ऑनर से किया सम्मानित

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** विधानसभा गौरीगंज से पूर्व में 4 बार रहे विधायक व संघ प्रचारक दादा तेजभान सिंह के निधन के बाद बीजेपी व अन्य राजनीतिक पार्टी के नेताओं ने श्रद्धांजलि अर्पित की है। बीजेपी जिलाध्यक्ष सुधांशु शुक्ला ने उनके पार्थिव शरीर को पार्टी का ध्वज ओढ़ाकर उठाई अर्थी और उन्हें अंतिम विदाई देकर नमन किया। कहा जा रहा है कि दादा ने कहा था- मेरी इच्छा है कि मृत्यु के बाद मेरा शव बीजेपी के झंडे में लिपटाकर ले जाया जाए। दादा तेजभान सिंह का पार्थिव शरीर बीजेपी के झंडे में लिपटाकर श्मशान तक ले जाया गया। दादा तेजभान सिंह के अंतिम संस्कार में उनके पैतृक गांव अचलपुर में भारी भीड़ देखने को मिली। गौरीगंज से पूर्व विधायक तेजभान सिंह के अंतिम संस्कार के समय राजकीय सम्मान के तहत पुलिस बल द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर भी दिया गया और पार्थिव शरीर को तिरंगा व पार्टी के ध्वज से सम्मानित भी किया गया। वहीं बीजेपी के तमाम नेताओं ने दादा की अर्थी को कंधा लगाया। परिवार के लोगों ने भावुक होते हुए अंतिम संस्कार के लिऐ शव को मुख्यागिन दी।



## रेलवे ट्रैक पर घायल अवस्था मे मिला अज्ञात युवक अस्पताल में भर्ती

**फतेहपुर बाराबंकी।** फतेहपुर में रविवार सुबह रेलवे ट्रैक किनारे एक अज्ञात युवक गंभीर रूप से घायल अवस्था में मिला।स्थानीय लोगों की सूचना पर एंबुलेंस मौके पर पहुंची और युवक को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फतेहपुर ले जाया गया,जहां उसका उपचार शुरू किया गया।पीआरवी पुलिस भी अस्पताल पहुंचकर मामले की जानकारी जुटाने में जुट गई है।चिकित्सकों के अनुसार युवक के शरीर पर चोटों के निशान हैं लेकिन समय पर उपचार मिलने के कारण उसकी हालत अब खतरे से बाहर है।हालांकि घायल युवक अभी मानसिक या शारीरिक रूप से घटना के संबंध में कोई जानकारी देने में सक्षम नही है। पुलिस उसकी पहचान सुनिश्चित करने और उसके परिजनो तक सूचना पहुंचाने का प्रयास कर रही है।

# पुलिस कार्यालय में किया गया अपराध गोष्ठी का आयोजन

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** जिले में कानून-व्यवस्था को अधिक प्रभावी बनाने तथा अपराध एवं अपराधियों पर कठोर अंकुश लगाने के उद्देश्य से शनिवार को देर शाम पुलिस कार्यालय सभागार, गौरीगंज में पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. की अध्यक्षता में अपराध गोष्ठी आयोजित की गई। बैठक में जनपद के सभी प्रभारी निरीक्षकों एवं थानाध्यक्षों के साथ अपराध नियंत्रण की समीक्षा की गई। पुलिस अधीक्षक ने निर्देश दिए कि अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी एवं समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित की जाए तथा गुण्डा एक्ट, जिलाबदर, हिस्ट्रीशीटर और अन्य चिन्हित अपराधियों पर लगातार निगरानी रखी जाए। उन्होंने महिला संबंधी अपराधों की रोकथाम को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए ऐसे मामलों में त्वरित कार्रवाई और आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी के निर्देश दिए। साथ ही रात्रि गश्त को और अधिक प्रभावी बनाने, बाजारों, प्रमुख चौराहों, सर्राफा बाजार, बैंक एवं भीड़भाड़ वाले स्थानों पर संदिग्ध व्यक्तियों, संदिग्ध वस्तुओं तथा दोपहिया-चारपहिया वाहनों की सघन चेकिंग करने के निर्देश भी दिए। विशेष रूप से नई उम्र के युवकों द्वारा संचालित मोटरसाइकिलों की नियमित जांच करने पर भी जोर दिया गया। अपराध गोष्ठी में अपर पुलिस अधीक्षक ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह, सभी क्षेत्राधिकारी, प्रभारी निरीक्षक, थानाध्यक्ष तथा अन्य पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।



# अघोषित बिजली कटौती से नाराज ग्रामीणों ने पावर हाउस का किया घेराव

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।**

अघोषित बिजली कटौती से परेशान ग्रामीणों ने शुकुल बाजार स्थित सत्थिन पावर हाउस का घेराव कर बिजली विभाग के खिलाफ जमकर प्रदर्शन किया। इस दौरान आक्रोशित उपभोक्ताओं ने 'बिजली विभाग मुर्दाबाद' और 'अघोषित बिजली कटौती बंद करो' के नारे लगाए। प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों ने बताया कि सत्थिन पावर हाउस से संचालित सत्थिन, बिराहिम, बाजगढ़, हसनपुर, विशंभर पट्टी सहित सैकड़ों गांवों में पिछले कई दिनों से बिना किसी पूर्व सूचना के घंटों बिजली आपूर्ति बाधित हो रही है। इससे किसानों की सिंचाई, छोटे व्यापार, विद्यार्थियों की पढ़ाई तथा आम जनजीवन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। ग्रामीणों का आरोप था कि कई बार शिकायत करने के बावजूद बिजली व्यवस्था में कोई सुधार नहीं हुआ, जिससे लोगों में भारी नाराजगी है। प्रदर्शन के दौरान नवागत अवर अभियंता सद्दाम हुसैन मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों से वार्ता की। उन्होंने एक सप्ताह के भीतर बिजली व्यवस्था में सुधार कराने का आश्वासन दिया। इसके बाद ग्रामीणों ने अपना प्रदर्शन समाप्त कर दिया।



# सीतापुर में आधार सेवा केंद्र पर सभी आधार सेवाएं उपलब्ध

## नया नामांकन मुफ्त, सप्ताह के सातों दिन मिलेगी सुविधा

**सीतापुर।** शहरवासियों के लिए आधार कार्ड से जुड़ी विभिन्न सेवाएं अब एक ही स्थान पर आसानी से उपलब्ध होंगी। नवीन चौक से लगभग 300 मीटर दूर हरदोई रोड स्थित जनता हॉस्पिटल के पास संचालित आधार सेवा केंद्र पर निर्धारित सरकारी शुल्क के अनुसार आधार संबंधी सभी कार्य किए जाएंगे। केंद्र पर सभी आयु वर्ग के नागरिकों का नया आधार नामांकन पूरी तरह निःशुल्क किया जा रहा है। वहीं 5 वर्ष एवं 15 वर्ष की आयु पूरी करने वाले बच्चों का अनिवार्य बायोमेट्रिक अपडेट भी बिना किसी शुल्क के किया जाएगा। इसके अतिरिक्त नाम, जन्मतिथि, मोबाइल नंबर, ईमेल आईडी एवं पते जैसे डेमोग्राफिक अपडेट के लिए 75 रुपये तथा फोटो, फिंगरप्रिंट और आईरिस से जुड़े बायोमेट्रिक अपडेट के लिए 125 रुपये का सरकारी शुल्क निर्धारित किया गया है। आधार कार्ड की ए-4 शीट पर प्रिंट प्रति मात्र 40 रुपये में उपलब्ध कराई जाएगी। केंद्र पर दिव्यांगजन, गर्भवती महिलाओं, वृद्धजनों, शिशुओं एवं बच्चों को नामांकन और अपडेट कार्य में प्राथमिकता प्रदान की जाएगी। यह आधार सेवा केंद्र सप्ताह के सातों दिन संचालित रहेगा, जिससे नागरिक अपनी सुविधा के अनुसार किसी भी दिन सेवाओं का लाभ उठा सकेंगे।

## तीन सचिवों ने नोटिस को भी किया नजरअंदाज

**सीतापुर।** विकासखंड गोंदलामऊ में तैनात पंचायत सचिव प्रदीप कुमार, आसिफ अली सिद्दीकी और हरेंद्र कुमार एक बार फिर जांच के दायरे में हैं। तीनों सचिवों पर अपनी-अपनी ग्राम पंचायतों में शासनादेशों की अनदेखी कर अनियमित वित्तीय कार्य कराने के आरोप लगाए गए हैं। मामले में क्षेत्र के शिकायतकर्ताओं ने शपथ पत्र के साथ मुख्य विकास अधिकारी से शिकायत कर निष्पक्ष जांच की मांग की थी। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए मुख्य विकास अधिकारी ने जिला पंचायत राज अधिकारी को जांच के निर्देश दिए। इसके बाद जिला पंचायत राज अधिकारी ने पत्रांक संख्या 2123 दिनांक 09 जून 2026 के माध्यम से सहायक विकास अधिकारी (पंचायत), गोंदलामऊ को जांच कर आख्या प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उच्च अधिकारियों के निर्देशों के अनुपालन में सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) ने 30 जून 2026 को तीनों सचिवों को नोटिस जारी कर वित्तीय वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 से संबंधित कार्ययोजना, प्राक्कलन, टेंडर, बिल-वाउचर, कार्यवाही रजिस्टर, कोषबही सहित अन्य अभिलेख तीन दिवस के भीतर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। शिकायतकर्ताओं का आरोप है कि निर्धारित समय सीमा बीत जाने के बावजूद संबंधित सचिवों ने अब तक आवश्यक अभिलेख उपलब्ध नहीं कराए हैं। उनका कहना है कि यदि यह आरोप सही हैं, तो अभिलेख प्रस्तुत करने में देरी जांच की निष्पक्षता और प्रशासनिक जवाबदेही पर गंभीर प्रश्न खड़े करती है। शिकायतकर्ताओं ने मांग की है कि यदि अभिलेख समय पर प्रस्तुत नहीं किए गए हैं, तो संबंधित अधिकारियों द्वारा नियमानुसार कार्रवाई की जाए और पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए।

# संदिग्ध परिस्थितियों में पंखे से लटकता मिला युवक का शव



**अमेठी समृद्धि न्यूज़।**

थाना क्षेत्र जामों के अंतर्गत जोरावरपुर गांव में रविवार को एक युवक का शव उसके कमरे में पंखे से लटका मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। मृतक की पहचान राजभवन वर्मा उम्र 22 वर्ष पुत्र मातAफेर वर्मा निवासी जोरावरपुर के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार रविवार सुबह काफी देर तक युवक ने कमरे का दरवाजा नहीं खोला। आवाज देने के बावजूद कोई प्रतिक्रिया नहीं मिलने पर परिजनों और ग्रामीणों ने दरवाजा तोड़कर अंदर प्रवेश किया। कमरे के भीतर युवक का शव सीलिंग फैन से रस्सी के सहारे लटका मिला। यह दृश्य देखकर परिजनों में चीख-पुकार मच गई। घटना की सूचना पर जामों पुलिस मौके पर पहुंची और शव को फंदे से उतरवाकर कब्जे में लिया। पुलिस ने पंचनामा की कार्रवाई पूरी कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जामों थाना प्रभारी विनोद कुमार सिंह ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। हालांकि पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# विदेशी कर्ज के तले भारत दबा, आंतरिक खजाना भी खाली: मौलाना कादरी

- समाजिक न्याय, समरसता और विकास के संदेश को जन-जन तक पहुंचायें: डा. जितेन्द्र सिंह यादव
- इस सरकार में मजदूरों की हालत बद से बद्तर, महंगाई चरम पर: धनीलाल श्रमिक
- सपा प्रमुख के जन्मदिन के उपलक्ष्य में हुआ वृक्षारोपण


वृक्षारोपण करते सपा नेता


कार्यक्रम के दौरान प्रदेश सचिव का स्वागत करते कार्यकर्ता

**मोहम्मदाबाद, समृद्धि न्यूज।** सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव के 53वें जन्मदिन के उपलक्ष्य में एक सप्ताह तक समाजवादी पार्टी द्वारा पीडीए सदस्यता अभियान एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

रविवार को भोजपुर विधानसभा के गैसिंगपुर गांव में पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं द्वारा पार्टी मुखिया का जन्मदिन मनाया गया। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव तथा संचालन जिला महासचिव इलियास मंसूरी ने किया। मुख्य अतिथि सपा के प्रदेश उपाध्यक्ष मौलाना इरफान उल हक कादरी ने कहा कि आज देश गंभीर परिस्थितियों से गुजर रहा है, आर्थिक ताना-बाना तबाह हो चुका है। विदेशी कर्ज के तले भारत दबा हुआ है भारत का आंतरिक खजाना भी खाली हो चुका है। कई गुजराती लुटेरे तो देश को लूटकर देश छोड़कर भाग चुके हैं। आज भी लूट का कार्यक्रम जारी है, देश के सारे संस्थानों को बर्बाद कर दिया है, युवाओं के लिए पेपर लीक एक अभिशाप बन चुका है, बेरोजगारी और अपराध आजादी के बाद सबसे उच्चतम स्तर पर हैं। भारतीय जनता पार्टी के अहंकार और लूट के पतन की अब शुरुआत हो चुकी है। विशिष्ट अतिथि मजदूर सभा के प्रदेश अध्यक्ष धनीलाल श्रमिक ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सरकार की नीतियाँ मध्यम वर्ग विरोधी हैं। इनका एक ही लक्ष्य है कि देश में दो ही वर्ग हों या तो बिलकुल मजदूर या बहुत अमीर। जबसे यह सरकार आई है अमीर और अमीर होता जा रहा है गरीब और गरीब होता जा रहा है और मजदूरों की हालत तो बद से बद्तर है, महंगाई चरम पर है लोग मेहनत, मजदूरी करके जितना कमा पाते हैं उतने में ठीक से उनका भरण-पोषण तक नहीं हो रहा है। सपा के प्रदेश सचिव/पूर्व प्रत्याशी अमृतपुर डॉ0 जितेंद्र सिंह यादव ने कहा कि 2027 विधानसभा का चुनाव समाजवादियों के लिए करो या मरो बाली स्थिति में होगा, सभी को मजबूती के साथ इस चुनाव में लगना पड़ेगा। समाजिक न्याय, समरसता और विकास के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प दोहराया और कहा कि अभियान के सदस्यता माध्यम से अधिक से अधिक लोगों को समाजवादी परिवार से जोड़े। जिलाध्यक्ष चन्द्रपाल सिंह यादव, पूर्व जिलाध्यक्ष रामसेवक यादव, पूर्व विधायक जमालुद्दीन सिद्दीकी, पूर्व विधायक उर्मिला राजपूत, उमर खां ने विचार व्यक्त किये। आयोजन कर्ता प्रशांत राठौर ने कहा समाजवादी पार्टी की नीतियां ही सदैव गरीबों के हित में रही हैं, भारतीय जनता पार्टी बड़े उद्योगपतियों की पार्टी है, गरीब इनके लिए कुछ भी मायने नहीं रखता। कार्यकर्ताओं ने वृक्षारोपण कर समाजिक प्रदूषण खत्म करने का संदेश दिया। प्रवक्ता राधेश्याम सविता ने बताया कि इस दौरान प्रधान गैसिंगपुर शरद राठौर मोनू का समाजवादी नेताओं ने स्वागत किया। इस दौरान विधानसभा जिला उपाध्यक्ष अजीत यादव, अध्यक्ष अमृतपुर उदय प्रताप सिंह भोला यादव, पवन कठेरिया, शिव शंकर शर्मा, विनीत परमार, छोटे सिंह, देवेंद्र सिंह यादव, साजिद अली खान, इजहार खां, आशीष शर्मा, मनोज यादव, अमित यादव, अजब सिंह शाक्य, शिवम पटेल, अर्चित शर्मा, विशाल राठौर, बिजेंद्र सिंह यादव, टन टन, कुद्दूस खां, रामपाल, अनुज शर्मा, रामनरेश पाल, अनिल कठेरिया, सुरेन्द्र पाल, अमर सिंह, ब्रजमोहन, सर्वेश, रुपलाल शर्मा, रमेश पाल, अरविन्द दिवाकर, मुकेश सिंह, रामवीर सक्सेना, जय सिंह शाक्य, सत्यभान गौतम, राजू जोशी, सरवन कठेरिया, आमिर खां, परवेज खां, अलाबक्श खां, राजेश्वर पाल, रामआसरे शर्मा, अतर सिंह पाल, अतेन्द्र सिंह, विनोद चौहान, लालू श्रीवास्तव, सत्यपाल जाटव, अनूप जाटव आदि उपस्थित रहे।

## मार्केट से दिनदहाड़े साइकिल चोरी, घटना सीसीटीवी में कैद


सीसीटीवी कैमरे में कैद चोर

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** नगर के हसन मार्केट स्थित पहला गेट के पास रविवार को दिनदहाड़े साइकिल चोरी की घटना सामने आई है। चोरी की यह वारदात पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

जानकारी के अनुसार, नगर के मोहल्ला चिलौंका निवासी कल्लू खान सामा पुत्र रफीक खान सामा रविवार को हसन मार्केट के पहला गेट स्थित मास्टर नफीस टेलर की दुकान पर किसी काम से गए थे। कल्लू खान ने अपनी साइकिल दुकान के बाहर खड़ी कर दी और अंदर चले गए। कुछ देर बाद जब वह बाहर निकले तो साइकिल गायब मिली।

आसपास काफी तलाश की, लेकिन साइकिल का पता नहीं चला। जब पीड़ित ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाले तो उसमें एक अज्ञात युवक साइकिल चोरी कर ले जाता हुआ दिखाई दिया। फुटेज में चोर का चेहरा साफ नजर आ रहा है।

### धर्मांतरण केस में चार गिरफ्तार चंगाई सभा में लालच देकर धर्म बदलने की कोशिश

**सुलतानपुर।** सुलतानपुर जिले के करौंदीकला थाना क्षेत्र के रमशापुर गांव में कथित धर्मांतरण के प्रयास को लेकर पुलिस ने चार नामजद अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। उनके खिलाफ रविवार को मुकदमा दर्ज किया गया। गांव में एक चंगाई सभा का आयोजन किया जा रहा था। आरोप है कि इस सभा के माध्यम से लोगों को प्रलोभन देकर धर्म परिवर्तन कराने की कोशिश की जा रही थी। इसकी सूचना मिलते ही ग्रामीण और विश्व हिंदू परिषद (विहिप) के कार्यकर्ता मौके पर पहुंच गए। मौके पर पहुंचे लोगों ने बताया कि सभा में लगभग 20 स्थानीय लोग मौजूद थे। इसे संचालित करने के लिए 6 से 7 लोग बाहर से आए थे, जिन पर धर्मांतरण कराने का आरोप है।

## ससुरालियों की प्रताड़ना से तंग विवाहिता ने खाया जहर, रेफर

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

कोतवाली क्षेत्र के इजौर गांव में ससुरालियों की प्रताड़ना से तंग आकर 22 वर्षीय विवाहिता ने कीटनाशक खाकर जान देने की कोशिश की। हालत बिगड़ने पर परिजनों ने उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कायमगंज में भर्ती कराया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया गया। अर्चना की शादी एक वर्ष पूर्व इजौर थाना कायमगंज निवासी नील कमल से हुई थी। अर्चना का मायका शमसाबाद थाना क्षेत्र के नगला गोदाम गांव में है। अर्चना ने आरोप लगाया कि शादी के बाद से ही सास सुखरानी, पति और अन्य ससुरालीजन बच्चा न होने पर उसे ताने देते हैं। रोज-रोज की मानसिक प्रताड़ना से वह टूट चुकी थी।


अस्पताल में भर्ती महिला

अर्चना के अनुसार, उसका पति कोई काम नहीं करता और घर पर ही रहता है। रविवार को जब उसने पति से काम-धंधा करने को कहा, तो इसी बात पर पति ने उसके साथ मारपीट की। ससुराल में लगातार हो रही मारपीट और तानों से परेशान होकर उसने घर में रखा कीटनाशक पी लिया।

जहर खाने के बाद अर्चना की हालत बिगड़ गई। परिजन आनन-फानन में उसे सीएचसी कायमगंज लेकर पहुंचे। यहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार किया, लेकिन हालत नाजुक होने पर उसे डॉ0 राम मनोहर लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। डॉक्टरों के मुताबिक अर्चना की हालत अभी भी गंभीर बनी हुई है।

## खबरें एक नजर में

### किशोरी की आत्महत्या के मामले में पांच पर मुकदमा दर्ज

#### छेड़छाड़ से परेशान होकर दी थी जान

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में शनिवार को 14 वर्षीय किशोरी का शव घर में संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी के फंदे पर लटका मिला था। मृतका के पिता की तहरीर पर पुलिस ने पड़ोसी के रिश्तेदार सहित पांच लोगों के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने और मारपीट की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। किशोरी के पिता ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि शनिवार दोपहर उनकी बेटी घर से कुछ दूरी पर स्थित खेत में शौच के लिए गई थी।

काफी देर तक जब वह वापस नहीं लौटी, तो परिजन उसकी तलाश में खेत की ओर गए। पिता का आरोप है कि वहां पड़ोसी का एक रिश्तेदार, जो जहानगंज थाना क्षेत्र के एक गांव का निवासी है, उनकी बेटी के साथ दुष्कर्म का प्रयास और हाथापाई कर रहा था। पिता के ललकारने पर आरोपी का साथी भाग गया, जबकि मुख्य आरोपी को पिता ने पकड़ लिया। हालांकि, वह भी हाथापाई कर भागने में सफल रहा, लेकिन उसका अंगोछा पिता के हाथ में रह गया। घटना के बाद सहमी हुई बेटी भागकर घर आ गई। इधर, परिजन आरोपी युवक के रिश्तेदार के घर शिकायत करने गए। जहां उनके साथ भी हाथापाई की गई।

जब परिजन वापस घर लौटे और कमरे की खिड़की से झांककर देखा, तो किशोरी कमरे के अंदर साड़ी के फंदे से लटकी हुई थी। परिजनों ने तुरंत खिड़की तोड़कर दरवाजा खोला और शव को नीचे उतारा घटना की सूचना मिलते ही सीओ राजेश कुमार द्विवेदी और प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार शुक्ला पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे थे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

मृतका के पिता के अनुसार, घटनास्थल से शौच का लोटा और सिगरेट बरामद हुई है। प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार शुक्ला ने बताया कि नाबालिग मुख्य आरोपी विशाल नट व उसके मौसेरे भाई मिथुन, गोविंद, अमित और आरोपी की बहन के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है। पुलिस के मुताबिक, शुरुआती जांच में दुष्कर्म के प्रयास का आरोप झूठा पाया गया है। मामले की गहनता से जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद आगे की कार्रवाई होगी।

### शराब तस्करी के मामले में ब्राहिमपुर में एक ही नंबर के मिले दो ट्रक

#### बिहार के मोतिहारी पुलिस ने की छापेमारी

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** बिहार के मोतिहारी जनपद की पुलिस टीम ने रविवार दोपहर को नवाबगंज थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले पुठरी गांव के ब्राहिमपुर में एक युवक के घर पर अचानक छापेमारी की। यह त्वरित कार्रवाई पुलिस द्वारा चेकिंग के दौरान पकड़े गए शराब से लदे एक ट्रक के मामले से जुड़ी हुई है।

पुलिस अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार, कुछ समय पहले चेकिंग के दौरान शराब से लदे एक संदिग्ध ट्रक को जब्त किया गया था। हिरासत में लिए गए चालक से जब कड़ाई से पूछताछ की गई, तो उसने संबंधित ट्रक नंबर की जानकारी दी। इस इनपुट के आधार पर जब पुलिस ने तकनीकी रूप से लोकेशन ट्रेस की, तो उसकी कड़ियां नवाबगंज के ब्राहिमपुर गांव से जुड़ीं। जानकारी के आधार पर बिहार पुलिस की करीब छह सदस्यीय टीम ने योजनाबद्ध तरीके से ब्राहिमपुर गांव में दबिश दी और संदेहास्पद युवक के परिजनों से सघन पूछताछ की।

इस छापेमारी के दौरान पुलिस टीम उस समय हैरान रह गई, जब मौके पर एक ही रजिस्ट्रेशन नंबर के दो अलग-अलग ट्रक खड़े मिले।

पुलिस टीम ने मामले की गहराई से पड़ताल करते हुए नवाबगंज में मिले ट्रक और उसके परिजनों से संबंधित सभी आवश्यक दस्तावेज और कागजात मांगे। हालांकि, प्राथमिक जांच और कागजातों के मिलान के बाद पुलिस ने पाया कि नवाबगंज में मौजूद ट्रक के सभी दस्तावेज पूरी तरह से वैध और सही थे। पुलिस अब इस बात की जांच कर रही है कि एक ही नंबर का दूसरा ट्रक शराब तस्करी में कैसे इस्तेमाल हो रहा था और इसके पीछे किस बड़े सिंडिकेट का हाथ है। मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है।

## पुलिस की नई पहल: ऑपरेशन ग्राम संवाद के तहत जनता से सीधा जुड़ रही पुलिस

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** आम जनमानस और पुलिस के बीच बेहतर तालमेल स्थापित करने, जमीनी विवादों को सुलझाने और अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए पुलिस ने ऑपरेशन ग्राम संवाद की शुरुआत की है। इस विशेष अभियान के तहत पुलिसकर्मी अब केवल थानों तक सीमित न रहकर सीधे गांवों, कस्बों और मोहल्लों में जाकर लोगों से व्यक्तिगत संवाद स्थापित कर रहे हैं। पुलिस द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि इस अभियान की शुरुआत बीते 27 जून को की गई थी। यह महत्वपूर्ण कदम अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन अनुपम कुलश्रेष्ठ, पुलिस उपमहानिरीक्षक कानपुर रेंज यमुना प्रसाद और पुलिस अधीक्षक के कड़े निर्देशों के अनुपालन में उठाया गया है। अभियान की पूरी निगरानी पर्यवेक्षण अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा की जा रही है। इस ऑपरेशन के तहत जिले के सभी थाना प्रभारियों को यह जिम्मेदारी सौंपी गई है कि वे अपने थाना क्षेत्र में पड़ने वाले ग्राम, कस्बे, मोहल्ले, सार्वजनिक स्थानों, स्कूलों, कॉलेजों और सरकारी संस्थानों में जाकर लोगों से सीधा संवाद करें।जमीनी स्तर पर बीट पुलिस अधिकारी, उपनिरीक्षक और निरीक्षक गांव-गांव जाकर यह जनसंवाद स्थापित कर रहे हैं। इसका मुख्य उद्देश्य क्षेत्रीय जानकारी को अद्यतन करना और सी-प्लान एप्लिकेशन पर दर्ज सूचनाओं को भी वर्तमान स्थिति के अनुसार अपडेट करना है। आम जनमानस और पुलिस के बीच सीधे बातचीत के जरिए दूरियां खत्म करना और आपसी विश्वास बढ़ाना। थाने के ग्राम अपराध रजिस्टर और अन्य महत्वपूर्ण अभिलेखों की सभी प्रविष्टियां पूरी करना और गांव के लोगों के माध्यम से उनकी तस्दीक सत्यापन कराना। कस्बों और मोहल्लों में चल रहे छोटे-छोटे विवादों की गोपनीय तरीके से जानकारी जुटाना और उनका तत्काल प्रभाव से निस्तारण समाधान कराना ताकि वे बड़े अपराध का रूप न ले सकें। जुआ, सट्टा, ड्रग्स और अवैध खनन जैसी अवैध गतिविधियों में शामिल रहे पुराने अपराधियों की जानकारी जुटाना और उन्हें दोबारा अपराध में संलिप्त न होने की सख्त हिदायत देना। पुलिस द्वारा लागू की गई बीट प्रणाली को अधिक सुचारू और प्रभावी ढंग से चलाने पर विशेष ध्यान देना। पुलिस की इस पहल से न केवल क्षेत्रीय लोगों में सुरक्षा की भावना बढ़ेगी, बल्कि पुलिस को भी समय रहते अपराधों की रोकथाम करने में महत्वपूर्ण मदद मिलेगी।


ग्रामीणों से संवाद करती पुलिस

## तमंचा कारतूस सहित युवक गिरफ्तार


पुलिस हिरासत में आरोपी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** कमालगंज पुलिस को अपराध और अपराधियों के खिलाफ की जा रही कार्रवाई में एक महत्वपूर्ण सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक अभियुक्त को अवैध हथियारों के साथ रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। पुलिस द्वारा जारी आधिकारिक जानकारी के अनुसार, पुलिस टीम ने गश्त के दौरान संदिग्ध अवस्था में एक व्यक्ति को पकड़ा। तलाशी लेने पर उसके पास से अवैध हथियार बरामद हुए।

पूछताछ के दौरान आरोपी युवक ने अपना नाम रामपाल पुत्र सत्तेलाल निवासी ग्राम नगरिया देवधरापुर, थाना कमालगंज बताया। अभियुक्त के पास से 01 नाजायज तमंचा 12 बोर और 01 जिंदा कारतूस 12 बोर बरामद किया गया है।

## हाईटेंशन तार से दो सब्जी विक्रेताओं की मौत

### परिजन 5-5 लाख मुआवजे पर अंतिम संस्कार को हुए राजी

**सुल्तानपुर।** शिवगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत सकवा में शनिवार शाम हाईटेंशन तार की चपेट में आने से दो सब्जी विक्रेताओं की मौके पर ही मौत हो गई। इस घटना के बाद रविवार शाम को शव रखकर प्रदर्शन किया गया। प्रशासन से 5-5 लाख रुपये मुआवजे पर सहमति बनने के बाद परिजन अंतिम संस्कार के लिए राजी हुए और प्रदर्शन समाप्त हो गया। यह घटना 4 जुलाई को शंभूगंज बाजार में हुई। सकवा निवासी 60 वर्षीय राधेश्याम और 50 वर्षीय गुरुप्रसाद अपनी सब्जी की दुकानों पर मौजूद थे। तभी अचानक ऊपर से गुजर रहा हाईटेंशन तार टूटकर उन पर गिर गया, जिससे उन्हें संभलने का मौका नहीं मिला और उनकी जान चली गई। प्रशासन की ओर से लंभुआ के तहसीलदार प्रांजल त्रिपाठी और सीओ ऋतिक कपूर ने परिजनों से बात की। 5-5 लाख रुपये के मुआवजे पर सहमति बनने के बाद परिजन अंतिम संस्कार के लिए राजी हुए। सुरक्षा की दृष्टि से मौके पर चार थानों की पुलिस फोर्स तैनात की गई थी। इस गंभीर हादसे के बाद विभागीय स्तर पर बड़ी कार्रवाई की गई है। अधीक्षण अभियंता (विद्युत वितरण मंडल, सुल्तानपुर) की प्राथमिक समीक्षा और अभिलेखों की जांच में विद्युत लाइन के रखरखाव, नियमित पेट्रोलिंग और सुरक्षित संचालन में गंभीर लापरवाही सामने आई है। इसके चलते विद्युत उपकेंद्र शिवगढ़ में तैनात अवर अभियंता राजेश कुमार को अपने कर्तव्यों का सही ढंग से निर्वहन न करने का दोषी मानते हुए तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। जांच पूरी होने तक उन्हें विद्युत वितरण खंड-कादीपुर, सुल्तानपुर से संबद्ध किया गया है।

## लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर प्रेरणा स्थल पर हुआ भूमि पूजन


पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि देते लोग

**मोहम्मदाबाद, समृद्धि न्यूज।** मोहम्मदाबाद क्षेत्र की ग्राम पंचायत भरतपुर के मजरा नगला चंदन में रविवार को लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर प्रेरणा स्थल पर भूमि पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों एवं समाज के गणमान्य लोगों ने भाग लेकर लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर के जीवन एवं उनके आदर्शों पर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि भोजपुर विधायक नागेंद्र सिंह राठौड़ व नरेंद्र यादव रहे। विधायक नागेंद्र सिंह राठौड़ ने लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की जीवन शैली, उनके लोककल्याणकारी कार्यों तथा समाज के प्रति उनके योगदान को प्रेरणादायी बताया। कुलदीप पाल ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर चेयरमैन पुष्पराज सिंह, चेयरमैन प्रतिनिधि राहुल राजपूत, नगर पंचायत अध्यक्ष नवाबगंज अनिल राजपूत, सचिन, पाल महासभा के पदाधिकारियों सहित अनेक लोग उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी तथा वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हवन में आहुतियां देकर भूमि पूजन संपन्न कराया।

## शहीद स्मारक स्थापना दिवस पर वीर नारियों और सैनिकों का सम्मान

**मोहम्मदाबाद, समृद्धि न्यूज।** ग्राम मौधा स्थित शहीद स्मारक पर रविवार सुबह लगभग 10 बजे शहीद स्मारक स्थापना दिवस के अवसर पर वीर नारियों एवं पूर्व सैनिकों के सम्मान में समारोह आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का आयोजन समाजसेवी अभय सिंह जान सेवक द्वारा किया गया। इस दौरान करीब दो सौ सैनिकों का शॉल ओढ़ाकर और माल्यार्पण कर सम्मान किया गया। समारोह में उपस्थित वीर नारियों को भी सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि राजपूत रेजीमेंट सेंटर से आए कर्नल अजय प्रताप सिंह ने वीर नारियों और सैनिकों को सम्मानित करते हुए उनके त्याग, बलिदान और राष्ट्र सेवा की सराहना की। उन्होंने कहा कि शहीदों के परिवारों और सैनिकों का सम्मान करना समाज का दायित्व है तथा नई पीढ़ी को उनके आदर्शों से प्रेरणा लेनी चाहिए। समारोह में बड़ी संख्या में पूर्व सैनिक, ग्रामीण एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।


सैनिकों को सम्मानित करते अभय सिंह

## 5 मुक्केबाजों का मण्डल स्तर के लिए चयन

**सुलतानपुर।** प्रदेशीय समन्वय जूनियर बालक बॉक्सिंग प्रतियोगिता के लिए सुल्तानपुर के पांच खिलाड़ियों का मण्डल स्तरीय प्रतियोगिता हेतु चयन किया गया है। इन खिलाड़ियों का चयन जिला स्तरीय ट्रायल के बाद हुआ, जिसमें उन्होंने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। चयनित खिलाड़ियों में 46-48 किग्रा भार वर्ग में निखिल यादव, 48-50 किग्रा में शनि गौतम, 50-52 किग्रा में अमीर हमजा, 57-60 किग्रा में सक्षम सिंह और 60-63 किग्रा में कार्तिकेय सिंह शामिल हैं। ये सभी खिलाड़ी अब मण्डल स्तर पर जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। मण्डल स्तरीय ट्रायल का आयोजन 07 जुलाई को दोपहर 1: 00 बजे डॉ. भीमराव अंबेडकर अंतरराष्ट्रीय क्रीड़ा संकुल (डाबा सेमर स्टेडियम), अयोध्या में किया जाएगा।

# आदर्श रामलीला मण्डल की वार्षिक बैठक संपन्न

**राजेश कसरे बने मंत्री**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

रविवार को आदर्श रामलीला मंडल मानस मंच की वार्षिक बैठक भारतीय पाठशाला इंटर कॉलेज के प्रांगण में संपन्न हुई। मुख्य रूप से पिछले वित्तीय वर्ष की आय-व्यय के लेखा प्रस्तुत किया गया। कोषाध्यक्ष संजीव दीक्षित उर्फसंजू ने आय-वय का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया। चालू वर्ष के लिए नई प्रबंध कार्यकारिणी को चयनित किया गया। बैठक की अध्यक्षता कौशल किशोर दुबे ने की। बैठक में सर्वसम्मति से राजेश कसरे को मंत्री नियुक्त किया गया एवं उपाध्यक्ष पद पर पूर्व सभासद प्रबल त्रिपाठी चयनित हुए।



बैठक के दौरान मौजूद पदाधिकारी

नवनियुक्त मंत्री राजेश कसरे ने बताया आदर्श रामलीला मंडल की पूरी कार्यकारिणी यथा स्थिति रखी गई है पूर्व में जो सदस्य कार्यकारिणी में पदासीन थे वही सदस्य नई कार्यकारिणी में भी पदासीन रहेंगे। इस वर्ष रामलीला को भव्यता देने के लिए विभिन्न प्रस्ताव पास हुए हैं। पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष मानस मंच पर रामलीला का मंचन सुसज्जित और व्यवस्थित किया जाएगा एवं राम बारात भी पूरी भव्यता के साथ निकाली जाएगी।

इस अवसर पर संयोजक रामनिवास गुप्ता नारद, संयोजक सूर्य प्रकाश भारद्वाज, उपाध्यक्ष पूर्व सभासद प्रबल त्रिपाठी, पूर्व मंत्री प्रशांत दीक्षित, राम बारात संयोजक दीपक मिश्रा, सहसंयोजक शिवांग रस्तोगी, गौरव मिश्रा, राजीव मिश्रा, विशंभर नाथ कसरे, अनुज शुक्ला, अनुज दीक्षित, मोहित शुक्ला, अनंत कसरे, नरेंद्र मिश्रा, गुड्डन बाजपेई ,सोनू मिश्रा आदि लोग मौजूद रहे। सौरभ शंकर दुबे कालीचरण मिश्रा आदि लोग मौजूद रहे।

# सपा छात्र सभा ने चलाया पीडीए वृक्षारोपण अभियान

**नदीम अहमद फारुकी रहे मुख्य अतिथि**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

समाजवादी छात्र सभा के जिलाध्यक्ष हर्ष गंगवार के नेतृत्व में रविवार प्रातः 7 बजे पीडीए वृक्षारोपण अभियान के अंतर्गत वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति जनजागरूकता बढ़ाना एवं अधिक से अधिक वृक्ष लगाने का संदेश देना रहा। पूर्व जिलाध्यक्ष एवं चेयरमैन, शमसाबाद प्रतिनिधि नदीम अहमद फारूकी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण को सामाजिक दायित्व बताते हुए सभी से अधिक से अधिक वृक्ष लगाने का आवाह्न किया। कार्यक्रम में अनिल यादव, आदेश यादव, डॉ0 हरिनंदन, आनंद यादव, सजेब, दीपक श्रीवास्तव, दीपक यादव, इमरान, मेराज, सभासद साजिद अली, सारिक, डॉ0 विवेक, सचिन यादव, अनिल यादव, जितेंद्र दिवाकर, अरविंद यादव, हैप्पी, छोटू, सानू, सलमान, दीपक गंगवार, वीके गंगवार, डॉ0 यूसुफ, सम्राट मौर्य, कुलश्रेष्ठ सहित बड़ी संख्या में समाजवादी नेता, पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने पर्यावरण संरक्षण एवं हरित भविष्य के निर्माण के लिए निरंतर वृक्षारोपण करने का संकल्प लिया।



वृक्षारोपण करते हर्ष गंगवार व नदीम अहमद फारुकी

# भाकियू श्रमिक जन शक्ति के चल रहे धरने में कई संगठनों ने दिया समर्थन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

भारतीय किसान यूनियन श्रमिक जन शक्ति के जिलाध्यक्ष मनोज कुमार यादव के नेतृत्व में चल रहे धरने में पांचवें दिन ग्राम पंचायत रामपुर डफरपुर धरना जारी है। पांचवें दिन कई संगठनों ने पहुंचकर भाकियू श्रमिक जनशक्ति के धरने में शामिल होकर समर्थन दिया। ग्राम पंचायत रामपुर डफरपुर में पिछले 17 वर्षों से नगर पालिका के आ रहे गंदे नाले का पानी से फसलें बर्बाद हो रही है। किसान परेशान है। 20 मई को नगर मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपकर अवगत कराया था कि किसानों की समस्याओं का निराकरण नहीं हुआ। जिस पर 1 जुलाई से किसान अनिश्चित कालीन धरने पर बैठे है। किसान संगठनों ने मांग की है कि समस्या का निराकरण नहीं हुआ तो धरना जारी रहेगा। जिसमें रामपुर डफरपुर के पश्चिम में नालों का पक्का निर्माण कराया जाये। बाढ़ प्रभावित क्षेत्र वाले गांव में मुख्य तिराहे, चौराहों पर सौर्य ऊर्जा की लाइटें लगवायी जाये। अमेठी कोहना व कमालगंज के ग्राम गदनपुर में पात्र लाभार्थियों को आवास एवं शौचालय दिया जाये। बिलावलपुर के मजरा पृथ्वीपुर पिछले वर्ष आयी बाढ़ में कई ग्रामीण बेघर हो गये है। ऐसे में उन्हें जगह आवंटित कर रहने के लिए भवन बनवाया जाये आदि मांगों को लेकर धरना जारी रहा। फर्रुखाबाद विकास मंच के जिलाध्यक्ष भईयन मिश्रा ने समर्थन दिया। वहीं राष्ट्रीय बजरंग दल के जिला उपाध्यक्ष राजीव पाल ने भी समर्थन दिया। अधिवक्ता सभा के देवेन्द्र यादव ने भी समर्थन दिया। इस मौके पर राजेश, चन्द्रशेखर, हिमांशु, रामरहीस, फूल सिंह, प्रांशु राजपूत, अनमोल राजपूत, सुधीर सिंह, विकास राजपूत, नरदेव राजपूत, सोनू राजपूत, हर्ष, अशोक कुमार, रामपूत आदि लोग मौजूद रहे।



धरने पर बैठे ग्रामीण

# ट्राई साइकिल पाकर दिव्यांगों के खिले चेहरे

**अखिलेश यादव जन्मदिन परववाड़ा के तहत नदीम फारुकी ने बांटी ट्राई साइकिल**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के जन्मदिन पखवाड़े के अन्तर्गत चल रहे कार्यक्रमों के तहत रविवार को पूर्व जिलाध्यक्ष व शमसाबाद चेयरमैन प्रतिनिधि नदीम अहमद फारुकी ने अपने आवास पर पांच दिव्यांगों को ट्राई साइकिल वितरित की। ट्राई साइकिल पाकर दिव्यांगों के चेहरे खिल उठे।

जिसमें अब्दुल कलाम खां, रद्दया देवी, खतीजा बेगम, नगीना, जब्बार खान आदि को ट्राई साइकिल वितरित की गई। इस मौके पर मुवीन आलम, साजिद अंसारी, दीपक श्रीवास्तव, इमरान खान, साजेद, अब्दुला खान आदि लोग मौजूद रहे।



दिव्यांगों को ट्राई साइकिल देते नदीम फारुकी

# मेधावी सम्मान समारोह में पटना के कुलपति होंगे मुख्य अतिथि

**2 अगस्त को एजूकेशनल मूवमेंट सोसायटी द्वारा विद्यार्थी होंगे सम्मानित**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

एजूकेशनल मूवमेंट सोसायटी के वार्षिक समारोह में पटना नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी के कुलपति फैजान मुस्तफा मुख्य अतिथि होंगे। समारोह 2 अगस्त को मधुर मिलन गेस्ट हाउस में 11 बजे से होगा। सोसाइटी की फतेहगढ़ इस्लामिया पब्लिक स्कूल हाथीखाना फतेहगढ़ में वरिष्ठ उपाध्यक्ष नसर ख़ालिक़ की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। सोसायटी के द्वारा कराए जाने वाले सालाना प्रोग्राम की तैयारियों को लेकर चर्चा की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि समारोह में 70 प्रतिशत अंक पाने वाले मुस्लिम छात्र-छात्राओं के साथ ही विभिन्न बोर्डों के जनपद टॉपर को भी सम्मानित किया जाएगा। सोसायटी के सचिव सैय्यद रिजवान अली ने कहा कि प्रोग्राम का मक़सद सिर्फ छात्र-छात्राओं को सम्मानित करके उनकी हौसला अफजाई करना है, ताकि बच्चे आगे तरक्की करके अपने देश और जनपद का नाम रोशन करें।

इस मौके पर सोसायटी के सचिव सैयद रिजवान अली, वरिष्ठ उपाध्यक्ष नसर ख़ालिक़, अनवर जमाल सिद्दीकी, कोषाध्यक्ष असलम अब्बासी, महफूज हुसैन जैदी, सलीम अहमद, सुहेल अहमद फारूकी, तसब्बर हुसैन, अंसार सिद्दीकी, जुबैर खान, तौसीफ़ अली, खुर्शीद अहमद, अफजल अहमद खान, फरियाब खान, जीशान अंसारी, तालिब मंसूरी, फरहाज तारिक मौजूद रहे।



बैठक में मौजूद पदाधिकारी

# यज्ञ भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहरः संदीप आर्य

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** आर्य समाज मन्दिर कमालगंज में रविवार को साप्ताहिक वैदिक यज्ञ एवं सत्संग का आयोजन श्रद्धा एवं उत्साह के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में आर्य समाज के सदस्यों एवं नगरवासियों ने सहभागिता कर विश्व शांति, परिवार की सुख-समृद्धि तथा समाज के कल्याण की कामना से वैदिक मंत्रोच्चार के मध्य यज्ञ में आहुतियाँ अर्पित कीं। संचालन आचार्य संदीप आर्य ने किया। उन्होंने वैदिक विधि-विधान से यज्ञ सम्पन्न कराते हुए कहा कि यज्ञ भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है। नियमित यज्ञ करने से वातावरण शुद्ध होता है, मन में सकारात्मक विचारों का संचार होता है तथा परिवार में प्रेम, सौहार्द और संस्कारों की वृद्धि होती है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक गृहस्थ को अपने जीवन में नित्य यज्ञ को स्थान देना चाहिए, क्योंकि यज्ञ ही उत्तम परिवार और आदर्श समाज के निर्माण का आधार है। साहिल आर्य ने कहा कि युवाओं को अधिक से अधिक संख्या में यज्ञ से जुड़ना चाहिए, क्योंकि आज की व्यस्त दिनचर्या व भागदौड़ में युवा आद्यात्म से दूर होता चला जा रहा है। जिसके कारण युवाओं में आत्मबल व नैतिक मूल्यों की कमी होती जा रही है। यज्ञ करने वाला व्यक्ति आत्मबल से युक्त होकर आध्यात्मिक ऊर्जा को प्राप्त करता है। सत्संग में उपस्थित श्रद्धालुओं ने वैदिक भजनों एवं विचारों का श्रवण कर धर्म, संस्कृति एवं मानवीय मूल्यों को जीवन में अपनाने का संकल्प लिया।

उपस्थित जनों ने समाज में वैदिक संस्कृति के प्रचार-प्रसार का संकल्प लिया तथा प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। कार्यक्रम में सत्यभान, सुमित कुमार, बैभव, उर्मिला आर्या, नीलम कटियार, प्रतीक्षा आदि उपस्थित रहे।




यज्ञ में आहूतियां देते लोग

## खबरें एक नजर में

### 6 जुलाई से 20 जुलाई तक होगा राशन का वितरण

**अंत्योदय कार्डधारकों को मिलेगी चीनी भी**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जिले के राशन कार्डधारकों के लिए फायदा है। खाद्य आयुक्त के आदेशानुसार, जनपद के सभी अंत्योदय और पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को जुलाई 2026 महीने के मुफ्त खाद्यान्न (गेहूं और चावल) का वितरण 6 जुलाई 2026 से शुरू होने जा रहा है। इसके साथ ही अंत्योदय कार्डधारकों को प्रथम त्रैमास अप्रैल, मई और जून की चीनी भी बांटी जाएगी। उचित दर विक्रेताओं के माध्यम से यह वितरण 20 जुलाई तक चलेगा। अंत्योदय कार्डधारक (प्रति कार्ड) इन्हें कुल 35 किलो मुफ्त खाद्यान्न मिलेगा, जिसमें 14 किलो गेहूं और 21 किलो चावल शामिल होगा। इसके अलावा, प्रथम त्रैमास के लिए 3 किलो चीनी 18 रुपये प्रति किलो की दर से कुल 54 रुपये में दी जाएगी। चीनी के लिए पोर्टेबिलिटी की सुविधा मान्य नहीं होगी, लाभार्थियों को चीनी अपनी मूल राशन की दुकान से ही लेनी होगी। पात्र गृहस्थी कार्डधारक प्रति यूनिट इन्हें प्रति यूनिट 5 किलो मुफ्त खाद्यान्न दिया जाएगा, जिसमें 2 किलो गेहूं और 3 किलो चावल शामिल रहेगा। राशन का वितरण पूरी तरह से ई-पॉस मशीन और ई-वेइंग लिंक्ड मशीनों के माध्यम से किया जाएगा, ताकि तौल में कोई गड़बड़ी न हो। ई-पॉस मशीन से निकलने वाली पर्ची पर खाद्यान्न का मूल्य स्पष्ट रूप से शून्य प्रदर्शित होगा। खाद्यान्न के निशुल्क वितरण में पोर्टेबिलिटी की सुविधा उपलब्ध रहेगी केवल चीनी को छोड़कर। यदि किसी उपभोक्ता का आधार प्रमाणीकरण नहीं हो पाता है, तो ऐसे उपभोक्ताओं को वितरण की अंतिम तिथि यानी 20 जुलाई को मोबाइल वेरिफिकेशन के माध्यम से राशन उपलब्ध कराया जाएगा। जनपद के सभी पूर्ति निरीक्षकों को सख्त निर्देश दिए गए हैं कि वे इस अवधि के दौरान अपने-अपने कार्यक्षेत्र में लगातार भ्रमणशील रहें और हर हाल में पारदर्शी वितरण सुनिश्चित कराएं।



### जैन समाज के मुनि आज नगर में करेंगे प्रवचन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जैन समाज के आचार्य श्रीश्री 108 का लखनऊ से फर्रुखाबाद 6 जुलाई को आयेंगे। साथ ही 24 मुनि संतों का पावन संघ भी चल रहा है, जिससे समूचे क्षेत्र में आध्यात्मिक वातावरण का संचार हो रहा है। जानकारी के अनुसार, महाराज का नगर में 6 जुलाई को प्रातः होगा। कादरीगेट होते हुए सहाबगंज चौराहा मार्ग से गुजरेंगे। आगे चलकर महाराज साधबाड़ा स्थित नेमिनाथ दिगंबर जैन मंदिर में दर्शन एवं आशीर्वचन प्रदान करेंगे। दर्शन के उपरांत उनका पावन संघ गुणगांव मंदिर के लिए प्रस्थान करेगा। यह जानकारी राहुल जैन ने दी है।

# मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले में 116 मरीजों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

**एक टाइफाइड मरीज मिला पॉजिटिव**

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।** कस्बा अमृतपुर स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर रविवार को मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। मेले में क्षेत्र के बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने पहुंचकर अपने स्वास्थ्य की जांच कराई और विशेषज्ञ चिकित्सकों से परामर्श प्राप्त किया। शिविर में कुल 116 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा आवश्यकतानुसार सभी को निःशुल्क दवाइयों का वितरण किया गया। मेले में डॉ0 अंशुमान ने मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उनकी समस्याओं के अनुसार उपचार संबंधी सलाह दी। उन्होंने मरीजों को नियमित दवा लेने, संतुलित एवं पौष्टिक भोजन करने, स्वच्छता बनाए रखने तथा किसी भी बीमारी के लक्षण दिखाई देने पर समय से चिकित्सकीय परामर्श लेने की सलाह दी। जांच के बाद जरूरतमंद मरीजों को निःशुल्क दवाइयों का वितरण भी किया गया। शिविर की जानकारी देते हुए डॉ0 गौरव वर्मा ने बताया कि मेले के दौरान मलेरिया की 14 जांचें की गई, जिनमें कोई भी मरीज पॉजिटिव नहीं पाया गया। वहीं टाइफाइड की 8 जांचों में एक मरीज पॉजिटिव मिला, जिसे तत्काल उपचार शुरू कर आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श दिया गया। इसके अलावा 16 लोगों की ब्लड शुगर जांच की गई। जिनमें 9 लोगों का शुगर स्तर सामान्य से अधिक पाया गया। ऐसे मरीजों को नियमित जांच कराने, संतुलित आहार अपनाने, व्यायाम करने और चिकित्सक के निर्देशानुसार दवा लेने की सलाह दी गई। मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का उद्देश्य ग्रामीण एवं कस्बाई क्षेत्रों के लोगों को उनके नजदीक ही बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना है। मेले में आने वाले मरीजों की विभिन्न रोगों की जांच कर उन्हें निःशुल्क दवाएं उपलब्ध कराई गई तथा स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक जानकारी भी दी गई। चिकित्सकों ने लोगों से अपील की कि बरसात के मौसम में संक्रामक बीमारियों से बचाव के लिए साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखें, स्वच्छ पेयजल का सेवन करें तथा बुखार, उल्टी, दस्त या अन्य किसी भी स्वास्थ्य समस्या के लक्षण दिखाई देने पर तुरंत सरकारी स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर जांच एवं उपचार कराएं।



स्वास्थ्य परीक्षण कराते मरीज

### ऋषि समाज सेवा संस्थान के नए कार्यालय का हुआ शुभारंभ

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** रविवार को ऋषि समाज सेवा संस्थान के नए कार्यालय का शुभारंभ महंत दुर्वासा ऋषि आश्रम ईश्वर दास महाराज ने किया। महाराज ने सभी सदस्यों को आशीर्वाद दिया। संस्था से अधिक से अधिक समाज जुड़े इसका प्रचार प्रसार समाज में ठीक तरह से हो संस्था के कार्य पद्धति को लेकर महाराज ने संस्था के द्वारा पुत्र और पुत्री के विवाह पर न्यूनतम 51 हजार रुपए और अधिकतम 5 लख रुपए तथा किसी दुर्घटना में सदस्य के निधन पर संस्था के जितने भी सदस्य होंगे वह 100 प्रति सदस्य के हिसाब से नॉमिनी को सीधे खाते में सहयोग करेंगे। जिससे सदस्य के निधन के बाद उसके परिवार का ठीक से पालन पोषण हो सके। जिन्होंने संस्था में सदस्यता अभियान में सहयोग किया उनको महाराज ने सम्मानित किया। नवनीत मिश्रा ने 126 सदस्य बना, अजय शंकर ने 31 सदस्य बनाए, शशि भूषण यादव ने 27 सदस्य बनाए, सागर श्रीवास्तव ने 13 सदस्य बनाए, अजय कुमार मिश्रा ने 11 सदस्य बनाए, सुमित मिश्रा ने 8 सदस्य बनाए, अमित सक्सेना ने चार सदस्य बनाए, विनय कुमार ने 6 सदस्य बनाए, सुनीत कुमार शर्मा ने चार सदस्य बनाए। सभी को महाराज के द्वारा सभी को शील्ड और अंग वस्त्र उड़कर सम्मानित किया गया। संचालन अध्यक्ष ऋषि दत्त शर्मा गुड्डू पंडित ने किया।



कार्यक्रम में मौजूद ईश्वरदास ब्रह्मचारी, गुड्डू पंडित आदि

# भाजपा व एबीवीपी के कई कार्यकर्ता राष्ट्रवादी नवनिर्माण दल में शामिल

**नगर कार्यकारिणी का हुआ गठन**

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कायमगंज स्थित एक पैलेस में रविवार को राष्ट्रवादी नवनिर्माण दल की बैठक जिला महासचिव गौरव मिश्रा के नेतृत्व में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष पंकज अवस्थी ने की। इस दौरान पार्टी की कायमगंज नगर कार्यकारिणी का गठन किया गया तथा भाजपा और अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) से जुड़े कई कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रवादी नवनिर्माण दल (रानद) की सदस्यता ग्रहण की। जिलाध्यक्ष पंकज अवस्थी ने नव नियुक्त पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र एवं पार्टी का पटका पहनाकर स्वागत किया। उन्होंने कहा कि पार्टी की नीतियों और राष्ट्रवादी विचारधारा से प्रभावित होकर लगातार लोग संगठन से जुड़ रहे हैं, जिससे जिले में पार्टी को मजबूती मिलेगी। अनंत दुबे को नगर अध्यक्ष, बिट्टू शर्मा को नगर महासचिव, अजय दुबे, अवधेश सक्सेना (द्वितीय), अमित द्विवेदी एवं अनुज तिवारी को नगर उपाध्यक्ष बनाया गया। वहीं करन सिंह गंगवार और बंश चौहान को नगर महासचिव, कृष पाल, मौसम कुमार, विनय मिश्रा तथा प्रशांत कश्यप को नगर सचिव का दायित्व सौंपा गया। बैठक में जिला उपाध्यक्ष अनुभव अवस्थी, जिला महासचिव अशोक मिश्रा, जिला महासचिव गौरव मिश्रा सहित पार्टी के अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।



बैठक में नव नियुक्त पदाधिकारी

# अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल के स्थापना दिवस पर हुआ वृक्षारोपण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल के आठवीं स्थापना दिवस के अंतर्गत पौधा रोपण कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें 51 नये पौधे लगाये गए। अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद जिलाध्यक्ष दिनेश सिंह राजपूत की अध्यक्षता में किया आगया। दिनेश सिंह राजपूत ने बताया कि आठवीं स्थापना दिवस के कार्यक्रम के अंतर्गत यह वृक्षारोपण कार्यक्रम किया गया है। जिलाध्यक्ष विष्णु मिश्रा ने पेड़ लगाओ अभियान के तहत सभी कार्यकर्ताओं बताया कि पेड़ लगाना बहुत आवश्यक है। बदलते हुए पर्यावरण को देखते हुए सभी को अपने नाम का एक पेड़ जरूर अवश्य लगाना चाहिए। राष्ट्रीय बिजली विभाग अध्यक्ष अंगद पांडे कोमल ने बताया कि हमारे संस्थापक डॉ0 प्रवीण तोगड़िया की नीतियों के अनुसार अगर हर बात चल तो रस कभी कल्याण हो प्रकृति का भी कल्याण हो और युवा नई दिशा में सोचेगा। समिति का प्रत्येक कार्यकर्ता संगठन के लिए समर्पित है और सदैव राष्ट्र कल्याण के कार्य में तत्परता से लगा रहताह। नगर उपाध्यक्ष व्यापारी परिषद अजीत चौरसिया ने संगठन के कार्यो को कार्यकर्ताओं को निर्देश दिए और कहा कि राष्ट्रीय बजरंग दल अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद का प्रयोग कार्यकर्ता समाज कल्याण के लिए और राष्ट्र कल्याण के लिए सदैव तत्पर रहेगा। सभी ने जय श्री राम, जयकारा वीर बजरंगी, हर हर महादेव के नारे लगाये।



कार्यक्रम में मौजूद पदाधिकारी

## खबरें एक नजर में

### 13 पारिवारिक विवादों में सुलह का प्रयास, 5 दंपतियों का हुआ समझौता



**लखीमपुर-खीरी।** उत्तर प्रदेश शासन के निर्देश पर संचालित मिशन शक्ति अभियान के तहत रविवार को महिला थाना लखीमपुर में पारिवारिक विवादों के मामलों की काउंसलिंग की गई। पुलिस अधीक्षक डॉ. ख्याति गर्ग के निर्देशन में महिला थाना प्रभारी निरीक्षक बबिता पटेल ने काउंसलर कुसुम गुप्ता एवं कय्यूम जरवानी के सहयोग से 13 पारिवारिक विवादों में सुलह-समझौते का प्रयास कराया। काउंसलिंग के दौरान 5 पति-पत्नी आपसी मतभेद भुलाकर साथ रहने को तैयार हुए, जिसके बाद उनकी विदाई कराकर परिवारों को टूटने से बचाया गया। वहीं 4 मामलों में पति-पत्नी के बीच गहरे मतभेद होने के कारण दोनों पक्षों को विचार के लिए समय दिया गया, जबकि 4 मामलों में सुलह के प्रयास सफल नहीं हो सके। इस दौरान महिला थाना की महिला आरक्षी सुमन लता, सारिका चौहान और रेखा गौड़ ने भी सहयोग किया। काउंसलिंग में दोनों पक्षों के परिजन भी मौजूद रहे। उन्हें मिशन शक्ति अभियान के तहत महिला हेल्पलाइन नंबरों के साथ-साथ कन्या सुमंगला योजना, सामूहिक विवाह योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना सहित विभिन्न सरकारी कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देकर जागरूक किया गया।

### व्यापार व्यवहार से आगे बढ़ता है: वीरेंद्र चौधरी



**महराजगंज।** नेपाल से सटे होने के नाते आनन्दनगर कस्बा दिनों दिन व्यवसायिक द?ष्टिकोण से निरन्तर प्रगति करता जा रहा है ।तराई का क्षेत्र होने से यहां व्यापार व्यवहार से आगे बढ़ता जा रहा है। उक्त बातें फरेंदा विधायक वीरेंद्र चौधरी ने वी ,टू , बाजार (माल)का दीपप्रज्जवलन करने के बाद फीता काट कर उद्घाटन करने के पश्चात कहीं। उन्होंने कहा कि आधुनिकता के दौर में डिजाइन की ही विक्री है। दुकानदार वहीं सफल हैं जो ग्राहकों के भावनाओं को समझे। यही कारण है कि आज के परिवेश में माल इसलिए सफल हैं कि उनके पास ग्राहकों को आकर्षित करने का संसाधन हैं। ग्राहक जहां भी जाता है आधुनिक संसाधनों को खोजता है। इसलिए ग्राहकों के अनुरूप व्यवस्था देने पर व्यवसाय बढता जाता है। इसी क्रम में प्रमोद चौधरी ने कहा कि फरेंदा कस्बा शुरू से व्यवसायिक केन्द्र रहा है। ग्राहकों के मांग/चाहत के अनुसार व्यवसाय होने से दिन-प्रतिदिन तरक्की करता जा रहा है। अंत में उन्होंने ने कहा कि व्यवसाय प्रगति तभी करेगा जब ग्राहक सम्मान पायेगा और एक ही छत के नीचे आवश्यक आवश्यकता के सारे सामान पा जायेगा। इस दौरान, कृपाशंकर उपाध्याय,सादाब, जगदीश, एवं संतोष सहित कई दर्जन सम्मानित कार्यकर्ता व व्यवसायी मौजूद रहे। आयोजित उद्घाटन कार्यक्रम में आये सभी सम्मानित अतिथियों के प्रति माल के प्रबंधक रामचंद्र अग्रवाल ने आभार व्यक्त किया।

### मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला में 241 लोगों ने कराया स्वास्थ्य परीक्षण



**हलिया, (मिर्जापुर)।** हलिया ब्लॉक के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला का आयोजन किया गया। मेले में कुल 241 लोगों ने स्वास्थ्य जांच कराकर निशुल्क परामर्श और दवाएं प्राप्त कीं। पीएचसी हलिया में चिकित्सक विवेक खरे ने 57लोगो का उपचार किया इसी प्रकार पीएचसी मतवार में चिकित्सक कामेश्वर तिवारी ने 45,पीएचसी बरौधा डॉक्टर अभिषेक जायसवाल ने 47 पीएचसी ड्रमडगंज डॉक्टर बाल कृष्ण ने 49 लोग पीएचसी मुड़पेली में डॉक्टर मनीष कुमार ने 43 लोगो के सामान्य स्वास्थ्य जांच, ब्लड प्रेशर, शुगर, एनीमिया, और मातृ-शिशु स्वास्थ्य संबंधी जांच की गई। चिकित्सकों ने मरीजों को बीमारियों से बचाव और योग के महत्व के बारे में भी जानकारी दी। प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉक्टर अवधेश कुमार ने बताया कि मेला का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है। लोगों ने मेले में मिल रही सुविधाओं की सराहना की और कहा कि इससे उन्हें समय और पैसे दोनों की बचत हुई। इस दौरान फार्मासिस्ट अजय कुशवाहा, स्टॉफनर्स माया आदि मौजूद रही।

**ग्राम विकास अधिकारी संघ खीरी**

# नई कार्यकारिणी गठित, सोरभ प्रकाश सिंह बने अध्यक्ष

- विकास भवन में हुई बैठक में भंग की गई पुरानी कार्यकारिणी, चुनाव प्रक्रिया के बाद कई पदों पर हुआ मनोनयन

**लखीमपुर-खीरी, समृद्धि न्यूज़।**



उत्तर प्रदेश ग्राम विकास अधिकारी संघ (एशो.) की जनपद शाखा लखीमपुर-खीरी की नई कार्यकारिणी का गठन रविवार को विकास भवन, लखीमपुर-खीरी स्थित सभागार में आयोजित बैठक में किया गया। बैठक संघ के पूर्व निर्धारित एजेंडे के अनुसार संपन्न हुई, जिसमें सर्वसम्मति से पूर्व कार्यकारिणी को भंग कर नई कार्यकारिणी का गठन किया गया।

बैठक की शुरुआत निवर्तमान अध्यक्ष विजय कुमार शर्मा के संबोधन से हुई। इसके बाद संरक्षक जगत पाल एवं उत्तम बंशवार ने अनुराग पाण्डेय को बैठक का सभाध्यक्ष नामित किया। सभाध्यक्ष ने नई कार्यकारिणी के गठन की प्रक्रिया पूरी कराने के लिए ब्रजेश कुमार सविता एवं योगेश वर्मा को निर्वाचन अधिकारी नियुक्त किया। बैठक का संचालन उत्तम बंशवार ने किया। निर्वाचन प्रक्रिया पूरी होने के बाद नई कार्यकारिणी की घोषणा की गई। इसमें सोरभ प्रकाश सिंह को अध्यक्ष तथा अभिषेक कुमार वर्मा को जिला मंत्री चुना गया। इसके अलावा हिमांशु बाजपेई को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, सौरभ वर्मा को प्रांतीय प्रतिनिधि, दिलीप कुमार को कोषाध्यक्ष, आशीष कुमार को संगठन मंत्री बनाया गया। उपाध्यक्ष पद पर राहुल राज एवं प्रियंका सिंह, संयुक्त मंत्री पद पर शशिशेखर मिश्रा एवं ललित कुमार, ऑडिटर पद पर सुनील पंकज, सांस्कृतिक मंत्री पद पर मीतू मिश्रा तथा संचार मंत्री पद पर अनमोल वर्मा को जिम्मेदारी सौंपी गई। बैठक में नई कार्यकारिणी के साथ-साथ सलाहकार, मार्गदर्शक एवं संरक्षक मंडल का भी गठन किया गया। सलाहकार एवं मार्गदर्शक मंडल में राजेश कुमार भार्गव, ब्रजेश कुमार सविता एवं सुरेश कुमार को शामिल किया गया, जबकि संरक्षक मंडल में उत्तम बंशवार, अनुराग पाण्डेय एवं विजय शर्मा को जिम्मेदारी दी गई। संघ पदाधिकारियों ने कहा कि नई कार्यकारिणी संगठन को मजबूत करने, ग्राम विकास अधिकारियों की सेवा संबंधी समस्याओं के समाधान तथा विभागीय कार्यों में समन्वय स्थापित करने की दिशा में सक्रिय भूमिका निभाएगी। बैठक में जनपद के बड़ी संख्या में ग्राम विकास अधिकारी उपस्थित रहे।

### उचौलिया में शारदा नहर से अज्ञात शव बरामद, शिनाख्त के प्रयास जारी

**उचौलिया (खीरी)।** थाना उचौलिया क्षेत्र के ग्राम गढ़ी इब्राहिमपुर के पास रविवार दोपहर शारदा नहर में एक अज्ञात शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। पुलिस ने मौके पर मौजूद लोगों से शव की शिनाख्त कराने का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिली। ग्रामीणों के अनुसार, दो-तीन दिन पहले भी नहर में शव दिखाई देने की सूचना पुलिस को दी गई थी, हालांकि उस समय नहर में पानी अधिक होने के कारण शव को बाहर नहीं निकाला जा सका। लंबे समय तक पानी में रहने से शव काफी हद तक गल चुका है, जिससे पहचान करना कठिन हो गया है। शव की शिनाख्त के लिए पुलिस क्षेत्र में दर्ज गुमशुदगी के मामलों का मिलान कर रही है। इसी क्रम में गुमशुदा लोगों के परिजनों को थाने बुलाकर शव की पहचान कराने का प्रयास किया जा रहा है।

## यातायात पुलिस का विशेष अभियान: 496 वाहनों के चालान, 5.46 लाख से अधिक का जुर्माना

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**



जनपद में सड़क सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से यातायात पुलिस ने रविवार को विशेष चेकिंग अभियान चलाकर यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ व्यापक कार्रवाई की। पुलिस अधीक्षक डॉ. ख्याति गर्ग के निर्देशन तथा अपर पुलिस अधीक्षक एवं क्षेत्राधिकारी यातायात के पर्यवेक्षण में संचालित अभियान का नेतृत्व यातायात प्रभारी (टीएसआई) सचिन गंगवार ने किया। जिले के प्रमुख चौराहों, राजापुर, खीरी व संटहा सहित विभिन्न स्थानों पर हुई सघन चेकिंग के दौरान 496 वाहनों का चालान करते हुए 5 लाख 46 हजार 500 रुपये का शमन शुल्क अधिरोपित किया गया।अभियान के तहत 4 जुलाई की रात 8 बजे से 11 बजे तक ट्रकों एवं अन्य वाहनों के विरुद्ध भी विशेष कार्रवाई की गई। इस दौरान एक ट्रक, दो कार, दो मैजिक और नौ मोटरसाइकिल समेत कुल 14 वाहनों को सीज किया गया। पुलिस का कहना है कि यह अभियान सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने और यातायात नियमों के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से चलाया गया। कार्रवाई के दौरान सबसे अधिक 341 चालान बिना हेलमेट वाहन चलाने वालों के किए गए। इसके अलावा 25 मॉडिफाइड साइलेंसर, 20 प्रेशर हॉर्न, 19 गलत नंबर प्लेट, 13 ओवरलोडिंग, 26 तीन सवारी, 15 बिना ड्राइविंग लाइसेंस, 8 नो-पार्किंग, 26 सीट बेल्ट का प्रयोग न करने तथा मोबाइल फोन का प्रयोग करते हुए वाहन चलाने सहित अन्य यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध भी कार्रवाई की गई। यातायात प्रभारी सचिन गंगवार ने बताया कि सड़क सुरक्षा से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। लोगों से हेलमेट और सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से प्रयोग करने, निर्धारित गति सीमा का पालन करने तथा वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग न करने की अपील की गई है। उन्होंने कहा कि यातायात नियमों का पालन कराने के लिए ऐसे विशेष अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेंगे।

### तेज आंधी-बारिश से सब स्टेशन के सभी फीडर बंद, क्षेत्र में बत्ती गुल

**हलिया, (मिर्जापुर)।** हलिया 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र पर रविवार को तेज आंधी व बारिश के कारण एहतियातन सभी फीडरों की सप्लाई बंद कर दी गई। इससे हलिया क्षेत्र के दर्जनों गांवों की बिजली गुल हो गई। विद्युत उपकेंद्र के अधिकारियों के अनुसार तेज हवा व बारिश में तार टूटने, पेड़ गिरने व फॉल्ट की आशंका बढ़ जाती है। जनहानि रोकने के लिए सभी फीडरों को शटडाउन किया गया है। विभाग ने बताया कि मौसम साफहोने व लाइन पेट्रोलिंग के बाद ही सप्लाई चालू की जाएगी। लाइन में फॉल्ट मिलने पर उसे ठीक करने के बाद ही बिजली बहाल व आंधी से क्षेत्र के हलिया, मटिहरा, राजपुर, बेलगवा, बरौही सहित आसपास के गांवों में अंधेरा छा गया है। उपभोक्ताओं से धैर्य बनाए रखने की अपील की गई है। विद्युत विभाग ने लोगों से अपील की है कि बारिश में बिजली के खंभों, तारों व ट्रांसफार्मर से दूर रहें। किसी भी फॉल्ट की सूचना तत्काल सब स्टेशन पर दें।

## चमइनिया फार्म के पास फिर दिखा जंगली गौर



- दहशत में ग्रामीण, वन विभाग ने बढ़ाई निगरानी

**महराजगंज, समृद्धि न्यूज।**

सोहगीबरवां वन्यजीव प्रभाग के निचलौल रेंज अंतर्गत चमइनिया फार्म के पास जंगली गौर (सांड) दिखाई देने से क्षेत्र के ग्रामीणों और किसानों में दहशत फैल गई है। गौर के लगातार दूसरे स्थान पर देखे जाने के बाद किसान खेतों में जाने से कतरा रहे हैं और खेती-किसानी का कार्य भी प्रभावित होने लगा है। करीब दो सप्ताह पूर्व निचलौल रेंज के लेदी जंगल के आसपास भी जंगली गौर देखा गया था। उस घटना के बाद क्षेत्र में भय का माहौल बना हुआ था। अब चमइनिया फार्म के पास सुधीर सिंह के खेत के निकट गौर के फिर दिखाई देने से ग्रामीणों की चिंता और बढ़ गई है। लोग सुबह और शाम खेतों में अकेले जाने से बच रहे हैं। ग्रामीणों ने वन विभाग से क्षेत्र में गश्त बढ़ाने और लोगों को सतर्क करने की मांग की है। उनका कहना है कि जंगली गौर के आबादी के नजदीक आने से कभी भी अप्रिय घटना हो सकती है। निचलौल के रेंजर सुनील राव ने बताया कि जंगल क्षेत्र में गौर प्रजाति के जंगली सांड के होने की सूचना मिली है। यह वन्यजीव काफी शक्तिशाली और कई बार आक्रामक भी हो सकता है। इसलिए लोगों से अपील की गई है कि वे उससे सुरक्षित दूरी बनाए रखें और उसके दिखाई देने पर तत्काल वन विभाग को सूचना दें। उन्होंने बताया कि वन विभाग की टीम को गौर की गतिविधियों पर लगातार नजर रखने तथा प्रभावित क्षेत्र में निगरानी बढ़ाने के निर्देश दिए गए हैं।

### मेधावियों का सम्मान, जीएस नेशनल पब्लिक स्कूल में म्यूजिक क्लास का शुभारंभ

**महराजगंज।** बृजमनगंज स्थित जीएस नेशनल पब्लिक स्कूल में आयोजित सम्मान समारोह में सीबीएसई बोर्ड हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। विद्यालय प्रबंधन ने विद्यार्थियों को प्रशस्ति-पत्र, स्मृति चिह्न तथा 2100 रुपये से 5100 रुपये तक की प्रोत्साहन राशि के चेक प्रदान कर उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर विद्यालय में म्यूजिक क्लास का भी विधिवत शुभारंभ किया गया। मुख्य अतिथि पूर्व विधायक बजरंग बहादुर सिंह एवं विशिष्ट अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष राकेश जायसवाल ने संयुक्त रूप से उद्घाटन किया। अतिथियों ने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ संगीत, कला और सांस्कृतिक गतिविधियां विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का महत्वपूर्ण आधार हैं। उन्होंने कहा कि ऐसी पहल बच्चों की रचनात्मक प्रतिभा को निखारने के साथ उनमें आत्मविश्वास और अनुशासन का भी विकास करती है। प्रधानाचार्य पूनम श्रीवास्तव ने कहा कि विद्यार्थियों की सफलता उनके निरंतर परिश्रम, शिक्षकों के समर्पित मार्गदर्शन तथा अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। उन्होंने कहा कि विद्यालय भविष्य में भी शिक्षा के साथ-साथ विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास के लिए विभिन्न नवाचार करता रहेगा। विद्यालय के प्रबंधक नवीन सिंह एवं निदेशक विकास सिंह ने बताया कि बच्चों की छिपी हुई प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने के उद्देश्य से म्यूजिक क्लास की शुरुआत की गई है। उन्होंने कहा कि मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान अन्य छात्रों को बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित करता है। कार्यक्रम में संचालक गोपाल सिंह, विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं, अभिभावक तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। समारोह में विद्यार्थियों की उपलब्धियों पर सभी ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

